सुप्रभात
रांची, रविवार
10.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 147

06 योग में सही जीवन जीने का ज्ञान

## न्यूज डायरी

### पीएम और सीएम हेमंत ने सोनिया को दी बधाई

**नयी दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के 77वें जन्मदिन पर पीएम मोदी ने भी उन्हें बधाई दी। एक्स पर पीएम मोदी ने सोनिया गांधी के जन्मदिन पर बधाई के अलावा लंबी उम्र और स्वस्थ जिंदगी की भी कामना की।

### ममता ने पीएम मोदी से मांगा मुलाकात का समय

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा है कि केंद्र पर राज्य के बकाये हिस्से के भुगतान की मांग को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने 18 से 20 के बीच मिलने का समय देने का आग्रह किया है।

### दिव्यांगों को सहानुभूति नहीं चाहिए : धनखड़

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति का पात्र नहीं बल्कि उन्हें उनके ज्ञान, झुकाव, योग्यता और विशेषज्ञता के लिए मान्यता का पात्र माना जाना चाहिए।

### एसआइटी ने लॉरेंस गैंग के दो शूटर्स दबोचे

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर्स के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की मुठभेड़ शनिवार को हुई जिसके बाद दो शूटरों को दबोचा गया है। इन शूटर्स पर कई पुराने मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपी गोल्डी बरार-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शूटर हैं।

### सांसद दानिश अली बसपा से निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अमरोहा लोकसभा के सांसद दानिश अली को अनुशासनहीनता के आरोप में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से निलंबित कर दिया गया है।

### तेलंगाना : 11 मंत्रियों को मिल गये विभाग

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने नये मंत्रिमंडल में 11 मंत्रियों के शपथ लेने के दो दिन बाद शनिवार को उन्हें विभागों का आवंटन कर दिया है।

### कैश कांड पर दिल्ली में भाजपा का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** सांसद धीरज साहू से लगभग 300 करोड़ रुपये बरामद होने पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी के विरोध में शनिवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने अकबर रोड पर प्रदर्शन किया। कहा कि पीएम मोदी की गारंटी है कि यह देश भ्रष्टाचारियों से मुक्त होगा।

### गृह मंत्री अमित शाह आज बिहार दौरे पर

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज यानी रविवार को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में गृह मंत्री हिस्सा लेने वाले हैं। गृह मंत्री के अलावा चार राज्यों के प्रतिनिधि भी बैठक में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# डबल इंजन की सरकार ने जमकर लूटा : हेमंत

## केंद्र पर हमला - पहले कहते थे न खाऊंगा, न खाने दूंगा, पर अब न काम करूंगा, न करने दूंगा

**देवघर में सरकार आपके द्वार**

- युवाओं की मदद से बदल रहे हैं झारखंड की तकदीर
- 60.30 लाख लोगों को दे रहे हैं पेंशन
- 255 करोड़ की 64 योजनाओं का शिलान्यास
- लाभुकों के बीच 7.96 करोड़ की परिसंपत्ति बांटी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**देवघर, रांची।** देवघर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले ये कहते थे न खाऊंगा, न किसी को खाने दूंगा, लेकिन अब कहते हैं कि न काम करूंगा, न काम करने दूंगा। इसके साथ ही हेमंत सोरेन ने पिछली सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि 13-14 साल तक एक हाथ से जब इस राज्य को नहीं लूट सके तो 2014 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद दोनों हाथों से राज्य को लूटा। पर अब स्थिति बदल रही है। सीएम ने कहा कि आपकी सरकार बनने के बाद तीसरी बार सरकार आपके दरवाजे पर पहुंची है। 20 सालों में जो पदाधिकारी कभी आपके गांव नहीं गये, आज गांव-गांव, टोला-टोला जा रहे हैं। आपके दरवाजे पर कैंप लगा कर योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में अधिकारी केवल टेबल पर बैठकर फाइल आगे पीछे करते थे। आज अधिकारी आप लोगों के बीच जा रहे हैं। योजनाओं का लाभ दिला रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)



### पड़ोसी राज्यों से की पेंशन की तुलना, मुफ्त शिक्षा पर जोर

सीएम ने कहा कि हम सभी बुजुर्ग, विधवा और दिव्याग को प्रति माह एक हजार पेंशन देते हैं। वहीं बिहार में सिर्फ 400 रुपये मिलते हैं। ओड़िशा में 500 रुपये पेंशन मिलता है। छत्तीसगढ़ में 350 रुपये पेंशन मिलता है। झारखंड सरकार गरीब होनहार बच्चों को मुफ्त शिक्षा दे रही है।

### केंद्र के कारण सुंदर पहाड़ी में फैली बीमारी

सीएम ने केंद्र सरकार पर हमला बोला और कहा कि सुंदर पहाड़ी पर पहाड़िया लोगों के बीच कालाजार और तरह- तरह की बीमारियां फिर से फैली हैं, इसका कारण केंद्र सरकार है। केंद्र ने आवास आवंटन का पैसा रोक दिया, जिससे उनके घर नहीं बने। सभी को पता है कि ये बीमारियां गरीबों की बीमारी हैं। अगर उनके पास घर होते तो उनमें बीमारियां नहीं फैलती। केंद्र सरकार को इससे कुछ लेना देना नहीं है। सीएम ने कहा कि इन सभी गरीबों को झारखंड सरकार खुद से घर देगी। अबुआ आवास के तहत तीन कमरों का घर दिया जायेगा। पहले की तरह मुर्गीखाना नहीं दिया जायेगा।

### सीएम ने बाबा बैद्यनाथ से की खुशहाली की कामना

**सीएम हेमन्त सोरेन** शनिवार को देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा अर्चना की। उन्होंने बाबा की पूजा कर राज्य की उन्नति, अमन-चैन, सुख-शांति-समृद्धि और राज्यवासियों की खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हिस्सा लेने से पूर्व वह बाबा का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे।

### 13 को नाला में सीएम हेमंत का कार्यक्रम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 दिसंबर को जामताड़ा जिले के नाला जायेंगे। मुख्यमंत्री नाला प्रखंड में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसकी तैयारी को लेकर डीसी शशि भूषण मेहरा ने कहा कि 13 को नाला प्रखंड में सीएम के संभावित आगमन एवं कार्यक्रम में योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास, परिसंपत्ति वितरण किया जाना है। इसके लिए सभी पदाधिकारी उद्घाटन, शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण से संबंधित सूची तैयार कर जल्द उपलब्ध करायें।




**गृह मंत्री अमित शाह ने ऋषिकेश में की गंगा आरती**

ऋषिकेश। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को ऋषिकेश में गंगा की आरती की और देश और प्रदेश में की अमन-चैन और खुशहाली की कामना की। उनके साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी गंगा पूजन किया और गंगा आरती में शामिल हुए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बोले मोदी

# झूठी घोषणा से कभी कुछ नहीं हो सकता, दिल जीतें चुनाव जीतें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मोदी की गारंटी' में दम है। उन्होंने कहा, कुछ राजनीतिक दल यह नहीं समझते कि झूठी घोषणाओं से उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। लोगों का दिल जीतने से ही आप चुनाव भी जीत सकते हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने से पहले लोगों का दिल जीतना जरूरी है। लोगों की बुद्धिमता को कम आंकना सही नहीं है। पीएम विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि अगर उन्होंने स्वार्थ के बजाय सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव, मुसीबतों व तकलीफों में नहीं रहती। (शेष पेज 11 पर)



### रांची के किन्नर से भी की बात

मोदी ने जिन लाभार्थियों के साथ बातचीत की, उनमें एक किन्नर समुदाय की मोना भी शामिल थीं। वह रांची की है और पीएम स्वनिधि योजना से 10,000 का ऋण लेने के बाद अब चंडीगढ़ में एक चाय की दुकान की मालकिन हैं। पीएम मोदी जोर दिया कि किन्नर समुदाय सरकारी योजनाओं का अधिक लाभ उठाये। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास की केंद्र सरकार की भावना को रेखांकित किया और कहा कि विकास समाज के हर तबके तक पहुंच रहा है।

**मेरे लिए हर गरीब वीआइपी :** पीएम मोदी ने कहा, हमारी सरकार 'माई-बाप' सरकार नहीं है, बल्कि माता-पिता की सेवा करने वाली सरकार है। जिस तरह एक बच्चा अपने माता-पिता की सेवा करता है, उसी तरह यह मोदी आपकी सेवा के लिए काम करता है। उन्होंने कहा, मोदी गरीबों, वंचितों की परवाह करता है, जिनकी किसी को परवाह नहीं थी। जिनके लिए कार्यालयों के दरवाजे बंद कर थे, मोदी न केवल उनकी देखभाल करता है, बल्कि वह उनकी पूजा करता है। मेरे लिए हर गरीब वीआइपी है, हर मां, बेटी, बहन वीआइपी है, हर किसान वीआपी है, हर युवा वीआइपी है। उन्होंने कहा कि लेकिन सवाल यह है कि देश उन लोगों पर भरोसा क्यों नहीं करता जो हमारा विरोध करते हैं।

# सांसद के रांची आवास से तीन बैग बरामद

## चौथे दिन भी आइटी छापा और नोटों की गिनती जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रांची के रेडियम रोड स्थित आवास में चौथे दिन भी आइटी अधिकारियों ने छापेमारी की। सीआइएसएफ जवान की मौजूदगी में छापेमारी में तीन बैग बरामद किये गये। हालांकि उसमें क्या है इसकी जानकारी नहीं दी गयी। श्री साहू के रांची स्थित आवास पर इनकम टैक्स की टीम ने कुछ प्रिंटर और जेरॉक्स पेपर मंगवाया।

**10 स्थानों पर छापेमारी :** आयकर विभाग की टीम ने राज्यसभा सांसद धीरज साहू से संबंधित कंपनियों के झारखंड-ओड़िशा और बंगाल के 10 स्थानों पर छापेमारी की। ओड़िशा में तीन सौ करोड़ से अधिक की राशि अधिकारियों के हाथ लगी है। बरामद कैश की गिनती अब भी जारी है। जांच टीम ने मशीनों का उपयोग करके नोटों की गिनती की और 157 बैगों में भरकर उन्हें एक ट्रक पर लोड कर बैंक में पहुंचाया गया।

### इनोवा में रखा गया था बैग



पहली गाड़ी से तीन बैग उतारे गये, फिर उसे अंदर से भरकर लाया गया। तीनों बैग को धीरज साहू के आवास से इनोवा गाड़ी से ले जाया गया। इससे पहले धीरज साहू के लोहरदगा स्थित आवास पर आइटी छापेमारी की थी, जो खत्म हो गयी। जांच टीम छापेमारी पूरी करने बाद लौट गयी है। इस दौरान आईटी की टीम ने धीरज साहू के लोहरदगा स्थित आवास से कई बैग लेकर अपने साथ निकली। बताया जा रहा है कि उस बैग में नगद और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। हालांकि, ओड़िशा में आईटी की कार्रवाई अब भी जारी है।

## मध्यप्रदेश को लेकर सोमवार को भाजपा व पर्यवेक्षकों की बैठक

# छग व राजस्थान में आज तय होगा सीएम का नाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा की छत्तीसगढ़ (छग) और राजस्थान में विधायक दल की बैठक रविवार को होगी। वहीं मध्यप्रदेश के विधायक दल की बैठक सोमवार को बुलायी गयी है। इन बैठकों में मुख्यमंत्री का नाम पर अंतिम फैसला लिया जा सकता है। तीनों ही राज्यों के लिए पार्टी ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है।

छत्तीसगढ़ और राजस्थान में रविवार को और मध्य प्रदेश में सोमवार को विधायकों की बैठक होगी, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव होगा। छत्तीसगढ़ में विधायक दल का नेता चुनने के लिए भाजपा के नवनिर्वाचित 54 विधायकों की रविवार को बैठक बुलायी गयी है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा -इस पर 'सस्पेंस' खत्म होने की संभावना है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने शनिवार को संवाददाताओं को बैठक के बारे में जानकारी दी। पार्टी के तीन पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सबानंद सोनोवाल तथा पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम बैठक में मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर, केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया और राज्य के लिए पार्टी के सह-प्रभारी नितिन नबीन भी वहां मौजूद रहेंगे। चर्चा है कि तीन बार सीएम रह चुके रमन सिंह की जगह किसी ओबीसी या आदिवासी मुख्यमंत्री चुना जा सकता है। आदिवासी समुदाय से आने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय, विधायक चुने जाने के बाद केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा देने वाली रेणुका सिंह, राज्य के पूर्व मंत्री रामविचार नेताम और लता उसेंडी तथा विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद सांसद पद से इस्तीफा देने वाली गोमती साय दावेदारों में शामिल हैं।



राजस्थान में सीएम चयन को लेकर गहमा गहमी जारी है। राजस्थान के लिए तीन पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह, विनोद तावडे और सरोज पांडेय नियुक्त किया है। इनमें तावडे और सरोज पांडेय के शनिवार शाम और राजनाथ सिंह के रविवार को जयपुर पहुंचेंगे। रविवार को ही विधायक दल की बैठक होगी जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

# झारखंड की जेलों पर भार बने साइबर अपराधी

- देवघर जेल का हर चौथा कैदी साइबर फ्रॉड
- दो महीने में साइबर अपराध खत्म करने का दावा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के साइबर और अपराध से प्रभावित जिलों की जेलों में साइबर अपराधी मुसीबत बन गये हैं। झारखंड के जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह और धनबाद जैसे जेलों में बंद कैदियों में से आधी संख्या साइबर अपराधियों की है। लगातार कार्रवाई से साइबर अपराधी सलाखों के पीछे पहुंच रहे हैं। आलम यह है कि जेल में क्षमता से अधिक कैदी हो गये हैं। देवघर जेल में तो हर चौथा कैदी साइबर अपराधी है। झारखंड झारखंड सीआइडी का दावा है कि दो माह में साइबर अपराध पर काबू पा लेंगे। लोगों की गाढ़ी कमाई लूटने वालों को सलाखों के पीछे भेज दिया जायेगा।

**6 माह में 1250 साइबर अपराधी जेल गये :** राज्य में साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी का आंकड़ा चौंकानेवाला है। सीआइडी के अनुसार मात्र तीन जिलों देवघर, गिरिडीह और जामताड़ा से पिछले 6 महीने में 1250 साइबर अपराधी जेल गये हैं। बड़ी संख्या में साइबर अपराधियों के गिरफ्तार होने से आलम इन जेल में आधे से अधिक संख्या साइबर अपराधियों की हो गयी है। सबसे बुरी स्थिति देवघर जेल की है। देवघर जेल की कुल क्षमता मात्र 350 कैदियों की रखने की है लेकिन इस जेल में औसतन हर महीने 50 साइबर अपराधी गिरफ्तार कर भेजे जा रहे हैं। गिरिडीह और जामताड़ा के जेलों का भी कुछ ऐसा ही हाल है। पिछले तीन सफ्ताह में 228 साइवर अपराधी धराये हैं, जिनमें देवघर से सबसे ज्यादा 103 है। (शेष पेज 11 पर)



### किसी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे : अनुराग गुप्ता

झारखंड सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता के अनुसार साइबर अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। साइबर क्राइम ब्रांच की टीम जिस तरह से साइबर अपराधियों को पकड़-पकड़ कर सलाखों के पीछे पहुंचा रही है, इससे जल्दी यह समस्या झारखंड से खत्म हो जायेगी। श्री गुप्ता के अनुसार अपराधियों पर नकेल कसने में सीआईडी का अपना एप प्रतिबिंब का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रतिबिंब की वजह से पुलिस को साइबर अपराधियों के बारे में सटीक सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। प्रतिबिंब को लांच हुए मात्र एक महीने हुए हैं लेकिन एप ने पूरी तरह से 3 सप्ताह पूर्व ही काम करना शुरू किया है, लेकिन मात्र तीन सप्ताह में ही प्रतिबिंब की सहायता से 228 साइबर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है। सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने दावा किया है कि अगले दो महीने में झारखंड से साइबर अपराध का खात्मा कर दिया जायेगा। साइबर अपराध अगले दो महीने तक खत्म करने का टारगेट भी रखा गया है।

# आइएसआइएस के 15 आतंकी गिरफ्तार

## एनआइए ने 44 जगहों पर की छापेमारी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने शनिवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन आइएसआइएस की आतंकी साजिश मामले में कर्नाटक और महाराष्ट्र में 44 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान आइएसआइएस से जुड़े 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने सभी संदिग्ध ठिकानों पर तलाशी ली। दस्तावेजों की पड़ताल की। संदिग्धों के ठिकानों पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी की गयी। यह मामला आरोपी व्यक्तियों और उनके सहयोगियों द्वारा रची गयी एक आपराधिक साजिश से संबंधित है। उन्होंने अल-कायदा और आईएसआईएस सहित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की हिंसक चरमपंथी विचारधारा को बढ़ाने प्रतिज्ञा की थी और एक आतंकवादी गिरोह बनाया था। आतंकवादी संगठनों ने भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए हिंसक जिहाद छेड़ने के लिए धार्मिक क्लास लगाने के अलावा समान विचारधारा वाले युवाओं को अपने साथ शामिल किया था। (शेष पेज 11 पर)

# आइटी रेड पर भाजपा और कांग्रेस-झामुमो के बीच सियासत गरम

## मुहब्बत की दुकान से निकले ₹300 करोड़ नकद, प्रदेश भाजपा आक्रामक

### आज सभी जिला मुख्यालयों में पार्टी का आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश भाजपा मुख्यालय में शनिवार को सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से हुए 300 करोड़ से ज्यादा नकदी की बरामदगी की खबर पर प्रधानमंत्री की ट्वीट के बाद भाजपा आक्रामक हो गयी है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस झामुमो पर कड़ा प्रहार किया। करोड़ों नकद राशि को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बताते हुए धीरज साहू पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की।



प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा के विधायकों ने प्रेसवार्ता कर प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा की गई मांगों को दोहराया तथा कांग्रेस झामुमो के भ्रष्टाचार में लिप्त होने के इतिहास को उजागर किया। आज 11 बजे पूर्वाह्न सभी जिला मुख्यालयों में पार्टी के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन आयोजित किया गया है। आज रांची जमशेदपुर, सीपी सिंह, खूंटी नीलकंठ सिंह मुंडा, गुमला सांसद सुदर्शन भगत, सिमडेगा कोचे मुंडा, लोहरदगा समरीलाल, पुष्पा देवी, पलामू रामचंद्र चंद्रवंशी, गढ़वा भानु प्रताप शाही, चतरा किशुन दास, लातेहार आलोक चौरसिया, हजारीबाग जेपी पटेल, कोडरमा नीरा यादव, गिरिडीह केदार हाजरा, धनबाद राज सिन्हा, बोकारो बिरंची नारायण, जामताड़ा ढुल्लू महतो, दुमका रणधीर सिंह, पाकुड़ एवम साहेबगंज अनंत ओझा, चाईबासा एवम सरायकेला खरसावां में अपर्णा सेन गुप्ता ने प्रेसवार्ता की।

## सांसद धीरज साहू का केस ईडी को सौंपा जाये : सीपी



**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 300 करोड़ से ज्यादा नकद बरामदगी के बाद सियासत गरमा गयी है। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने भी धीरज साहू को गिरफ्तार कर इस केस को ईडी को सौंपने की मांग की है। सीपी सिंह ने धीरज साहू की संसदीय भी सदस्यता खत्म करने की मांग की है। विधायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में भ्रष्टाचार के नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। देश के इतिहास में पहली बार किसी छापेमारी में रिकॉर्ड नगद राशि बरामदगी हुई है। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में लगे हैं।

## आइटी रेड पर पीएम का ट्वीट दुर्भाग्यपूर्ण : कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को लेकर किये जा रहे सनसनी खेज पर प्रधानमंत्री के ट्वीट को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। नेताओं ने कहा प्रधानमंत्री के ट्वीट के बाद से तो भाजपा नेताओं में सनसनी फैलाने और बयानबाजी की होड़ मच गई है। देश के हजारों करोड़ों रुपए लेकर बड़े-बड़े व्यापारी इस देश से लेकर फरार हो गए उनको लेकर प्रधानमंत्री जी ने आज तक कोई ट्वीट नहीं किया। आलोक दूबे ने कहा धीरज प्रसाद साहू का परिवार प्रतिष्ठित परिवार है। पिछले आठ दशक से भी अधिक समय से यह परिवार व्यापारिक परिवार है और देश का बड़ा कारोबारी है। इसलिए किसी को बदनाम करने से पहले हकीकत की जानकारी जरुर लेनी चाहिए।

कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि पैसा रखने के तरीके पर सवाल उठाया जा सकता है लेकिन पैसा अवैध है, गलत है, डकैती की गई है या हवाला का है ऐसी खबरें फैलाकर पूरे परिवार को बदनाम करना उचित नहीं है। एजेंसियां जांच करें, सच्चाई सामने आए, किसी को इससे इनकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के ट्वीट ने पूरे भाजपा के और देश के एजेंसियों और मीडिया को एक अवसर प्रदान कर दिया है। उन्होंने कहा भाजपा नेताओं के बयान खुद में विरोधाभास हैं। किसी ने कहा



रुपए इतने दिनों से हैं कि वह गीला हो गया है इसलिए 4 मशीन खराब हो गयी तो किसी ने कहा कि पैसे का उपयोग सरकार गिराने के लिए था इसलिए गिरफ्तारी होनी चाहिए। भाजपा के नेताओं के पास हजारों हजार करोड़ रुपए हैं वहां क्यों नहीं छापेमारी होती है।

डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा भारतीय जनता पार्टी का यह आरोप कि सरकार खरीदने और बेचने का साजिश थी, पूरा देश जानता है कि सरकार खरीदने और बेचने में किसको महारत हासिल है जब से भाजपा की सरकार देश में आई है, सब जानते हैं जनादेश किसी को भी मिले सरकार भाजपा की ही बनेगी। गोवा, मध्य प्रदेश, मणिपुर, महाराष्ट्र, झारखंड इसके कुछ उदाहरण हैं। जिस परिवार का देश और राज्य में एक सकारात्मक दृष्टिकोण एवं योगदान रहा हूं ऐसे परिवार का चरित्र हनन किया जाना उचित नहीं है।

## झामुमो सरकार के सहयोग के बिना कांग्रेसी नेता का भ्रष्टाचार संभव नहीं : दीपक प्रकाश

### इंडिया गठबंधन को बताया भ्रष्टाचार का पोषक और संरक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के राज्यसभा सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने शनिवार को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के कई ठिकानों पर पड़े आईटी छापे और करोड़ों रुपये की बरामदगी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने झारखंड में कांग्रेस की समर्थन में झामुमो की चल रही सरकार से इस्तीफे की मांग की है। श्री प्रकाश ने कहा कि जब जब कांग्रेस सत्ता में आई है, भ्रष्टाचार को बोलबाला रहा है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस के नेता राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां करोड़ों रुपये मिले है, उसका कांग्रेस के नेता राहुल गांधी से प्रगाढ़ संबंध है। अभी तो सिर्फ कैश बरामद हुए हैं। अभी आगे देखिए हजारों करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति का पता लगना बाकी है। इसलिए इस केस की जांच इडी और सीबीआई से हो। श्री प्रकाश ने इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचार का पोषक और संरक्षक बताया। वहीं मोदी सरकार को भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने की गारंटी बताया। उन्होंने धीरज साहू प्रकरण में राज्य के मुख्यमंत्री की चुप्पी पर संदेह जाहिर करते हुए कहा कि कहीं इस पैसे में सरकार का भी हिस्सा है, इसलिये वे चुप हैं।

## झामुमो प्रवक्ता का बयान चोरी और सीनाजोरी वाला : प्रदीप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री वर्मा ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो में केवल सरकार चलाने का गठबंधन नहीं हुआ है, बल्कि एक दूसरे के भ्रष्टाचार पर हो रही कार्रवाई के खिलाफ भी बोलने का समझौता है। कहा कि जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो नेताओं के भ्रष्टाचार उजागर होते हैं तो कांग्रेस पार्टी उनके बचाव में आंदोलन करती है और जब कांग्रेस का मामला उजागर होता है तो झामुमो बचाव में आ जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झामुमो की यह दोस्ती पुरानी है। लेन-देन का इतिहास पुराना है। श्री वर्मा ने कहा कि झामुमो यह क्यों नहीं बता रहा कि आखिर किस कानून में 300 करोड़ से भी अधिक



नकद रुपये घर में रखने की इजाजत है? भ्रष्टाचार कांग्रेस झामुमो के डीएनए में शामिल है। उन्होंने कहा कि झामुमो प्रवक्ता खुद असमंजस में विरोधाभासी बयान दे रहे हैं। एक तरफ कहते हैं जांच एजेंसी बताएगी तब मानेंगे। दूसरी तरफ झारखंड में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ ईडी ने कई बार एफआईआर करने के लिए पत्र लिखे हैं लेकिन मुख्यमंत्री कुंडली मारकर बैठे हैं। कहा कि झामुमो पूछताछ की बात कर रहा है लेकिन दूसरी ओर मुख्यमंत्री जी ईडी के पांच समन के बाद भी पूछताछ के लिए नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो सत्ता के बल पर चित भी मेरी और पट भी मेरी की भाषा बोल रहा।

## यह आइटी विभाग का रूटीन वर्क है, मगर भाजपा के पेट में दर्द क्यों: सुप्रियो भट्टाचार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के ठिकानों से राशि का बरामद होना व आयकर विभाग की छापेमारी का, सब रूटीन वर्क है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि आईटी विभाग का यह रुटीन वर्क है। इससे पहले किसी उद्योगपति के यहां छापेमारी नहीं हुई है क्या? पैसा कहां से आया? किसका पैसा है? आइटी द्वारा यह सब पता लगा लिया जाएगा। भाजपा वालों के पेट में क्यों दर्द हो रहा है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने सांसद धीरज साहू प्रकरण पर अपनी बातों का रखा और भाजपा पर जमकर पलटवार किया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आईटी रेड को लेकर कई प्रकार की बातें हो रही हैं। जब तक आधिकारिक बयान नहीं आ जाता, तबतक कुछ भी कहना जल्दबाजी है। मगर



भाजपा वाले लगातार अनाप-शनाप बोल रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए सुप्रियो ने कहा कि किसका-किसका पैसा है, लगता है यह बाबूलाल मरांडी को पता है। प्रधानमंत्री संवैधानिक दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। संसद सत्र चल रहा है लेकिन वे प्रकाशित खबर को पोस्ट करते और भाजपा के सारे नेता डमरू लेकर शुरू हो जाते हैं। राजनीति रंग देने के लिए प्रकरण पर जबरदस्ती बयानबाजी की जा रही है, यह गलत है। आईटी जांच चल रही है, रिपोर्ट के बाद सब कुछ सामने आ जाएगा।

## सामाजिक और राजनीतिक रूप से सांसद धीरज साहू को किया जा रहा है बदनाम : राजेश गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अभी तक आयकर अधिकारियों का कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बावजूद इसके धीरज साहू के विरुद्ध षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्हें सामाजिक और राजनीतिक रूप से बदनाम किया जा रहा है। बलदेव साहू ग्रुप ऑफ कंपनीज में धीरज साहू सहित छह भाई, उनके परिजनों और मित्र जनों का फर्म है। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यह फर्म अन्य कई व्यापार दशकों से चल रहा है। श्री गुप्ता ने कहा कि रिटेल के सैकड़ों शराब दुकान है जिसमें अधिकांश पैसे नगद बिक्री से प्राप्त होता है। यह मामला आयकर से संबंधित है। फाइनेंशियल स्टेटमेंट बैलेंस शीट और प्रॉफिट लॉस




अकाउंट देखने की चीज है। अभी तक किसी भी आयकर के बड़े अधिकारियों ने इस पैसे के संदर्भ में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वैसी स्थिति में राज्यसभा सांसद धीरज साहू के नाम लेकर उनका सामाजिक और राजनीतिक रूप से बड़े पैमाने पर बदनाम किया जा रहा है। जिसे राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रेस वार्ता में वित्तीय मामलों के जानकार विद्याधर प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा महानगर अध्यक्ष विष्णु कुमार, स्वराज कुमार, शुभम प्रसाद आदि उपस्थित थे।


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(नजारत शाखा)**

**—: अल्पकालीन निविदा :—**

झारखण्ड सरकार द्वारा चलाये जा रहे महत्वकांक्षी योजना **"आपकी योजना–आपकी सरकार आपके द्वार"** का लाभ विभिन्न लाभुकों को प्रदान करने हेतु श्री हेमन्त सोरेन, माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार का हजारीबाग जिले में कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में कम्पलीट टेन्ट/प्रकाश/साउण्ड सिस्टम आदि की आवश्यक व्यवस्था भाड़े पर करने हेतु विभिन्न इच्छुक फर्मो/एजेन्सियों से दर निर्धारण एवं एजेन्सी चयन हेतु दिनांक 12.12.2023 के अपराह्न 02 बजे तक अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का निष्पादन उसी दिन संध्या 04 बजे से किया जाएगा।

सभी इच्छुक फर्म एवं एजेन्सी को निदेश दिया जाता है कि वे अपनी निविदा बंद लिफाफा में सीधे अथवा रजिस्ट्री के माध्यम से निर्धारित तिथि तक जिला नजारत में जमा करना सुनिश्चित करेगें।

निविदा की सामग्री/उपस्करों की सूची व नियम एवं शर्ते हजारीबाग जिला के सरकारी अधिकारिक वेबसाईट www.hazaribag.nic.in में अपलोड किया गया है, जिसपर देखा जा सकता है।

PR 313025 District(23-24).D

उपायुक्त, हजारीबाग



**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(जिला समाज कल्याण शाखा)**

पत्रांक........................POS/दिनांक........................

**संविदा आधारित नियुक्ति हेतु सूचना**

सिमडेगा जिले में अवस्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह (अधिसूचित–सुरक्षा का स्थान) के सृजित पद समूहों के विरूद्ध समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS) के चिन्हित पदों के अनुसार संविदा के आधार पर कार्य करन हेतु इच्छुक एवं आर्हताधारी व्यक्तियों से निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

| क्र०सं० | पदनाम | पदों की संख्या | वित्त विभागीय संकल्प सं०–965/वि० दिनांक–25.03.2009 एवं संकल्प सं०– 2176/वि० दिनांक– 28.7.2015 के आलोक में निर्धारित संविदागत पारिश्रमिक राशि | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शी | 01 | 31311 | स्नातकोत्तर (समाज विज्ञान/मनोविज्ञान) |

1. वित्त विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक– 4569/वि० दिनांक– 05.07.2002 एवं पत्रांक– 965/वि० दिनांक– 25.03.2009 में निहित शर्तो/प्रक्रिया, योजना– सह– वित्त विभाग एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत मार्ग–निर्देशों के आलोक में संविदा आधारित नियुक्ति की कार्रवाई की जायेगी।

नियुक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना एवं विहित आवेदन प्रपत्र जिला समाज कल्याण, सिमडेगा के सूचना फलक पर प्रदर्शित किये जायेंगे एवं सिमडेगा जिला के वेबसाइट www.simdega.nic पर उपलब्ध है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR 313119 (Simdega) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–07/2023–.24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 19.12.2023 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 20.12.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 20.12.2023 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल,हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 2 Room with 8'0" wide vernadah at High School Debo, Chouparan ,Hazaribag | 2282300/- | 46000/- | 5000/- | 04 माह |
| 2 | Construction of 2 Room with 8'0" wide vernadah at Dr. Basant Narayan High School Basriya, Chouparan ,Hazaribag | 2308150/- | 46500/- | 5000/- | 04 माह |
| 3 | Construction of 2 Room with 8'0" wide vernadah at Birsa High School Dumari village - Bachhai, Chouparan ,Hazaribag | 2195350/- | 44000/- | 5000/- | 04 माह |
| 4 | Construction of 2 Room with 8'0" wide vernadah at +2 High School Iguina, Chouparan ,Hazaribag | 2196300/- | 44000/- | 5000/- | 04 माह |
| 5 | Construction of 2 Room with 8'0" wide vernadah at Middle School Selhara, Chouparan, Hazaribag | 2253000/- | 46000/- | 5000/- | 04 माह |
| 6 | Construction of 2 Room with 8'0" wide vernadah at Sunder Lal Jain High School, Singhrawan, Chouparan, Hazaribag | 2282300/- | 46000/- | 5000/- | 04 माह |
| 7 | Construction of Boundary wall at Middle School Garri Kalan Block- keredari Dist-Hazaribag | 3938200/- | 80000/- | 5000/- | 04 माह |
| 8 | Renovation Work for Registry office , Hazaribag. | 4938050/- | 99000/- | 5000/- | 04 माह |
| 9 | Construction of Working Standard Laboratory Legal Metrology Division, Department of food Public Distribution and Consumer Affairs, Barhi - Hazaribag for the year 2023-24 | 4152700/- | 84000/- | 5000/- | 06 माह |

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 313083 (Building) 23-24 (D)


## रांची पहुंचे लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग रजरप्पा में की पूजा व नीतीश पर कसा तंज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जमुई के सांसद चिराग पासवान रांची पहुंचे। यहां से चिराग रामगढ़ होते हुए रजरप्पा गये और मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना की और देर शाम दिल्ली लौट गये। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान चिराग ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड बहुमत यह बताती है कि 2024 के लोस चुनाव में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। वहीं राज्यसभा सांसद धीरज साहू के



विभिन्न ठिकानों पर हुए आईटी रेड को लेकर चिराग ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में किसी भी भ्रष्टाचारी को छोड़ा नहीं जाएगा। हाजीपुर लोकसभा संसदीय सीट पर चिराग ने लोजपा (आर) की दावेदारी ठोकी है। एयरपोर्ट पर वीरेंद्र प्रधान के नेतृत्व में लोजपा (आर) के कार्यकर्ताओं ने चिराग पासवान का स्वागत किया।

**नीतीश कुमार के झारखंड आने से उनकी दाल नहीं गलेगी :** उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की दाल बिहार में ही नहीं गलेगी, झारखंड तो दूर की बात है। नीतीश भले ही झारखंड आ रहे हैं, लेकिन इसका असर यहां की जनता पर नहीं पड़ने वाला है। वहीं झारखंड में विधानसभा चुनाव और लोजपा की भूमिका पर चिराग ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं का जो भी निर्णय होगा, उस पर विचार करेंगे। इसके बाद ही झारखंड के विस चुनाव में लोजपा चुनावी मैदान में उतरेगी।

## ड्रॉप आउट कम करने के लिए बच्चों का होगा सर्वे

### सर्वे में तीन से 18 वर्ष के बच्चे किए जायेंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सरकारी शिक्षक स्कूलों में मौजूद शिशु पंजी को अपडेट करने के लिए स्कूल क्षेत्र में पड़ने वाले इलाकों में 3 से 18 वर्ष के बच्चों का सर्वे करेंगे। टोले-मुहल्ले में कितने बच्चे हैं। इनमें किस आयु वर्ग के कितने बच्चे स्कूलों में पढ़ रहे हैं, कितने बच्चे ड्रॉप आउट हैं और कितने बच्चों का एडमिशन स्कूल में नहीं है, इसे नोट किया जायेगा। हर साल नामांकन की स्थिति और ड्रॉप आउट दर की स्थिति से अवगत होने के लिए शिशु पंजी को अपडेट किया जाता है, ताकि स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की पहचान हो सके और ड्रॉप आउट के कारणों का पता चले सके। इसके बाद बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया जाता है। शिशु पंजी को अपडेट करने से संबंधित प्रशिक्षण सभी जिलों के डीईओ, डीएसई, एसडीओ, आरईओ, बीइओ और बीपीओ को दिया जा चुका है।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम ने लोगों को किया संबोधित

# समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**देवघर।** मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतों में लग रहे शिविरों के सकारात्मक और सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। विभिन्न माध्यमों से जन सेवा करना ही राज्य सरकार का लक्ष्य है। उनकी समस्याओं का समाधान करना है और उन्हें योजनाओं का लाभ भी प्रदान करना है। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के पिछले दो चरणों में 80 लाख आवेदन मिले थे। इन आवेदनों के आधार पर हमने समस्याओं की प्राथमिकता तय की और फिर योजनाओं के माध्यम से उसका समाधान किया। इसी का नतीजा है कि अब तक लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान करने में हम कामयाब रहे हैं।

**सरकार की तमाम योजनाओं से लाखों लोग हो रहे लाभान्वित :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही है, उससे लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत 60 लाख से ज्यादा बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन मिल रहा है। हमारी सरकार 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें अनाज दे रही है। पिछले 3 वर्षों में हमने 20 लाख से ज्यादा किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से 9 लाख से ज्यादा बच्चियां जुड़ चुकी हैं। अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख मकान गरीबों को देने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत हर वर्ष लगभग एक करोड़ ग्रामीण निःशुल्क बस सेवा का लाभ ले सकेंगे। इसके अलावे भी कई ऐसी योजनाएं हैं, जिनका लाभ हजारों लाखों गरीबों को मिल रहा है।



### बच्चों को दे रहे बेहतर शिक्षा, हुनर निखारने का चल रहा अभियान



मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार संकल्पित है। हमारी सरकार ने फिलहाल 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले हैं, जिनकी संख्या बढ़ाकर 5 हजार करने का लक्ष्य है। पोस्ट छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दी गई है। प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति में भी तिगुना इजाफा किया गया है। बच्चियों को सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जा रहा है। नौजवानों के हुनर को निखारने के लिए अब प्रखंड स्तर पर सरकार द्वारा प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। हमारा मकसद है कि यहां के बच्चे किसी भी मामले में अन्य बच्चों से पीछे न रहे।

### राज्य की बुनियाद को कर रहे हैं मजबूत



मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की आत्मा गांवों में बसती है। जब गांव मजबूत होंगे तभी हमारा राज्य भी मजबूत बनेगा। ऐसे में हम उस बुनियाद को मजबूत करने का काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी है। गांव की सशक्तिकरण से हम राज्य को सशक्त बना रहे हैं।

### सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी के खुल गए हैं रास्ते, व्यवसाय के लिए पूंजी देगी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है। सरकारी विभागों में खाली पड़े हजारों पद भरे जा चुके हैं। कई पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। वहीं, निजी क्षेत्र में भी अब तक 50 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मेला के माध्यम से ऑफर लेटर दिया जा चुका है। इसके साथ मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत व्यवसाय करने के इच्छुक युवाओं को सरकार द्वारा पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है।

### हर खेत तक पानी पहुंचायेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों और मजदूरों के साथ सरकार हमेशा खड़ी है। उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। हर खेत में पानी पहुंचे, ताकि किसान सालों भर खेती कर सके, इसके लिए मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का काम तेज गति से चल रहा है। वहीं, देश–विदेश में रहने वाले झारखंड के मजदूरों की परेशानियों, तकलीफों और समस्याओं का समाधान पूरी संवेदनशीलता के साथ हो रहा है।

### कई विकास योजनाओं का दिया तोहफा

मुख्यमंत्री ने 255 करोड़ 54 लाख 1 हजार रुपए की 64 योजनाओं की आधारशिला रखी। विभिन्न योजनाओं के 5721 लाभुकों के बीच 7 करोड़, 97 लाख 66 हजार रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

## स्पीड न्यूज

### सरायकेला में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक



जमशेदपुर। पदाधिकारी रवि कुमार की अध्यक्षता में एसएसआर 24 से सम्बन्धित समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सरायकेला के डीसी रविशंकर शुक्ला, एसडीओ पारुल सिंह अपनी टीम के साथ शामिल हुए।

### पीएन शाह केंद्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित



जमशेदपुर। जमशेदपुर के मानगो निवासी पशुपतिनाथ ने केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड परिषद के चुनाव में भाजपा समर्थित केंडिडेट जगजीत सिंह को 39 वोट से मात देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर काबिज हुए। चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष पी एन शाह को 56 वोट मिले जबकि भाजपा समर्थित जगदीप सिंह को 17 वोट मिले, उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी बोर्ड सदस्यों ने उनपर जताया है उसका ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक पालन करूँगा। इंटक नेता एवं बोर्ड के रिजनल एडवाईजरी कमेटी के सदस्य शैलेश पांडेय ने उन्हे फोन पर बधाई दी एवं भविष्य में मजदूरों के उत्थान के लिए डेवलपमेंट क्लास का आयोजन देशभर में आयोजित करने की बात कही। पीएन शाह मानगो निवासी है, पूर्व में वो जमशेदपुर में पदस्थापित भी थे।

### बिगड़ती विधि-व्यस्था के खिलाफ भाजमो का धरना 24 को

जमशेदपुर। शनिवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर की अहम बैठक जिला महामंत्री मनोज सिंह उज्जैन की अध्यक्षता में सीतारामडेरा में आयोजित की गई। बैठक में जिला की बिगड़ती विधि-व्यवस्था पर भाजमो पदाधिकारियों ने चिंता जाहिर की। मनोज सिंह उज्जैन ने कहा की शहर में अपराधीक तत्व बेखौफ हो गए है। दिन-दहाड़े गोलीबारी की घटना शहर में घट रही है। बीते दिनो टाइगर मोबाइल के जवान की मृत्यु भी अपराधियों की गोलीबारी से हो गई ऐसे में आम जनता के बीच भय का माहौल व्याप्त है। जिला प्रशासन को जल्द से जल्द अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कड़ा कदम उठाना चाहिए। बैठक में आगामी 14 दिसंबर को विधायक सरयू राय के आवाह्न पर जिला एसएसपी कार्यालय के समक्ष आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सभी मंडलों से लोगो को शामिल कराने का निर्णय लिया गया।

### प्रेस क्लब का चुनाव आज, तैयारी पूरी

जमशेदपुर। प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर 2006 के (2023-2026) चुनाव को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है और रविवार की सुबह दस बजे से लेकर दोपहर बाद एक बजे तक रेड क्रॉस सोसाइटी सभागार में मतदान प्रक्रिया चलेगी और दो बजे के बाद मतों की गिनती शुरू होगी। शनिवार को पहले जिला सूचना केंद्र में चुनाव समिति की बैठक हुई और उसके उपरांत रेड क्रॉस सोसाइटी सभागार में तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। 117 स्थाई सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सात पदों के लिए चुनाव होना है। अध्यक्ष (एक पद), उपाध्यक्ष (दो पद), महासचिव (एक पद), सह सचिव (दो पद) एवं कोषाध्यक्ष (एक पद) के लिए चुनाव होगा।

# कांग्रेस नेता के यहां इतना ज्यादा पैसा मिलना आश्चर्य की बात नही : सीपी सिंह

## सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 300 करोड़ से अधिक की राशि बरामद होने पर भाजपा हुई हमलावर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के विभिन्न ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। जिसमें अबतक विभाग को 300 करोड़ से अधिक नकद मिला है। इतनी बड़ी मात्रा में नकद बरामद होने पर एक ओर जहां आम से लेकर खास लोग हैरान हैं। तो वहीं, भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी एवं इंडी अलायंस पर हमलावर है।

शनिवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस के भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर प्रेस-वार्ता आयोजित की गई। बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में आयोजित प्रेस-वार्ता में रांची के विधायक सह पूर्व मंत्री सीपी सिंह, सांसद विद्युत वरण महतो मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला महामंत्री अनिल मोदी, राकेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा समेत बिस्टुपुर मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी मौजूद रहे। प्रेस-वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक सीपी सिंह ने कांग्रेस और इंडी अलायंस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं के यहां से पैसा मिलना कोई आश्चर्य की बात नही है। इतने अधिक मात्रा में नकद राशि बरामद किया जाना ही आश्चर्य की बात है।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते विधायक सीपी सिंह। साथ में सांसद विद्युतवरण महतो व भाजपा पदाधिकारी।

आजाद भारत के इतिहास में यह पहली घटना है जब 300 करोड़ से अधिक की नकद राशि इनकम टैक्स के द्वारा बरामद की गई है। कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह राशि झारखंड के लूट-खसोट का है जो नकली गांधी परिवार के लिए रखे गए थे, जिसे दिल्ली पहुंचाने की योजना थी। इसी बीच आयकर विभाग को भनक लगने पर यह कार्रवाई की गई और पैसे बरामद किए गए। संभावना यह भी है कि यह पैसा छत्तीसगढ़ में हंग असेंबली होने पर विधायकों के 'खरीद पॉलिटिक्स' और रिजॉर्ट पॉलिटिक्स' के लिए रखा गया था। सीपी सिंह ने कहा कि अब यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का बनता है। ईडी इस मामले में हस्तक्षेप कर इसकी विस्तृत जांच करें और एक-एक पैसे का हिसाब कर इसका खुलासा करें। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि कांग्रेस के लंबे शासनकाल के सभी दौर में लूट और भ्रष्टाचार के मामले उजागर हुए हैं। पंडित नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक के कार्यकाल में बड़े घोटाले और भ्रष्टाचार हुए। उन्होंने कहा कि आज सभी दल अपना और अपने परिवार के राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। कहा कि इस गठबंधन में शामिल दलों को देखे तो दरअसल ये इंडी गठबंधन नही है बल्कि भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है। सीपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट कहना है कि जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी जी की गारंटी है। भारतीय जनता पार्टी भी 'ना भ्रष्टाचार करेंगे और ना ही भ्रष्टाचार सहेंगे' की नीति पर कार्य करती है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस मामले में राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिससे कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति ना हो पाए। वहीं, उन्होंने सरकार आपके द्वार, नियोजन नीति, स्थानीय नीति, 1932 खतियान, रोजगार, बेरोजगारी भत्ते जैसे मुद्दे के साथ पूरे राज्य में बालू, खनिज सम्पदाओं की खुली लूट और व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर हेमंत सरकार पर भी तीखा हमला बोला। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में भ्रष्टाचार और लूट शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए संकल्पित है।

# शहीद पुलिस जवान रामदेव महतो की पैतृक गांव में कोयल नदी तट पर हुआ अंतिम संस्कार

**गोलमुरी पुलिस लाइन में डीआइजी, एसएसपी समेत पुलिस विभाग ने दी अंतिम विदाई**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



शहीद रामदेव के पार्थिव शरीर को गांव पहुंचाते जवान।



शहीद रामदेव के शव पर विलाप करती मां, पत्नी व परिजन।

**जमशेदपुर।** लौहनगरी मानगो क्षेत्र में एक जमीन कारोबारी की हत्या कर भाग रहे हत्यारों की धर-पकड़ के दौरान उनकी गोली से शहीद हुए झारखंड पुलिस की टाइगर मोबाइल के जवान रामदेव महतो को आज जिले के गोलमुरी पुलिस लाइन में अंतिम विदाई दी गई। कोल्हान के डीआइजी अजय लिंडा, एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी मुकेश लुणावत समेत अन्य पदाधिकारियों एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन, पुलिस एसोसिएशन की ओर से पुष्पांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शहीद जवान के परिजनों से मिल कर उन्हें सांत्वना दी। साथ ही भरोसा दिया कि जवान रामदेव के त्याग और शहादत को व्यर्थ नहीं जाने दिया जायेगा। हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जायेगी। साथ ही सरकार के नियम के तहत जवान के परिवार को उचित मुआवजा एवं सामाजिक सुरक्षा दी जायेगी। गोलमुरी पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि देने के पश्चात पूरे आदर के साथ जवान रामदेव महतो के शव को उनके पैतृक गांव पश्चिम सिंहभूम के मनोहरपुर प्रखंड के तरतरा गांव ले जाया गया। वहां जवानों ने अंतिम सलामी दी और इसके बाद अंत्येष्टि कर दी गयी। इस दौरान पूरा इलाका शहीद रामदेव महतो अमर रहे के नारों से गूंजता रहा। शनिवार को उनका पार्थिव शव जमशेदपुर से चक्रधरपुर, सोनुआ होते हुए मनोहरपुर पहुंचा जहां जगह-जगह शहीद को लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मनोहरपुर बाजार से जुलूस के शक्ल में शहीद जवान का शवयात्रा तरतरा गाँव पहुंचा। इस मौके पर पहले मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों, जवानों और अन्य लोगों ने शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर मंत्री जोबा माझी, डीएसपी अजीत कुजूर, पुलिस निरीक्षक फागु होरो, थाना प्रभारी अमित कुमार, बीडीओ शक्ति कुंज, जराईकेला थाना प्रभारी आशीष भारद्वाज, आनंदपुर थाना प्रभारी विकास दुबे, एएसआई मुकेश सिंह, जिप सदस्य जयप्रकाश महतो, आजसू नेता संतोष महतो, उप प्रमुख दीपक एक्का, राजधन महतो, मुखिया अशोक बंदा तथा सुशीला सवैया, पुलिस एसोसिएशन चाईबासा के सचिव संतोष कुमार राय, अमलेश कुमार, अनूप लकड़ा, सुरेश चंद्र माझी, जगन्नाथ तिरिया भाजपा नेता सुशीला टोप्पो, करण महतो, दुर्गा महतो के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### परिजनों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल

वहीं शहीद का शव पैतृक आवास पहुंचने पर माहौल गमगीन हो गया। शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मनोहरपुर शहर का भ्रमण कर अंतिम यात्रा उंधन गांव होते हुए शहीद रामदेव का पार्थिव शरीर तरतरा स्थित उनके पैतृक आवास पहुंचा। जहां पहले से बेहाल परिजन और ग्रामीण शहीद के पार्थिव शरीर को देख जोर से विलाप करने लगे। उसके बाद कोयल नदी के किनारे स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## खबर एक नजर में

### मानगो वसुंधरा एस्टेट में कलश यात्रा 25 दिसंबर को, शिव कथा 26 से



**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुंधरा एस्टेट (नियर इरीगेशन कॉलोनी) में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा सोमवार 25 दिसम्बर को कलश यात्रा एवं व्यास पूजन से शुभारंभ होगा। मंगलवार 26 दिसम्बर से श्री शिव महापुराण कथा का प्रसंग रोजाना संध्या 04 से 07 बजे तक होगा, जो 01 जनवरी सोमवार तक चलेगा। श्रीधाम वृन्दावन के स्वामी वृजनंदन शास्त्री जी महाराज शिव कथा का व्याख्यान करेंगें। महाराज जी द्वारा व्यासपीठ से कथा वाचन के दौरान शिव भगवान के अलग-अलग रूपों की झांकियों का दर्शन भी कराया जायेगा। इसका आयोजन किरण-उमाशंकर शर्मा परिवार द्वारा किया जा रहा हैं। यह जानकारी कृष्णा शर्मा (काली शर्मा) ने शनिवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि शिव कथा का आस्था चैनल पर सीधा प्रसारण होगा। काली शर्मा ने बताया कि अंतिम दिन एक जनवरी सोमवार की शाम को भव्य भंडारा के साथ इस धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा।

### इंडो अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स का सेमिनार संपन्न



**जमशेदपुर।** इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स जमशेदपुर चैप्टर और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट जमशेदपुर शाखा ने 9 दिसंबर 2023 को अपने प्रमुख पर्यावरण, सामाजिक और स्टीवर्डशिप (ईएसजी) सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह सेमिनार सामाजिक, पर्यावरण और शासन प्रबंधन के क्षेत्रों पर चर्चा करने के मुख्य उद्देश्यों के साथ आयोजित किया गया था। सेमिनार की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई। आईआईएमएम के अध्यक्ष सिद्धार्थ दाश ने स्वागत भाषण दिया। राणा दास, वीपी ईस्ट, आईआईएमएम ने आईआईएमएम की भूमिका के बारे में बात की और आईआईएमएम की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में आइएसीसी के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सुदीप्त दास ने आज के समाज में ईएसजी की आवश्यकता के बारे में बताया। सुयश सरावगी, अध्यक्ष रणनीति और परियोजनाएं, एपीएआर इंडस्ट्रीज और एसजी खुने, सीनियर वीपी ग्रेफाइट इंडिया ने उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला कि कैसे उनकी कंपनियां ईएसजी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम कर रही हैं और कैसे इन कार्यान्वयन ने कंपनी को लाभप्रदता के मामले में आर्थिक रूप से लाभान्वित किया है। ईएसजी सीएसआर के बारे में नहीं है बल्कि यह कंपनी के जोखिम को कम कर रहा है और लाभप्रदता बढ़ा रहा है। आईएसीसी के अध्यक्ष कमांडर संजीव रमन ने इस बात पर जोर दिया कि समाज को वापस लौटाने और प्रकृति की देखभाल करने की अवधारणा हजारों वर्षों से भारतीय दर्शन में अंतर्निहित है। प्राचीन भारत में भारतीय व्यापारियों की समृद्धि नैतिक व्यवहार और प्रकृति के प्रति चिंता के कारण थी जिसने उन्हें समाज के हर वर्ग का विश्वास दिलाया। भारतीय दर्शन को अब आधुनिक विश्व आत्मसात कर रहा है, यह भारत के लिए शुभ संकेत है। आईआईएमएम जमशेदपुर शाखा के सचिव नीलेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आईएसीसी जमशेदपुर के शरत चंद्रन कार्यक्रम समन्वयक थे।

### प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति की मांग पर डीएसई को सौंपा मांग पत्र

**जमशेदपुर।** स्नातक कला/ भाषा/ विज्ञान तथा प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति हेतु शिक्षक संघ ने आज जिला शिक्षा अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी ने की शीघ्र वरीयता सूची प्रकाशन की मांग की। संघ ने ज्ञापन में कहा है कि पिछले लंबे समय से पूर्वी सिंहभूम जिले के प्रारंभिक शिक्षकों की प्रोन्नति लंबित है। स्नातक कला/ भाषा/ विज्ञान के सैकड़ों तथा प्रधानाध्यापक के 195 पद रिक्त हैं। प्रोन्नति की आशा लिए कई शिक्षक बिना प्रोन्नति के ही प्रतिमाह सेवानिवृत हो रहे हैं। इससे शिक्षकों में काफी रोष है। पिछले लंबे समय से लंबित प्रोन्नति देने हेतु विभाग एवं सरकार के स्तर पर तमाम जिम्मेदार पदाधिकारीयों के पास शिक्षक संघ गुहार लगा चुका है। परंतु विभागीय उदासीनता तथा प्रोन्नति की जटिलताओं के कारण पिछले कई वर्षों से प्रोन्नत्ति लंबित है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के वरीय शिक्षक नेता सुनील कुमार, शिव शंकर पोलाई, सरोज कुमार लेंका, संजय कुमार, अनिल प्रसाद, संजय केसरी, ओम प्रकाश सिंह आदि ने प्रोन्नति देने हेतु शीघ्र वरीयता सूची प्रकाशित करने की मांग जिला शिक्षा अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम से की है। ज्ञात हो कि इस संबंध में शिक्षा सचिव, झारखंड सरकार के पत्रांक 866 दिनांक 14.11.2023 द्वारा भी प्रोन्नति से संबंधित कई बिंदुओं पर मार्गदर्शन जारी किया गया।

# विद्या भारती चिन्मया का वार्षिक एथलेटिक मीट संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** शनिवार को विद्या भारती चिन्मय विद्यालय में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छह सदनों (सूर्या, सोमा, वरुणा, इंद्रा,व्योमा एवं समीरा) के बीच एक स्वस्थ प्रतियोगिता देखी गई। मुख्य अतिथि विष्णु चंद्र दीक्षित-अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति सह विशिष्ट अतिथि प्रियंका दीक्षित व विद्यालय प्राचार्या मीना विल्खू ने ज्ञानदीप प्रज्ज्वलित कर, रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम के उद्घाटन की औपचारिक उद्घोषणा की। मीट का ओवरऑल चैंपियनशिप खिताब वरुणा हाउस को मिला जबकि मार्च पास्ट चैंपियनशिप व्योमा हाउस को मिला। उद्घाटन के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट, योगासन, नृत्य व ड्रिल प्रदर्शन के साथ खेल-कूद की विभिन्न प्रतियोगिताएं आरंभ हुईं। खेल प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष निरीक्षण के लिए विभिन्न विद्यालयों से खेल शिक्षक आमंत्रित किए गए थे। चिन्मय विद्यालय ने साथी विद्यालय एबीएमपी राहरगोड़ा के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए दौड़ प्रतियोगिताओं में उनकी भी प्रतिभागिता सुनिश्चित की।

**इन्हें मिला पुरस्कार :** अंडर 12 लड़कों में करण मुंडा और लड़कियों में अवंतिका महतो, अंडर 14 लड़कों में मनजीतव करमाकर और लड़कियों में पूनम मुंडा, अंडर 17 लड़कों में विशाल मंडल और लड़कियों में एस रेवती, अंडर 19 लड़कों में शुभम सिंह और लड़कियों में प्रिया कुमारी को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। हाउस चैंपियनशिप में अंडर 12 लड़कों में वरुणा और लड़कियों में सूर्या, अंडर 14 लड़कों में व्योमा-समीरा और लड़कियों में वरुणा, अंडर 17 लड़कों में इंद्रा और लड़कियों में वरुणा,अंडर 19 लड़कों में सूर्या और अंडर 19 लड़कियों में समीरा हाउस विजेता रहा।

# एक्सएलआरआइ के होमकमिंग में जुटे पूर्ववर्ती छात्र, कहा-एक्सएल ने सिखाया एक्सीलेंस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में होमकमिंग 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें एक्सएलआरआइ के विभिन्न बैच के करीब 200 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय होमकमिंग में एक्सएलआरआइ के सभी पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने अपने संस्थान के बदले स्वरूप को देखा, पुरानी यादों को ताजा किया। इस दौरान उन्होंने वर्तमान बैच के विद्यार्थियों से बातें की। कई प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। पैनल डिस्कशन के जरिये सभी विद्यार्थियों ने जहां अपनी बौद्धिकता व आइक्यू का परिचय दिया वहीं उन्होंने डांस, गाना, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट को बजाने के साथ ही नाटक के माध्यम से अपनी कला का भी बेहतर प्रदर्शन किया। इधर, शनिवार को एक्सएलआरआइ के इंटरनेशनल बिल्डिंग के बाहर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के 14 पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं को अलग-अलग 6 केटेगरी में सम्मानित किया गया।

### इन्हें मिला अवार्ड लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

1. गुरवीन सिंह - फॉमर्र चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर, रेकिट बेंकिसर ग्रुप
2. भानु प्रताप शर्मा- सदस्य, यूपीएससी
3. रेणु मट्टो- लेखिका सह एग्जीक्यूटिव कोच कम्यूनिकेशन एंड क्रॉस कल्चरल ट्रेनर
4. इ प्रकाश कुरुविला- फाउंडर एंड एमडी, ब्रिज ओसन प्रा. लिमिटेड

इंटरप्रेन्योर अवार्ड - डॉ अंशुमन घोष- फाउंडर एंड सीइओ, मेर्नवा टेक्नोलॉजीज

अलायड फिल्ड अवार्ड - प्रवीण टोप्पो, सेक्रेट्री, डिपार्टमेंट ऑफ लेबर इंप्लॉयमेंट एंड ट्रेनिंग

यंग अचीवर्स अवार्ड- इशान बंसल, को फाउंडर, ग्रो

एकेडमिक्स अवार्ड- फादर एंटॉनी आर. उवारी, एसजे., वीसी, एक्सआइएम, भुवनेश्वर

प्रैक्टिसिंग मैनेजर अवार्ड- सुरोजीत सोम, एमडी एंड सीइओ, डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड



एरिना घोष- एमडी, माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

निमिशा जैन- एमडी एंड सीनियर पार्टनर एट इंडिया पैसिफिक लीडर, बीसीजी

राजकमल वेंपती- हेड, ह्यूमन रिसोर्स- एक्सिस बैंक

कार्तिक गणेशन- पार्टनर, ब्रेन एंड कंपनी

सीवीएल श्रीनिवास- कंट्री मैनेजर, डब्ल्यूपीपी इंडिया

### उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज एक्सएलआरआई आयेंगे



जमशेदपुर। एक्सएलआरआइ जमशेदपुर अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर प्लैटिनम जुबिली समारोह का आयोजन कर रहा है। समारोह को लेकर देश के अलग-अलग क्षेत्रों के दिग्गजों को आमंत्रित किया जा रहा है। 10 दिसंबर को देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शहर आयेंगे। वे एक्सएलआरआइ जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्लैटिनम जुबिली समारोह में मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। दोपहर दो बजे कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इस दौरान उनके साथ मंच पर राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, टाटा स्टील लिमिटेड के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज फर्नांडिस भी मौजूद रहेंगे।

### प्लास्टिक का उपयोग आनेवाले पीढ़ियों एवं भविष्य के लिए घातक : उत्तम



**जमशेदपुर।** शनिवार को डिमना रोड जमशेदपुर में नेशनल हॉकर फेडरेशन के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। नेशनल हॉकर फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती ने कहा जलवायु परिवर्तन एवं प्लास्टिक का उपयोग हमारे आने वाले पीढियो एवं भविष्य के लिए सबसे खतरनाक है। उन्होंने बताया जलवायु परिवर्तन से सम्पूर्ण विश्व प्रभावित हो रहा है। बाढ़, आपदा, साइक्लोन, तापमान में बढ़ोतरी, अधिक वर्षा, बिना मौसम के वर्षा असब इसी के परिणाम है। इन सभी के प्रभाव से पथ विक्रेता बहुत प्रभावित होते है क्योंकि वे फुटपाथ पर जीविका चलाते है। उत्तम चक्रवर्ती ने न्यायपूर्ण बदलाव एवं प्लास्टिक के उत्पादन से लेकर पर्यावरण जलवायु, मिट्टी के प्रदूषित होने एवं गंदगी, पशु पक्षी एवं मनुष्य में होने वाली बीमारियों के बारे में आम जनता के साथ पथ विक्रेताओ को विस्तार से बताकर जागरूक किया। उन्होंने बताया प्लास्टिक एवं जलवायु परिवर्तन को लेकर जागरूकता अभियान योजनाबद्ध तरीको से शहर के भिभिन्न क्षेत्रों में चलाएंगे जिसमे प्रशासनिक पदाधिकारी, नगर निगम एवं आम जनता से सहयोग की अपील की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नेशनल हॉकर फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती, सुनीता पोयरा टाउन वेंडिंग कमिटी सदस्य वीरेंदर सिंह, मालती दास, उपेंद्र शर्मा, बीरेंदर प्रसाद, खालिद इकबाल, निर्मला रही दास, बिरेन पोद्दार, राम जी साव, पूनम उरांव, अंजना देवी, टिंकू साव, सुबाष पोद्दार,अनिता कुमारी, पार्वती रूही दास, पुन्नी साव, भादू महतो, लखि पाल, जितेंद्र कुमार, भोला ठाकुर, कृष्णा उरांव, कम्फु दास, अरुण साव, निरंजन गोराई, पूरन साव, पंकज कुमार, रविंदर पंडित, राजेश शंख, कृष्णा पोद्दार एवं अनेको पथ विक्रेताओ, एवं कमिटी सदस्यो का अहम योगदान रहा।

# लोक अदालत में 11,427 मामलों का हुआ निष्पादन, 54.71 लाख मिला राजस्व

**व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर में आयोजित लोक अदालत ने सफलता के झंडे गाड़े**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** सिविल कोर्ट जमशेदपुर में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस नेशनल लोक अदालत मे कुल 11,427 कोर्ट केसों का निष्पादन किया गया, जिसमें 54 करोड़ 71 लाख 43 हजार 022 रुपयों की राजस्व प्राप्ति हुई। नेशनल लोक अदालत का उदघाटन व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर के लोक अदालत हॉल में विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेश लाल, प्रधान अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार सिन्हा, पॉक्सो स्पेशल कोर्ट न्यायधीश कमलजीत चोपड़ा, स्टेट बार कौंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, डालसा के सचिव नितीश निलेश सांगा आदि मौजूद रहे। मौके पर न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के वर्तमान समय मे लोक अदालत का बहुत बड़ा महत्व है। लोक अदालत के माध्यम से अपने मामले का त्वरित समाधान पाकर समय और पैसा दोनों की बचत कर सकते हैं। वहीं स्टेट बार कौंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि समझौता द्वारा मामले का निष्पादन करने में झारखंड सबसे पहले पायदान पर है। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले का समाधान के लिए जमशेदपुर एवं घाटशिला मिलाकर कुल 17 बेंचो का गठन किया गया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नीतीश निलेश सांगा ने बताया कि सुलह योग्य सभी प्रकृति के मामलों का नेशनल लोक अदालत में निपटारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वन , बिजली अधिनियम, मापतौल अधिनियम, उत्पाद अधिनियम, बैंक ऋण, चेक बाउंस, श्रम अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, मोटरयान दुर्घटना मुआवजा, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वाद, पारिवारिक वाद, आपराधिक और दीवानी मामले आदि के केस शामिल है। नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में कोर्ट स्टाप सहित पैनल लॉयर्स एवं पीएलवी की सार्थक भूमिका रही।

### एक मोटर वाहन दुर्घटना व एक कमर्शियल वाद का निष्पादन 84 लाख व 8 करोड़ मे हुई जो एक खास उपलब्धि है

नेशनल लोक अदालत में एक मोटर वाहन दुर्घटना केस में मृतक रेलवे कर्मचारी जारका हेस्सा के आश्रित परिवार को 84 लाख 33 हजार 831 रुपया का चेक प्रदान किया गया। वहीं दूसरी ओर एक कमर्शियल वाद में भी कोर्ट द्वारा नेशनल लोक अदालत में समझौता के तहत उक्त वाद 8 करोड़ मे सेटल कर केस का निष्पादन किया गया, जो इस अदालत का एक खास उपलब्धि साबित हुई है।

### काली शर्मा ने कृषि मंत्री बनने पर अर्जुन मुंडा को दी बधाई



**जमशेदपुर।** केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा को भारत सरकार में कृषि मंत्री का अतिरिक्त दायित्व मिलने पर भाजयुमो के प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्णा शर्मा काली ने मुंडा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। काली शर्मा ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।

## स्पीड न्यूज

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को पलामू के कांग्रेसियों ने किया सम्मानित



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर का पलामू में जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पलामू जिलाध्यक्ष की समस्या को सुनकर कहा कि झारखंड के 14 लोकसभा में पार्टी मजबूती के साथ काम कर रही है। आने वाला समय में सुखद परिणाम इंडिया गठबंधन के लिए देखने को मिलेगा। राजेश ठाकुर ने कांग्रेस भवन में हो रहे कार्य का निरीक्षण किया और इस कार्य के लिए जिला अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को बधाई दिया। मौके पर प्रदेश महासचिव विजय चौबे, लक्ष्मी नारायण तिवारी, ओमप्रकाश अमन, रामाशीष पांडे, शमीम अहमद राइन, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, सत्यानंद दुबे, ईश्वरी प्रसाद सिंह, भिखारी राम, शंकर पांडे, सत्येंद्र सिंह, विश्राम दुबे, नफीस खान, सुरेश पाठक ,मिथिलेश सिंह, विद्या सिंह चेरों, अशोक पासवान, इंदु भगत, रिजवान खान, सोनू खान, हर्ष साहनी, मिट्ठू खान, दयाशंकर तिवारी, नसीम खान, अरविंद अग्रवाल, एमडी फैयाज अहमद, अजय साहू, आमुक प्रियदर्शी, जीशान खान, मुकेश सिंह, देवांग शुक्ला, रविंद्र कुमार, खुर्शीद आलम, राजेश चौरसिया, मुन्ना खान, सागर दास, संतोष गुप्ता, मनोज शुक्ला, मणिकांत सिंह, अभय पांडे, उमेश यादव, उदय यादव, अजय पांडे, कुतुबुद्दीन अंसारी, तरबी अंसारी व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### करकट्टा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



उंटारी रोड पलामू। उंटारी रोड प्रखंड के करकट्टा पंचायत सचिवालय भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन जिला समन्वयक सह नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार राम, जिला परिषद सदस्य अरबिंद कुमार सिंह, करकट्टा मुखिया कमला देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, लहर बंजारी मुखिया अशोक सिंह, समाजसेवी कृष्णा पाल, उंटारी रोड थाना के एसआई रमेशचंद महतो, बीपीओ आबेदीन अंसारी, सतेश्वर मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल में कर्मियों ने ग्रामीणों के समस्या संबंधित आवेदन लिये गये। शिविर में अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों ने आवेदन दिये। मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड वितरण किया गया। इसके अलावे पांच स्कूली छात्राओं को नि:शुल्क साईकिल का चेक प्रदान किया गया। साथ ही गरीबों के बीच कंबल प्रदान किया गया।

### संकूल की महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली



पाटन पलामू। प्रखंड में संकुलसंगठन, ग्राम संघटन के महिला सदस्यों द्वारा महिलाओं के ऊपर होने वाले लिंग आधारित हिंसा एवम हिंसा के विरुद्ध चल रहे राष्ट्रीय स्तर के अभियान नई चेतना 2.0 अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। कैंडल मार्च, रंगोली एवं जेंडर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी पंचायतों में जेएसएलपीएस के सखी मंडल के सदस्यों ने सभी महिलाओ को जागरूक किया गया। बीपीएम जेएसएलपीएस अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं के उत्थान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नई चेतना 2.0 एक राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आंदोलन के रूप में उभरा है अगर किसी महिला के खिलाफ लैंगिक हिंसा होने पर उसे विविध सेवा एवम आजीविका सलाह केंद्र के माध्यम से सेवा देने के लिए हमेशा तत्पर है समाज में होने वाले हिंसा एवं भेदभाव के विरुद्ध यह सराहनीय कदम है।

### रानी सती सेवा समिति का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न



मेदिनीनगर। रानी सती सेवा समिति के तत्वाधान में चल रहे पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 9 दिसंबर को पूर्ण हो गया रांची से आए हुए श्याम सुंदर जी महाराज जी के द्वारा सारी पूजन एवं यज्ञ शाला में पूणार्हुति देकर श्री रानी सती दादी जी 12 सती श्री गणेश जी भगवान एवं श्री हनुमान जी को उनके मंड में स्थापित करके किया गया। इससे पहले दादी जी का भव्य श्रृंगार किया गया। समाज के सभी लोगों के द्वारा उनकी पूजा की गई। 56 भोग महाप्रसाद चढ़ाया गया। रांची से आए रतन जी जालान के द्वारा दादी जी का विशेष श्रृंगार पूजा अर्चना किया गया वह रांची से रानी सती मंदिर के मुख्य ट्रस्टी हैं। इस अवसर पर श्री रानी सती सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम संयोजक मनोज जी तुलस्यान ने बताया कि अब यह मंदिर सभी सनातनी भाइयों एवं बहनों के लिए पूजन कार्य हेतु सदा खुला है। पंडित श्री श्रवण पुजारी जी नित्य इस मंदिर की पूजा वर्षों से करते आ रहे हैं एवं उनकी देखरेख में पूजन कार्य होगा। कार्यक्रम में सुरेश भिवानिया आलोक सांवरिया गोपाल छापड़िया संजय केजरीवाल मंदिर ट्रस्ट के मनोज तुलस्यान, रोहित तुलस्यान, पीयूष तुलस्यान, सुशील तुलसियान, गोपाल हाजीपुरिया, श्याम पोद्दार, भरत सांवरिया, बद्री सिंघानिया, मनोज भिवानिया, मनीष भिवानिया, संदीप, दीपक नेमाला, प्रभात अग्रवाल अंशुल उदयपुरी सज्जन शंघई यश सराफ हिमांशु सराफ नीरज कामदार, विशाल सांवरिया, विवेक सांवरिया, पप्पू लाठ गिरधारी गर्ग सुशील तुलस्यान राहुल उदयपुरी विकास सिंघानिया अंकित, ललित, केशव लाठ, शिवम खेतान आदि लगे हुए हैं।

### पूर्व सैनिक परिषद 16 को छह मुहान पर देगा शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र और संचालन दिनेश गुप्ता ने किया। सन, 1971 में पाकिस्तान पर भारत के अभूतपूर्व विजय को याद करने और युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आगामी 16 दिसंबर को विजय दिवस राजेंद्र प्रसाद चौक (छः मुहान पर) समारोह पूर्वक आयोजित की जाएगी। बैठक में विजय दिवस समारोह के दौरान जिला में रहने वाले वीर नारी और जिला के शहीदों के परिजन को आमंत्रित कर के उन्हें समारोह पूर्वक सम्मानित किया जाएगा। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष गया नंद पाण्डेय, वर्तमान जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र, उपाध्यक्ष गिरवर प्रजापति, महासचिव दिनेश गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष दया शंकर शर्मा, कॉर्डिनेशन अधिकारी रमन श्रीवास्तव, मो रफीक अंसारी, अशोक कुमार दुबे, जनार्दन सिंह, मुक्तेश्वर कुमार, ददन सिंह, अगस्त तिवारी, रफीक अंसारी, मणि भूषण तिवारी इत्यादि सम्मानित सदस्यों की सहभागिता रही।

### मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर डीटीओ ने बस संचालकों के साथ बैठक की



मेदिनीनगर। परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने शनिवार को जिले के सभी बस संचालकों के साथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना से संबंधित बैठक की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के मार्गों का चयन करने को लेकर एमभीआई व बस संचालकों संग विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र में रह रहे लोगों को शहर से जोड़ने व आवागमन की बेहतर व्यवस्था करने के उद्देश्य से यह योजना की शुरूआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि रुट निर्धारण इस तरह से किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्कूल, कॉलेज, हाट, रेलवे स्टेशन व अस्पताल आने में कोई परेशानी न आये। योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक, आंदोलनकारी, दिव्यांग व विधवा को निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# 2047 तक विकसित देश बनाने की प्रधानमंत्री के सपने को साकार करना है : बीडी राम

## पड़वा प्रखंड के लोहड़ा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना है**







खबर मन्त्र संवाददाता

पंडवा पलामू। पड़वा प्रखंड के अंतर्गत लोहड़ा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विष्णु दयाल राम, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, विनोद कुमार सिंह, विभाकर नारायण पाण्डेय, प्रफुल्ल कुमार सिंह, अविनाश कुमार वर्मा, जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, शिव कुमार मिश्रा एवं जिला प्रतिनिधि विजय ओझा, कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी एवं पंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्रदेव प्रसाद, अंचल पदाधिकारी हलधर सेठी, जे एस पी एल एस के जिला समण्यक विमलेश शुक्ला उपस्थित थे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। मंच संचालन नवाबाजार प्रखंड के रोजगार सेवक बिकास पाण्डेय ने किया।

मौके पर सांसद राम ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है।

इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और उनके बीच केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ दिलाना है। सांसद राम ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री जी के सपने 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित देश बनाने को साकार करना है।

सांसद ने अनुरोध किया और कहा कि आप सभी अपने-अपने ग्राम पंचायतों में निर्धारित स्थान पर उक्त कार्यक्रम में अवश्य सम्मिलित होकर केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करें एवं इसका लाभ उठाएं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करा रहे हैं। टीवी रोग से ग्रसित मरीजों को मुफ्त में दवाइयां दी जा रही है। स्किल सेल एनीमिया की जानकारी प्रदान की जा रही है।

ड्रोन दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रोन से दवाइयों एवं खाद के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किसानों के समक्ष दिया जा रहा है। संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से भी उपरोक्त योजनाओं के संबंध में उपस्थित जनता को दी जा रही है। माननीय सांसद के द्वारा जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच 10 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि पड़वा नंदकिशोर मेहता, पंकज तिवारी, जिला सांसद सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडेय, सुभाष मेहता, सीओ हलधर सेठी, सीआई उमेश यादव, मुखिया सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी, सीडीपीओ स्वीटी सिन्हा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रभु राम, अमित चौबे, अम्बिका मिश्र, कृष्णानन्द तिवारी, श्रीकांत मिश्र, नारद मिश्रा, उमेश मिश्र, रमेश मिश्र, मनदीप राम, अनिल मिश्र, सुरेश पाण्डेय, गोपाल पाण्डेय विक्रम पाल, निर्मल यादव, जेपीएस मनोज मिश्र, असगर हुसैन, ओमप्रकाश मेहरा, मुकेश तिवारी, गिरेंद्र मिश्र, प्रखंड नाजीर संजीव कुमार, मनोरंजन दुबे, सोमेश सिंह, सुभाष मेहता, चन्दन मेहता सहित प्रखंड के पदाधिकारी, कार्यकर्ता समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नकली सोना का बिस्कुट का लालच देकर लूट करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया उदभेदन

# देसी कट्टा के साथ तीन गिरफ्तार

**तीनों शातिर अपराधी हैं : एसपी रीष्मा रमेसन**



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में लूट, चोरी, छिनतई की घटनाओं से लोग वाकिफ हैं, लेकिन एक अजीबोगरीब लूट की घटना से पुलिस ही नहीं बल्कि जिलेवासी भी अचंभित हैं। ऐसे ही एक घटना का उदभेदन पलामू पुलिस ने किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि लूट कांड को अंजाम देनेवाला एक गिरोह को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस गिरोह के द्वारा नकली सोने का बिस्कुट दिखाकर लोगों को लूटने का अंजाम दिया जाता था। उन्होंने कहा कि इस गिरोह के द्वारा नकली सोना का बिस्कुट व्यवसायी को दिखाकर यह कहा जाता था कि हमें यह कहीं से प्राप्त हुआ है जिसे बेचना है। आप दो लाख रूपये लेकर आयें और सोने के बिस्कुट ले जायें। जो शेष पैसा होगा बाद में दे देंगे। इस लालच मे फंसकर लोग लूट का शिकार बनें। जिसकी सूचना पुलिस को मिली। इसके बाद एसपी ने सदर एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया। उन्होंने बताया कि सतबरवा थाना की ओर से हथियार से लैस होकर शहर की ओर मोटरसाईकिल पर सवार होकर कुछ लोग आ रहे हैं। इस पर चियांकी व जोरकट के पास में गश्ती दल को लगाया गया। लूटेरे वाहन चेकिंग को देखकर मोटरसाइकिल को सतबरवा की ओर मोड़कर भागने लगे। इसके बाद मोटरसाइकिल को जोरकट मोड़ के पास छोड़कर लूटरे जंगल झाड़ी की ओर भागने लगे। जिसे पुलिस बल के द्वारा खदेड़कर झाड़ी मे पकड़ा गया। हिरासत में लिये गये पिंटु कुमार रवि ग्राम कुसवा थाना हुसैनाबाद, गुड्डू भुइयां एवं राजा चंद्रवंशी दोनों ग्राम सेमरटांड चैनपुर के रहनेवाले हैं। जब इनलोगों से सख्ती के साथ पूछताछ की गई तो इनलोगों ने बताया कि हमारे मोटरसाइकिल में रखे थैला में अवैध हथियार है। जिसकी तलाशी ली गई तो एक दोनाली देसी कट्टा, एक नाली देसी कट्टा, दो गोली, दो पीला धातु का कटपीस, जेएच 03ए क्यू 5352 मोटरसाइकिल व हथियार बनाने वाले कई औजार, साथ ही एक नकली सोना का बिस्कुट बरामद किया गया। एसपी रमेसन ने बताया कि इन गिरोहों के द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने का एक नया तरीका अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि इन तीनों अपराधियों के विरूद्ध हुसैनाबाद व चैनपुर थाना में आर्म्स एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं। ये सभी शातिर अपराधी प्रवृत्ति के हैं। एसपी ने बताया कि इस मामले की पूरी जांच की जायेगी। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ सुरजीत कुमार, थाना प्रभारी गौतम कुमार, दो प्रशिक्षु डीएसपी शामिल थे। जबकि छापेमारी दल में अभिमन्यु कुमार, बासुदेव महतो, मुन्ना कुमार, राजेश उरांव, अर्जुन राम शामिल थे।

# अभिषेक सिंह ने कचरा प्रबंधन संयंत्र के लिए स्वीकृति मिलने पर सीएम का जताया आभार



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। झामुमो के युवा नेता सह व्यवसायी अभिषेक कुमार सिंह ने मेदिनीनगर निगम के लिए प्रस्तावित ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापना के लिए कैबिनेट से स्वीकृति देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर का आभार जताया है।

कहा कि इस संयत्र की स्थापना से पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर को वैश्विक मानक के अनुरूप स्वच्छ बनाने और नागरिकों के जीवन स्तर को उंचा उठाने में मदद मिलेगी। आयोजित प्रेस वार्ता में अभिषेक सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री व पेयजल व स्वच्छता मंत्री पलामू क्षेत्र के विकास के लिए काफी गंभीर है। इसका लाभ पलामू को लगातार मिल रहा है। पलामू के लोगों के इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर में अब तक क्रियान्वित योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गइ है। निजी लाभ को केंद्र रखकर योजनाओं का चयन व क्रियान्वयन कराया गया है। वे मुख्यमंत्री व पेयजल व स्वच्छता मंत्री से ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापना कार्य को भ्रष्टाचार से दूर रखने के लिए समुचित व्यवस्था करने का अनुरोध करेंगे। सिंह ने मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेज टू की चर्चा करते हुए कहा कि नगर निगम बोर्ड गठन के करीब 18 महीने तक भाजपा की सरकार ही रही थी। तब तत्कालीन मेयर चुप बैठी थी। अब काम नहीं होने के लिए झामुमो सरकार पर आरोप मढ़ने में जुटी है। उन्होंने कहा कि बार-बार यह आरोप उनके परिवार पर मढ़ा जाता है कि हमीदगंज को बेच दिया। जबकि हकीकत यह है कि उनके परिवार ने हमीदगंज को बसाने का काम किया है। अदालत में मामला विचाराधीन होने के कारण जमीन का रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा था। अवरोध खत्म हो गया है वे न सिर्फ सभी परिवारों को जमीन का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करायेंगे वरन सरकार की योजनाओं के तहत आवास बनाने के लिए भी पहल करेंगे। उनके परिवार को शहरी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व, विकास के लिए प्रतिबद्धता व कार्य को देखते हुए नगरवासी सौंपते रहे हैं।

### लोक अदालत में कई मामले का हुआ निष्पादन



मेदिनीनगर। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को न्यायालय परिसर में किया गया। लोक अदालत का उदघाटन पीडीजे नीरज कुमार श्रीवास्तव ने लाभुको से द्वीप प्रज्वलित कर कराया। उन्होंने कहा कि लाभुक ही लोक अदालत के अतिथि के समान है। सुलभ न्याय पाने का इससे बेहतर कोई मंच नही हो सकता। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे विनोद कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार, अमरेश कुमार, प्रेम नाथ पांडेय, शंकर कुमार महाराज, आनंद सिंह, अर्पित श्रीवास्तव, संदीप निशित बारा, शिखा अग्रवाल, निशिकांत, परमानंद उपाध्याय, ऋतु कुजूर, अमित गुप्ता, मनोज, सतीश कुमार मुंडा, प्रतीक राज, अमित बंसल, मिस रूबी, मिस अपेक्षा,चन्दन कुमार गोस्वामी, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, अमिताभ चन्द सिंह, संतोष कुमार पांडेय के अलावे बैंक के प्रबंधक, कई विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

## आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पतरिया खुर्द पंचायत मे आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया। शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख गायत्री देवी, जिला परिषद सदस्य रामलव प्रसाद चौरसिया, उप प्रमुख सुनील कुमार सिंह, मुखिया रानी सिंह, प्रखण्ड बीस सुत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रमुख गायत्री देवी ने कहा की सरकार ग्रामीण के लिए कई कल्याणकारी योजना चला रही है जिसे ग्रामीण लाभुक को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे आकर लाभ लेने की जरूरत है। रामलव चौरसिया ने कहा कि ग्रामीण लाभुक अपने पंचायत मे पहुंच कर जरूर लाभ ले। उप प्रमुख सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सरकार ग्रामीणो लाभुको को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। बीडीओ नितेश भास्कर ने मजदूर ग्रामीणो को जॉब कार्ड व वृद्ध गरीब ग्रामीण के बिच 150 कंबल, स्वास्थ्य कार्ड एवं छात्रो के बिच गुरूजी क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया।

### पाटन प्रखंड के कांके पंचायत मे हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



पाटन पलामू। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पाटन प्रखंड के कांके पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पाटन बीडीओ अमित कुमार झा पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा कांके पंचायत कि मुखिया सरिता देवी कांके पंचायत समिति सदस्य रीना देवी बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय बीससुत्री सदस्य इस्तेखार अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगाकर जनता से आवेदन प्राप्त किये गये। शिविर में बीपीआरो कामेश्वर मेहता, शीवम कुमार चितरांगद कुमार, मनरेगा बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, दीपक तिवारी, ब्रजेश कुमार रोजगार सेवक शशिकांत सिंह, पंचायत सचिव आलोक पाण्डेय, कुंदन चौबे सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। शिविर में जौब कार्ड, साड़ी धोती का वितरण किया गया। वहीं बीडीओ अमीत कुमार झा, पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, मुखिया सरिता देवी एवं रामानंद पाण्डेय, सबया रानी के द्वारा बारह समुह को चालीस लाख ऋण दिया गया। इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार सिंह, ज्ञानमती देवी, पुनम देवी, शिवरात्रि देवी कविता देवी सहित समुह कि दीदी उपस्थित थे। संचालन धीरज सिंह ने किया।

### राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी निकालेगा आक्रोश मार्च



मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के प्रदेश कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने की। अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार सनातन और ब्राह्मण की रक्षा हेतु सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। हमारा भी यह जबाबदेही बनता है कि वीर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाएं। रविवार को 3 बजे प्रदेश कार्यालय से एक आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। जो चंद्रशेखर आजाद चौक रेड़मा तक जाएगा और फिर वहां सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। बैठक में प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, मार्गदर्शक नवीन तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, अमित पाण्डेय, प्रदीप दूबे, गोपाल पाण्डेय, रुपेश तिवारी, श्रीकान्त तिवारी, राजेश चौबे उपस्थित थे।

## तूरी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के तूरी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से प्रशिक्षु आईएएस सह बीडीओ रवि कुमार, सीओ यामुन रविदास, आकांक्षी ब्लाक कोर्डिनेटर प्रणव कुमार, मुखिया संदीप यादव के द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में 7 स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना का लाभ देने के साथ ही लाभुकों के बीच धोती, साड़ी और कंबल वितरित किया गया। मौके पर एमओ ब्रजेश कुमार बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, निरंजन सिंह, बसंत राम, सरजू बैगा, प्रगति प्रकाश, रंजन मनोज, राहुल कुमार, अमित कुमार, विश्वनाथ विश्वकर्मा, पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, पंकज चौधरी, अशोक कुमार, मिथलेश पासवान, जमाल वारिस, सोनू कुमार के अलावे रामू यादव, महादेव यादव, महेंद्र यादव डॉ ओमप्रकाश सिंह, रामजी पासवान, मिथलेश यादव, उमा यादव, रवि यादव, सुनिल कुमार, विजय यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को विदाई दी



हरिहरगंज पलामू। सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक डॉ विन्देश्वरी प्रसाद चौधरी को भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक व्यास नारायण सिंह ने की तथा संचालन शिक्षक डॉ ओरेन्द्र कुमार यादव ने किया। मुख्य अतिथि शिक्षक युगेश प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि नंदकुमार सिंह तथा प्राचार्य अजय कुमार राय की उपस्थिति में वक्ताओं ने डॉ विन्देश्वरी प्रसाद चौधरी की विद्वता, व्यवहार कुशलता से पूर्ण सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ जीवन, दीघार्यु होने की कामना की। वहीं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने शिक्षकों को अपने कर्तव्य पथ पर अटल रहते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान मार्कंडेय मिश्रा की पुत्री ऐश्वर्या मिश्रा तथा वैष्णवी मिश्रा ने कई भक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान श्रेयांश मिश्रा ने तबला पर संगत किया। विद्यालय की छात्रा आरिफा नाज सहित कई छात्र छात्राओं ने गीत नृत्य का प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापक मदन कुमार सिंह, हरिद्वार मेहता, अभिलाषा कुमारी, रवि यादव, धर्मेंद्र कुमार सिंह,अभय कुमार, शिक्षक नागदेव यादव, नीरज कुमार सिंह, कन्हैया प्रसाद सिंह, गोपाल शरण राणा, डॉ राजकुमार, ऋषिकेश कुमार, योगेंद्र राम, विकास चंद्र, विवेक कुमार, सलमा लकड़ा, अंजली कुमारी, कपिल कुमार, भरदूल पासवान, मो अबूसाद, प्रणव कुमार, राहुल सहित कई शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर आज

मेदिनीनगर। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वारः कार्यक्रम के तहत 10 दिसंबर दिन रविवार को जिले के विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। हुसैनाबाद प्रखंड के कोसी पंचायत में, छतरपुर प्रखंड के चेराई-1 पंचायत में, चैनपुर प्रखंड के झरिवा पंचायत में, पाटन प्रखंड के रुदिडीह पंचायत में और पांकी प्रखंड के अंबावार पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## बांसडीह खुर्द में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़ पलामू। प्रखण्ड के बांसडीह खुर्द पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, अंचलाधिकारी संजय बाखला, बीस सूत्री उपाध्यक्ष उदय कुमार यादव, प्रखंड प्रमुख प्रेमनी देवी, उपप्रमुख मालती देवी, पंचायती राज पदाधिकारी गिरिवर उरांव, बांसडीह खुर्द पंचायत के मुखिया संगीत देवी के द्वारा समिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा योजनाओं के बारे मे बिस्तार पूर्वक बताया गया। वही बीस सूत्री उपाध्यक्ष उदय कुमार यादव के द्वारा बताया गया कि सरकार की महत्वकांक्षी और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वैसे व्यक्ति को देना है जो अभी तक योजनाओं से वंचित है। मौके पर अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ हेतु आवेदन लिया गया। मौके पर उपस्थित प्रखण्ड कार्यकम पदाधिकारी सहाबुद्दीन अंसारी, पंचायत सचिव ताहिर अली, नाजिर धर्मजीत कुमार, प्रखंड समन्वयक अनूप कुमार, ग्राम रोजगार सेवक योगेन्द्र उरांव, पुरषोत्तम कुमार, अविनाश कुमार, सहाबुद्दीन अंसारी थे।

# सदर के नये बीडीओ का बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने किया स्वागत

**समस्याओं पर किया विचार विमर्श**



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डूंगडूंग को प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही सदर प्रखंड के मूलभूत सुविधा व अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया। शिष्टमंडल ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए सुधार हेतू कई आवश्यक सलाह दिया। शिष्टमंडल ने जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतराकर जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने का आग्रह किया। इसके साथ ही साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही जनोपयोगी योजनाओं से लोगों को आच्छादित करने को कहा। बीस सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने नवपदस्थापित बीडीओ से कहा कि बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की मासिक समीक्षा बैठक प्रत्येक माह में करने का सूझाव दिया। ताकि बैठक से जनहित से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो सके। बीडीओ डूंगडूंग ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने का प्रखंड प्रशासन के साथ प्रखंड जनप्रतिनिधियों का सहयोग आवश्यक है। तभी जाकर प्रखंड का विकास संभव हो पायेगा। स्वागत करनेवालों में प्रेम प्रकाश ठाकुर, जतरू उरांव व अन्य शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## कुंडौरी डाकघर बंद रहने से ग्रामीण परेशान



**बोकारो।** तुपकाडीह की कुंडौरी शाखा डाकघर का काउंटर विगत एक माह से बंद होने के कारण लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र आदि भेजने खाते में जमा निकासी करने एटीएम कार्ड पैन कार्ड चेकबुक के लिए लोग घंटों इंतजार करने के बाद घर लौट जाने को मजबूर होते हैं। बताया जाता है कि रोहित कुमार नामक पोस्ट मास्टर की बिहार में नौकरी लग जाने और इस्तीफा देकर उनके घर चले जाने के बाद से अब तक नया पोस्ट मास्टर यहां पर नहीं आया है। फिलहाल मात्र एक डाकिया के भरोसे कुछ काम होता है। इसी प्रकार मानगो डाकघर भी बंद रहता है। कनारी पंचायत के उप मुखिया राजू महतो ने बीएस सिटी सेक्टर 2 हेड पोस्ट मास्टर से मिलकर कुंडौरी और मानगो में पोस्ट मास्टर देने की मांग की है।

## डुमरियाटांड़ में 2900 फीट रोड का शिलान्यास

**धनबाद।** गोविंदपुर प्रखंड के अंतर्गत ग्राम डुमरियाटांड़ से अन्य ग्रामों को जोड़े जाने वाली डीएमएफटी के माध्यम से 2900 फीट लगभग 30 लाख रुपए के लागत से रोड का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य सोहराब अंसारी महुबनी पंचायत मुखिया गुल्लू अंसारी के द्वारा सड़क का शिलान्यास किया गया। सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे इंजीनियर व ग्रामीणों की गणमान्य उपस्थिति में सड़क ढलाई कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य व पंचायत मुखिया को आभार व्यक्त किया।

## डीएवी कथारा को नया बस मिलने से बच्चों में खुशी

**बेरमो/जारंगडीह।** विगत दो दिन पूर्व कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता एंव अन्य अधिकारियों एवं सलाहकार समिति सदस्यों के साथ 3 बस का उद्घाटन किया गया था। जिसमें दो बस कथारा क्षेत्र कोएएक बस जारंगडीह परियोजना को दिया गया एजो शनिवार से बच्चों को लेकर सीनियर डीएवी स्कूल कथारा के लिए रवानगी किया गया। जिसमें बच्चों की खुशी झलक देखी गई। इस मौके पर प्राइवेट ड्राइवर के रूप में कुलवंत सिंह एवं जारंगडीह सीसीएल के कर्मी खलासी राजेंद्र राम के रूप में बस में मौजूद थे। इसके लिए स्थानीय तमाम यूनियन पदाधिकारियोंए नेताओंएसीसीएल कर्मीयों एवं स्थानीय अभिभावकोंए ग्रामीणों ने कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ताए परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुईनए एसोइंएंडएम विपिन कुमार को बधाई दी है।

### आइआइटी-आइआइएम के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति के आगमन प्रशासन चुस्त

# धनबाद डीसी-एसपी ने लिया शहर की सुरक्षा का जायजा, दिये निर्देश

**प्रशासनिक तैयारी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के आईआईटी( आईएसएम) दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के संदर्भ में उनके धनबाद आगमन हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में संबंधित प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, सिविल सर्जन,धनबाद अग्निशमन पदाधिकारी, धनबाद, कार्यपालक अभियंता/ संबंधित अभियंता ,भवन प्रमण्डल/विधुत प्रमण्डल/ पथ निर्माण/ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, में ब्रीफिंग किया गया। उपायुकत ने कहा की सभी लोग अपने काम में अलर्ट, सिंसियर एवं फोकस रहे। साथ ही जिस रूट लाइन से महामहिम जाएंगे वहां पर बैरिकेटिंग की व्यवस्था रहेगी। महामहिम के आगमन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हैलीपैड पर भी सारी व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। बीते शाम मौक ड्रिल एवं ट्रायल लैंडिंग के माध्यम से तैयारी देख ली गई है। साथी आईआईटी आईएसएम के कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया गया है। वहीं शहर की साफ - सफाई, रोड की मर्मती एवं लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। साथ ही साथ सिविल सर्जन को एवं डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति की गई है और एसएनएमएमसीएच, सीएचसी गोविंदपुर /निरसा को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम में बिना आई कार्ड के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी पदाधिकरी कमांड के आधार पर कार्य करें। कारकेट के बीच में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो इसका ख्याल रखें। रूट मैप के अनुसार सड़कों पर वाहनों की पार्किंग न रहने तथा कुछ स्थलों पर वाहनों की नोइंट्री रखने का निर्देश दिया है।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर सीटी एसपी, रूरल एसपी, डीएसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, सिविल सर्जन,धनबाद अग्निशमन पदाधिकारी, धनबाद, कार्यपालक अभियंता/ संबंधित अभियंता ,भवन प्रमण्डल/विधुत प्रमण्डल/ पथ निर्माण/ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहें।

## बीआईटी की पूर्व छात्रा ने अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए किया प्रेरित



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** इसरो की वैज्ञानिक व बीआईटी सिंदरी की पूर्व छात्रा निवृत्ति प्रियदर्शिनी ने शनिवार को संस्थान में आयोजित अकादमिक सत्र में अंतरिक्ष अन्वेषण अंतर्दृष्टि से प्रेरित किया। बड़े सपने देखने और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का साहस करनेवालों के लिए यह आयोजन असीमित संभावनाओं की याद दिलाता है। बीआईटी सिंदरी में आयोजित जानकारीपूर्ण सत्र में अकादमिक समुदाय ने इसरो की वरिष्ठ वैज्ञानिक निवृत्ति प्रियदर्शिनी के मनोरम व्याख्यान को सुना। वर्ष 1998 में बीआईटी सिंदरी से स्नातक कर चुकी प्रियदर्शनी ने अंतरिक्ष अनुसंधान के गतिशील क्षेत्र में अपनी यात्रा और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए अपने अल्मा मेटर में लौट आईं। उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और चुनौतियों पर एक अद्वितीय दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उनकी योजना ने सभी प्रतिभागियों के लिए एक सहज और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित किया। इससे सीखने और प्रेरणा के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक डॉ मो अबुल कलाम, डॉ विनीत शेखर, डॉ राजेंद्र मुर्मू, प्रो संजय पाल, डॉ राहुल कुमार, प्रो आर एन देव मौजूद थे।

## जिला प्रशासन, पुलिस, बीसीसीएल और सीआईएसएफ के खनन टास्क फोर्स की बैठक में बनाई रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पुटकी क्षेत्र में अवैध कोयला तस्करी को रोकने हेतु जिला प्रशासन,पुलिस,बीसीसीएल एवं सीआईएसएफ की सयुंक्त खनन टास्क फोर्स की बैठक पुटकी अंचलाधिकारी (सीओ ) विकास आनंद की अध्यक्षता में पुटकी गेस्ट हॉउस में हुई। बैठक में अवैध कोयले की तस्करी को रोकने हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमे कोयला चोरी में थाने में नामजद एफआईआर करने,विशेष अभियान के तहत प्रत्येक माह एक दिन सयुंक्त छापेमारी एवं आउट सोर्सिंग कम्पनी में कोयला चोरी स्थल को चिन्हित करना आदि शामिल हैं। बैठक में जीएम पीबी एरिया अरिंदम मुस्तफी, जीएम सिजुआ एरिया अनूप कुमार राय,सीआईएसएफ इंस्पेक्टर पीके शुक्ला,पुटकी इंस्पेक्टर जगदेव पाहन तिर्की,भागाबांध ओपी प्रभारी राजीव कुमार तुरी,गोंदुडीह प्रभारी कुंदन कुमार के अलावे डीके सिंह, योगेंद्र बिरुली, जेके सिंह, उपेंद्र सिंह दर्जनों अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। उठ रहे सवाल क्या सिर्फ बैठक करने और कोयला तस्करों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने से कोयला तस्करो में भय बनेगा या कोयला तस्करो पर लगाम लगाने हेतु बड़े पैमाने पर उनकी गिरफ़्तारी भी करनी होगी।मुख्य कोयला तस्कर पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं । और अब तो कोयला तस्करो के निशाने पर पुलिस हैं पूरे कोयलांचल में कोयला तस्कर तांडव कर रहे हैं निरसा, जोगता सहित अन्य थाना क्षेत्र में कोयला तस्करो को पुलिस का भय खत्म हो गया हैं। पुलिस जवानों के साथ मारपीट , पेट्रोलिंग जीप को टक्कर मार देना हो या सीआईएसएफ जवानों का बंदूक छीन लेने की घटना हो जो बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण घटना हैं जो दशार्ता हैं।

## कांग्रेसी सांसद की अकूत संपत्ति की बरामदगी पर जांच के लिए ईडी संज्ञान ले : बिरंची नारायण



**सांसद धीरज साहू के यहां से 300 करोड़ का कैस बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो विधायक व सचेतक बिरंची नारायण ने अपने आवासीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर कांग्रेस के राज्य सभा सांसद धीरज साहू के यहाँ से बरामद 300 करोड़ से ज्यादा की राशि पर क्षोभ व्यक्त करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के कई विभागों के बजट से बड़ी इस धनराशि का प्रयोग सम्भवतः छत्तीसगढ़ में चुनावी चकल्लस यानि खरीद फरोख्त के लिए किया जाना था परन्तु जनता जनार्दन ने भाजपा को स्पष्ट बहुमत देकर इनके इरादों पर पानी फेर दिया। सूबे के मुख्यमंत्री के नैतिकता के नाते इस्तीफा देने की बात उठाते हुए उन्होंने ईडी से इस धन राशि के विस्तृत जाँच की बात कही और मनी लांड्रिंग की सम्भावना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि झारखंड के हर जिले में पार्टी के कार्यकर्ता इस विषय पर आम जनता की आवाज और वर्तमान भ्रष्ट राज्य सरकार की कलई खोलने हेतु प्रेस वार्ता कर रहे हैं ताकि राज्य सरकार के सहयोगी कांग्रेस की हकीकत उजागर हो सके।

**वार्ता में ये लोग थे शामिल**

वार्ता में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह महामंत्री जयदेव रॉय कमलेश राय शशि भूषण ओझा मुकुल कोषाध्यक्ष अशोक कुमार पप्पू महेंद्र राय इंद्र कुमार झा संजय त्यागी व अन्य उपस्थित थे।

एक नजर में

## जोमैटो डिलीवरी बॉय के खाते से 75 करोड़ का ट्रांजैक्शन, जांच को पहुंच आयकर टीम

**धनबाद।** धनबाद में 75 करोड़ का ट्रांजेक्शन करने वाले कारोबारी को ढूंढने आयकर विभाग की टीम पहुंची और उनके हाथ लगा जोमैटो डिलीवरी बॉय मोनू कुमार जो सरायढेला महतो टोला में दो हजार रुपये के किराए के कमरे में रहता है। उसके पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं और मां दूसरे के घरों में झाड़ू-पोंछा लगाती है, लेकिन मोनू के खाते से पिछले कुछ माह में 75 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। लेनदेन की सूचना के बाद आयकर विभाग की टीम मोनु के घर पहुंची । हालांकि इस मामले को लेकर मोनू कुमार ने बताया कि नौकरी के लिए उसने अपने एक मित्र को आधार कार्ड और अपना बैंक पासबुक एवं फोटो दिया था। इसके बाद आयकर विभाग के टीम उस शख्स तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है जिसने 75 करोड रुपए का ट्रांजैक्शन मोनू कुमार के बैंक पासबुक से किया है।

## चास कॉलेज में जागरूकता कार्यशाला



**बोकारो/तालगड़िया।** चास महाविद्यालय के सभागार में प्राचार्य डॉ बीएन महतो की अध्यक्षता में तनाव प्रबंधन व तंबाकू के दुष्प्रभाव विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यशाला में प्राचार्य डॉ महतो ने विद्यार्थियों के तनाव प्रबंधन संबंधी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बतौर मुख्य अतिथि एमएनएचपी प्रोग्राम के नोडल पदाधिकारी डॉ प्रशंसा कुमार मिश्रा ने कहा कि तनाव रहित रहने के लिए समय प्रबंधन पर जोर देना आवश्यक है। इस दौरान तंबाकू के प्रयोग से होने वाले विभिन्न रोगों से उन्होंने अवगत कराया। साथ ही उससे बचाव हेतु कई उपाय बताये। मौके पर विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सफल दस युवाओं को टी शर्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छोटेलाल दास मोहम्मद असलम डॉ केएन झा डॉ रघुवर सिंह डॉ पीसी ठाकुर डॉ केएसएन सिंह प्रोफेसर राम प्रवेश डॉ विनय सिंह डॉ उपेन्द्र गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## झरिया में जल्द शुरू होगी जलापूर्ति : प्रकाश

झरिया । झमाडा के विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति से संबंधित एक बैठक रवि राज शर्मा , प्रबंध निदेशक, झमड़ा की अध्यक्षता में सचिव प्रकाश कुमार, अनूप कुमार सामंत, प्रभारी मुख्य अभियंता, कौसलेश कुमार यादव, मनोज कुमार सिंह सहायक अभियंता, केटीपीएल के जेनरल मैनेजर रमेश कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर सतीश रेड्डी, पीएमसी के प्रोजेक्ट मैनेजर एल डी त्रिपाठी एवं अन्य तकनीकी सदस्यों के उपस्थिति में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में केटीपीएल के द्वारा 22 अदद पुराने मोटर पम्प को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने एवं अधिस्थापन के लिए निर्देश दिए गए।

## चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड 10 में उमड़ी लाभुकों भीड़

**आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** चिरकुंडा-सरकार द्वारा 15 नवम्बर से 29 दिसंबर तक चलाये जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम का आज शनिवार को चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 10 स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय लायकडिह में आयोजित की गयी। कार्यक्रम शिविर में कई विभागों का स्टॉल लगा कर लाभुकों को सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ताकि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। वही चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 10 में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय लायकडीह में कार्यक्रम आयोजित की गई जिससे मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का शुभारंभ करने मुख्य अतिथियों में एगयारकुंड सीओ कृष्ण कुमार मरांडी, चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक संदीप पासवान, जेएमएम धनबाद जिला के महिला मोर्चा की लखखी देवी, सुनीता सिंह, धनबाद केंद्रीय संगठन सचिव मदन महतो, केंद्रीय सदस्य काजल चक्रवर्ती, झामुमो के चिरकुंडा नगर अध्यक्ष रंजीत बाउरी, सहित अन्य लोगों को आंगनवाड़ी सेविका द्वारा फूलबुके देकर उनका स्वागत किया गया। वही कार्यक्रम के सम्बंध में बताया गया कि राज्य सरकार की उन सभी योजना को जो धरातल पर है जिसे क्षेत्र के हर व्यक्ति को सीधे लाभ मिल सके।वही बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जैसे का स्टॉल लगाया गया है। जिसमे लोग बढ़चढ़ कर भाग ले रहे है।

## बांकुड़ा के पूर्व सांसद बासुदेव आचार्य के निधन पर सिंदरी चर्च में हश्रद्धांजलि सभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बांकुड़ा के पूर्व सांसद सह सीपीआईएम वरिष्ठ नेता बासुदेव आचार्य के विगत 13 नवंबर 2023 को आकस्मिक निधन पर शनिवार को सीपीआईएम की सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी ने सिंदरी चर्च हॉल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। इसमें दो मिनट का मौन धारण कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सभा के मुख्य वक्ता भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डा काशीनाथ चटर्जी ने कहा कि वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। समाज सेवा में उन्होंने जो गहरी रेखा खींची निकट भविष्य में उसका मिटना असंभव है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि वे सादा जीवन उच्च विचार वाले बड़े नेता थे। सीपीआई(एम) के जिला सचिव संतोष घोष ने कहा कि बासु दा मरते दम तक मजदूर आंदोलन में रहे। अंत समय में भी कोल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। अध्यक्षता काली सेन गुप्ता ने किया और संचालन विकास कुमार ठाकुर ने किया।

**श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल**

श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ नेता गोपीकांत बक्शी, बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुंदरलाल महतो, प्रो राजेंद्र मिश्रा, योगेंद्र महतो, भगवान दास पासवान, नौशाद अंसारी, गौतम प्रसाद, सूर्य कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह, मिठू दास, रानी मिश्रा, संतोष महतो, उपासी महतो, सुबल मल्लिक, भोला पासवान, समीरन विद, रजनीकांत मिश्रा, सुबल दास, प्रफुल कुमार स्वैंन, दिलीप कुमार विश्वकर्मा, श्यामापद मंडल, राम लाल महतो उपस्थित थे।



## बीएसएल में एक नए सफर की शुरूआत

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के एचआरडी के मुख्य सभागार में दिसंबर 2023 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से एक नए सफर की शुरूआत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक अंकिता देव ने नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉक्टर रमेश कुमार हेम्ब्रम चिकित्सा पदाधिकारी और योग विशेषज्ञ डॉक्टर नवधा ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। वित्त एवं लेखा विभाग के उप प्रबंधक सुश्री मैनु श्री गोगोई ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक रंजीत रंजन ने उपस्थित समूह को धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। एसीटी संगीता कुमारी ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 120 करोड़ की हुई रिकवरी

**46 हजार 337 विवादों का हुआ निपटारा**

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद ।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 23 के अंतिम नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक , आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है ।नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा की लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है ।इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है. इसके साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है।लोगों मे प्रेम ,शाति ,समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है! उन्होंने कहा कि 23 नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है! उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है। उन्होंने बताया कि दोपहर एक बजे तक विभिन्न तरह के 46 हजार 337 विवादों का निपटारा कर दिया गया वहीं कुल 120 करोड रुपए की रिकवरी कर ली गई उन्होंने बताया कि शाम 4:00 बजे तक यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है।

**लोक अदालत में मौजूद थे न्यायाधीश**

न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन, अपर प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट एस एन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह , अखिलेश कुमार , लेबर जज प्रेम लता त्रिपाठी , प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी , राजीव त्रिपाठी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रज्ञेश निगम, शिवम चौरसिया, अवर न्यायाधीश एंजेलिना जॉन, एसडीजेएम पूनम कुमारी, प्रतिमा उरांव स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन पियूष कुमार , रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी डालसा के पैनल अधिवक्ता, डालसा सहायक ,सौरव सरकार, अरुण कुमार, संजय सिन्हा, संतोष महतो, ओम प्रकाश पासवान, हेमराज चौहान , राजेश कुमार सिंह , पंकज कुमार वर्मा, अबुल कलाम, अजित दास, अरविंद प्रसाद अन्य लोग उपस्थित थे। सचिव श्रीमती बारला ने नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन के लिए सभी वादकारी सिविल कोर्ट कर्मचारी धनबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और विभिन्न विभाग के अधिकारियों का आभार प्रकट किया।

## जिला की मांग को लेकर धरना जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट स्थित अनुमंडल कार्यालय के समीप जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक संतोष नायक का चौथा दिन भी धरना जारी है। धरना प्रदर्शन में सहयोग कर रहे सेवा गंझू एकुलदीप प्रजापतिएमिथुन चन्द्रवंसी तथा अधिवक्ता संघ सह समिति के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा एवं संघ एवं समिति के सचिव वकील प्रसाद महतो जीप सदस्य प्रतिनिधि सह समाज सेवी नारायण प्रजापति के साथ सभी अधिवक्ता सहयोग में जुटे हुए हैं । धरने के चौथे दिन बोकारो जिला दांतु पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के संगठन सचिव चन्द्रशेखर नायक ने कहा की बेरमो अमुमण्डल के सभी पंचायत के मुखिया ने अपना नैतिक के साथ तन मन धन के साथ समर्थन देने का घोषणा किया है। तथा कसमार प्रखंड के मुखिया भी प्रति दिन अलग अलग पंचायत के मुखिया धरना स्थल पर पहुंचकर अपना सहयोग करने का निर्णय लिया है। तेनुघाट के दुकानदारों ने संघर्ष में तन मन धन के साथ सहयोग दिया है। इस कड़ाके के ठंड में भी उनके हौसले को मजबूती देने का काम अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों ने बखूबी निभा रहे हैं। सभी वर्गों का समर्थन हमे प्राप्त हो रहा है चाहे दुकादार भाई हो या किसान मजदूर सभी भाइयों का सहयोग हमे मिल रहा है। श्री नायक ने कहा कि बहुत जल्द जिला का दर्जा मिल कर रहेगा। मंच का संचालन अधिवक्ता प्रल्हाद महतो ने किया।

## समय संवाद

वन विभाग ने खेलकूद का सामान बनाने वाली इलाहाबाद की साइमंड कम्पनी का गोपेश्वर से एक किलोमीटर दूर मण्डल नाम के वन से अंगू के पेड़ काटने की इजाजत दे दी है। वनों के ठीक बगल में बसे गांव वाले जिन पेडों को छू तक नहीं सकते थे, अब उन पेडों को दूर इलाहाबाद की एक कम्पनी को काटकर ले जाने की इजाजत दे दी गई। अंगू से टेनिस, बैडमिंटन जैसे खेलों का सामान मैदानी कम्पनियों में बनाया जाये-इससे गांव के लोगों या दशौली ग्राम स्वराज्य संघ को कोई एतराज नही था। वे तो केवल इतना ही चाहते थे कि पहले खेत की जरूरतें पूरी की जाये और फिर खेल की। इस जायज मांग के साथ इनकी एक छोटी-सी मांग और भी थी।

# अब तो कई चिपको आंदोलन की जरूरत

**मुरलीधर**



**चिपको** आंदोलन मूलतः उत्तराखण्ड के वनों की सुरक्षा के लिए वहां के लोगों द्वारा 1970 के दशक में आरम्भ किया गया आंदोलन है। इसमें लोगों ने पेड़ों को गले लगा लिया ताकि उन्हें कोई काट न सके। यह आलिंगन दर असल प्रकृति और मानव के बीच प्रेम का प्रतीक बना और इसे चिपको की संज्ञा दी गयी। चिपको आंदोलन के पीछे एक पारिस्थितिक और आर्थिक पृष्ठभूमि है। जिस भूमि में यह आंदोलन अपजा वह 1970 में आई भयंकर बाढ़ का अनुभव कर चुका था। इस बाढ़ से 400 किमी दूर तक का इलाका ध्वस्त हो गया तथा पांच बढ़े पुल, हजारों मवेशी, लाखों रुपये की लकडी व ईंधन बहकर नष्ट हो गयी। बाढ़ के पानी के साथ बही गाद इतनी अधिक थी कि उसने 350 कि०मी० लम्बी ऊपरी गंगा नहर के 10 कि०मी० तक के क्षेत्र में अवरोध पैदा कर दिया जिससे 8.5 लाख एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित हो गई थी और 48 मेगावाट बिजली का उत्पादन ठप हो गया था। अलकनदा की इस त्रासदी ने ग्रामवासियों के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी थी और उन्हें पता था कि लोगों के जीवन में वनों की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चिपको आंदोलन को ब्रिटिशकालीन वन अधिनियम के प्रावधानों से जोड कर भी देखा जा सकता है जिनके तहत पहाड़ी समुदाय को उनकी दैनिक आवश्यकताओं के लिए भी वनों के सामुदायिक उपयोग से वंचित कर दिया गया था।

स्वतंत्र भारत के वन-नियम कानूनों ने भी औपनिवेशिक परम्परा का ही निर्वाह किया है। वनों के नजदीक रहने वाले लोगों कोवन-सम्पदा के माध्यम से सम्मानजनक रोजगार देने के उद्देश्य से कुछ पहाड़ी नौजवानों ने 1962 में चमोली जिले के मुख्यालय गोपेश्वर में दशौली ग्राम स्वराज्य संघ बनाया था। उत्तर प्रदेश के वन विभाग ने संस्था के काष्ठ-कला केंद्र को सन 1972-73 के लिए अंगु के पेड़ देने से इंकार कर दिया था। पहले ये पेड़ नजदीक रहने वाले ग्रामीणों को मिला करते थे। गांव वाले इस हल्की लेकिन बेहद मजबूत लकडी से अपनी जरूरत के मुताबिक खेती-बाड़ी के औजार बनाते थे। गांवों के लिए यह लकडी बहुत जरूरी थी। पहाडी खेती में बैल का जुआ सिर्फ इसी लकड़ी से बनाया जाता रहा है, पहाड में ठण्डे मौसम और कठोर पथरीली जमीन में अंग के गुण सबसे खरे उतरते हैं। इसके हल्केपन के कारण बैल थकता नहीं। यह लकड़ी मौसम के मुताबिक न तो ठण्डी होती है, न गरम, इसलिए कभी फटती नहीं है और अपनी मजबूती के कारण बरसों तक टिकी रहती है।

चिपको आंदोलन का मूल केंद्ररेनी गांव (जिला चमोली) था जो भारत-तिब्बत सीमा पर जोशीमठ से लगभग 22 किलोमीटर दूर ऋषिगंगा और विष्णुगंगा के संगम पर बसा है।

**चिपको आंदोलन की मांगें**

चिपको आंदोलन की मांगें प्रारंभ में आर्थिक थीं, जैसे वनों और वनवासियों का शोषण करने वाली दोहन की ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर वन श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण, नया वन बंदोबस्त और स्थानीय छोटे उद्योगों के लिए रियायती कीमत पर कच्चे माल की आपूर्ति। धीरे-धीरे चिपको आंदोलन परम्परागत अल्पजीवी विनाशकारी अर्थव्यवस्था के खिलाफ स्थायी अर्थव्यवस्था- इकॉलाजी का एक सशक्त जनआंदोलन बन गया। अब आंदोलन की मुख्य मांग थी- हिमालय के वनों की मुख्य उपज राष्ट्र के लिए जल है, और कार्य मिट्टी बनाना, सुधारना और उसे टिकाए रखना है। इसलिए इस समय खड़े हरे पेड़ों की कटाई उस समय (10 से 25 वर्ष) तक स्थगित रखी जानी चाहिए जब तक राष्ट्रीय वन नीति के घोषित उददेश्यों के अनुसार हिमालय में कम से कम 60 प्रतिशत क्षेत्र पेड़ों से ढक न जाए। मृदा और जल संरक्षण करने वाले इस प्रकार के पेड़ों का युद्ध स्तर पर रोपण किया जाना चाहिए जिनसे लोग भोजन-वस्त आदि की अनिवार्य आवश्यकतों में स्वावलम्बी हो सकें। रेनी में हुए चिपको की खबर पाकर अगले दिन से आसपास के एक दर्जन से अधिक गांवों के सभी पुरुष बड़ी संख्या में वहां पहुंचने लगे।

# सदगुरु एक ही हैं...

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**सभी** धर्मों, पंथ और संप्रदाय का मार्ग एक ही है और इस कारण भक्ति की उंची स्थिति में पहुंचना ही भक्त का उद्देश्य होना चाहिए। सनातन हिन्दू, इस्लाम, ईसाई सहित सभी धर्मों के गुरु का कार्य जीव का उद्धार कराना ही है। आज यह बड़ी बात है कि सगुण के रूप में सदगुरु के दर्शन और श्रवण का लाभ मिल रहा है। एक भक्त पटना आश्रम में आते थे। वृद्ध थे और रामायण की अच्छी जानकारी थी। लगभग चार-पांच साल तक आने के बाद भी वे मंत्र दीक्षा नहीं ले रहे थे। उन्हें शिकायत भी थी कि उनके मित्र और सहयोगी उन्हें दीक्षा लेने पर जोर दे रहे हैं। लगभग पांच साल ब्रह्म विद्यालय और आश्रम के पटना और मुख्य स्थान तक जाने के बाद उन्होंने अपनी शंका जाहिर की कि गुरुदेव हमने देवराहा बाबा से दीक्षा ली है तब क्या ब्रह्म विद्यालय की दीक्षा ली जा सकती है।

लोग कहते हैं एक ही गुरु किया जाना चाहिए। यह सच है कि एक गुरु होना चाहिए। लेकिन गुरु तत्व पूरे संसार में एक ही है। आवश्यकता है आप जीवन में इसे अपना लें। उन्होंने मंत्र दीक्षा भी ली और सन्यासी भी बन गये। गुरु पद है उसे स्वीकार्य किया जाना चाहिए। वे अति विनम्र और मधुर बोलने वाले थे। गुरु के प्रति आपका प्रेम और समर्पण आपको बड़े ही शानदार ढंग से लौटता है। इस का साक्षात उदाहरण हमारे दरबार में एक नहीं अनेकों हैं।

जीव के उद्धार के लिए परम पूज्यनीय स्वामी शिवधर्मानंद जी ने जो वाणी और व्यवहार अपनाया वर्तमान समय में वह ज्ञान और भक्ति की संपूर्ण उंचाई का सर्वोच्च उदाहरण है। जब गढ़वा घाट काशी बनारस के स्वामी जी ने स्वामी शिवधर्मानंद जी को गंगा पार भेजा तो एक भी व्यक्ति सहयोग के लिए नहीं था। उन्हें एक गांव में भेज दिया। आज वही गांव पूरे देश में तत्व ज्ञान के प्रचार प्रसार का केन्द्र बना। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि काली मां के प्रति उनका जो प्रेम था उनका भाव था जिसमें रात-दिन डूबे रहते थे। स्वामी तोतेपूरे ने उन्हें ज्ञान का अहसास करा दिया। स्वामी रामकृष्ण उस परमतत्व को प्राप्त कर गुरु पद को सुशोभित किया। कार्यक्रम में भक्तों ने मंत्र दीक्षा प्राप्त की।

जैसे-जैसे आप गुरु से जुड़ते हैं वैसे-वैसे संसारिक से आपका संबंध कम होता जाता है। धीरे-धीरे आप भक्ति में जीते हुए गुरुमुख हो जाते हैं और आप जीव मुक्ति का मार्ग प्राप्त कर लेता है। निश्चित ही हम उसकी पूर्णता को समझ पाने में सफल होते हैं।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

# बॉक्सिंग क्या है?

सेंट लुइस 1904 के आधुनिक ओलंपिक खेलों में डेब्यू से पहले बॉक्सिंग को पहली बार 688 ईसा पूर्व में प्राचीन ओलंपिक खेलों में प्रदर्शित किया गया था। पेरिस 2024 में, कुल 248 मुक्केबाज प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिनमें 124 महिलाएं और 124 पुरुष शामिल हैं।

बॉक्सिंग खेल क्या है?

वहीं बता दें कि, आखिरी बॉक्सिंग खेल कैसा है। बॉक्सिंग बिना किसी हथियार के सिर्फ दोनों हाथों के साथ मुकाबला करने का एक तरीका है। जिसमें एक एथलीट अपने प्रतिद्वंद्वी के सिर या शरीर पर मुक्के मारकर अंक हासिल करने का प्रयास करता है। ये अंक जजों द्वारा तय किए जाते हैं या फिर मुकाबले के दौरान रेफरी किसी मुक्केबाज को मुक्केबाजी करने के लिए असमर्थ करार दे देता है।

बॉक्सिंग के नियम

बॉक्सिंग मुकाबला एक रिंग में होता है, जो 4.9 मी चौड़ी और 7.3 मी लंबी होती है। इसके चारों कोनों के बीच रस्सियां एक ऊंचे कैनवास मैच से जुड़ी होती हैं।

एक मुकाबले में दो मुक्केबाज कई राउंड में एक-दूसरे का सामना करते हैं, जो आमतौर पर तीन मिनट तक चलता है। एक रेफरी मुकाबले को नियंत्रित करने का काम करता है और वह मुक्केबाजी को बीच में ही रोक सकता है। अगर उसे लगता है कि कोई भी मुक्केबाज मुकाबले को जारी रखने में असमर्थ है। इसके साथ ही रेफरी मुक्केबाजों को लगी चोट या पहने हुए गियर को सही करने के लिए अस्थायी रूप में भी मुकाबले को कुछ देर के लिए रोक सकता है। अगर एख मुक्केबाज को मारकर जमीन पर गिरा दिया जाता है। तो इसे नॉकडाउन कहा जाता है और रेफरी 10 तक गिनती गिनना शुरू करता है। अगर रेफरी को लगता है कि किसी मुक्केबाज ने ब्रेक लेने के लिए एक दमदार मुक्का मारा है तो वह सीधे आठ काउंट भी कर सकता है।

जज हर राउंड से अलग-अलग स्कोर करते हैं और मुक्केबाज को 10 अंक में से उनके मुक्कों की शक्ति और सटीकता के आधार पर अंक देते हैं। हालांकि, बॉक्सिंग में अक्सर आक्रामकता के आधार पर भी अंक दिए जाते हैं। किसी भी राउंड को हारने वाला आमतौर पर नौ अंक प्राप्त करता है, लेकिन ये आठ भी हो सकता है। अगर विजेता बहुत ज्यादा प्रभावशाली रहा हो या उसने नॉकडाउन स्कोर किया हो।

वहीं भारत की लवलीना बोरगोहेन ने एशियन गेस्म 2023 बॉक्सिंग में महिलाओं के 75 किग्रा के फाइनल में प्रवेश किया।

# स्वाद ही नहीं औषधीय गुण के तड़के

**हरीशचंद्र पांडे**

**भारतीय** रसोईघरों में हींग, जीरा, राई, इलायची, अजवाइन आदि का छौंक नियमित रूप से लगाया जाता ही है। छौंक लगाने से दाल-सब्जी व कढ़ी आदि का जायका बढ़ जाता है। पर यह छौंक अपने आयुर्वेदिक गुणों के हिसाब से भी बहुत महत्वपूर्ण है। मिसाल के तौर पर हींग को ही लीजिए। सब जानते हैं कि हींग का छौंक लगाना दाल-सब्जी के जायके को बढ़ाएगा।

**पाचन में सहायक हींग**

गरम तेल में जीरे, राई व सौंप के साथ छौंक लगाने में हींग इस्तेमाल किया जा सकता है या फिर सब्जी पक जाने के बाद ऊपर से तड़का लगाते समय भी। नियमित रूप से हींग का खाने में उपयोग पेट को स्वस्थ और पाचन को दुरुस्त रखता है। हींग, पेट के मरोड़ और अपच से राहत दिलाता है।

**भूख बढ़ाए अदरक**

शायद कुछ ही लोग ऐसे होंगे, जिन लोगों को अदरक कम पसंद होगा। छौंक में डाला जाता है तो इसकी महक ही भूख जगा देती है। गोभी, मटर, गाजर, आलू आदि की सब्जी बगैर अदरक के छौंक के बेस्वाद सी लगती है। गरम तेल में अदरक के बारीक टुकड़े का छौंक बहुत स्वादिष्ट लगता है। अदरक-लहसुन को एक साथ भी छौंक लगाने में इस्तेमाल किया जाता है। अदरक पेट की गैस को मिटाता है। अदरक से पेट के कीड़े मर जाते हैं।

**जायफल का जायका**

आपको शायद ये लगता हो कि इसे अधिकतर दाल और पनीर आदि में ही इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन सब्जी छौंकते समय थोड़ा-सा जायफल अगर इस्तेमाल करें तो सब्जी की खुशबू और उसके जायके में बहुत फर्क पड़ेगा। हर मौसम में जायफल भोजन को सुपाच्य बनाता है व शरीर को सुरक्षात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। जायफल त्वचा के लिए बेहद लाभकारी है। इससे पेशाब का संक्रमण को कम करने में मदद मिलती है व गठिया के दर्द से राहत देता है।

**स्वाद बदलने वाली इलायची**

इलायची दो तरह की होती है। छोटी हरे रंग की व बड़ी काली। यह लौकी और मूली जैसी सादी सब्जी के स्वाद को काफी बदल सकती है और स्वाद को बहुत बढ़ा सकती हैं। यह वजन को नियंत्रित करती है।

जीरा मसाला भी, औषधि भी

हम अधिकतर घर में सब्जी बनाते हैं तो जीरा ही छौंक के लिए इस्तेमाल करते हैं। जीरा न केवल स्वाद देता है आयुर्वेदिक औषधि का काम करता है। यह शरीर का तापमान संतुलित रखता है। छौंक में नियमित जीरा इस्तेमाल किया जाये तो वजन भी घटता है। जीरा भूख बढ़ाता है वहीं इसमें आयरन भरपूर होता है।

**अरबी-अजवाइन का मेल**

अजवाइन का छौंक भी बहुत महत्वपूर्ण है। कढ़ी, सालन, अरबी की रस वाली सब्जी आदि तो अजवायन के छौंक बगैर अधूरी ही हैं। यो तो अजवाइन का स्वाद तीखा और कड़वा होता है पर अजवाइन के छौंक को औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। जुकाम-फ्लू से बचने के लिए आप हर व्यंजन में अजवाइन का छौंक लगाकर भोजन का आनंद ले सकते हैं।

**त्रिदोष ठीक करने वाली राई**

राई का छौंक तो गट्टे की सब्जी हो, कढ़ी हो या रायता हो सबमें स्वाद भर देता है। इसका छौंक सिर दर्द, कान के रोग, खुजली, कुष्ठ रोग, पेट की बीमारी में फायदेमंद होता है। यह अपच, भूख की कमी, बवासीर और गठिया में भी लाभदायक होता है।

# योग में सही जीवन जीने का ज्ञान



**स्वामी मुक्तरथ**

योग विस्मरण में दफन एक प्राचीन मिथक नहीं है। यह वर्तमान की सबसे बहुमूल्य विरासत है। यह आज की आवश्यकता है और कल की संस्कृति है - स्वामी सत्यानंद सरस्वती

योग सही तरह से जीने का विज्ञान है और इस लिए इसे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह हमारे जीवन से जुड़े भौतिक, मानसिक, भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक, आदि सभी पहलुओं पर काम करता है। योग का अर्थ एकता या बांधना है। इस शब्द की जड़ है संस्कृत शब्द युज, जिसका मतलब है जुड़ना। आध्यात्मिक स्तर पर इस जुड़ने का अर्थ है सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना का एक होना। व्यावहारिक स्तर पर, योग शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने और तालमेल बनाने का एक साधन है। यह योग या एकता आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बँध, षट्कर्म और ध्यान के अभ्यास के माध्यम से प्राप्त होती है। तो योग जीने का एक तरीका भी है और अपने आप में परम उद्देश्य भी।

योग सबसे पहले लाभ पहुंचाता है बाहरी शरीर (फिज़िकल बॉडी) को, जो ज्यादातर लोगों के लिए एक व्यावहारिक और परिचित शुरूआती जगह है। जब इस स्तर पर असंतुलन का अनुभव होता है, तो अंग, मांसपेशियां और नसें सद्भाव में काम नहीं करते हैं, बल्कि वे एक-दूसरे के विरोध में कार्य करते हैं।

बाहरी शरीर (फिजिकल बॉडी) के बाद योग मानसिक और भावनात्मक स्तरों पर काम करता है। रोजमर्रा की जिंदगी के तनाव और बातचीत के परिणामस्वरूप बहुत से लोग अनेक मानसिक परेशानियों से पीड़ित रहते हैं। योग इनका इलाज शायद तुरंत नहीं प्रदान करता लेकिन इनसे मुकाबला करने के लिए यह सिद्ध विधि है।

पिछली सदी में, हठ योग (जो की योग का सिर्फ एक प्रकार है) बहुत प्रसिद्ध और प्रचलित हो गया था। लेकिन योग के सही मतलब और संपूर्ण ज्ञान के बारे में जागरूकता अब लगातार बढ़ रही है।

**योग के लाभ -**

शारीरिक और मानसिक उपचार योग के सबसे अधिक ज्ञात लाभों में से एक है। यह इतना शक्तिशाली और प्रभावी इसलिए है क्योंकि यह सद्भाव और एकीकरण के सिद्धांतों पर काम करता है।

योग अस्थमा, मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, पाचन विकार और अन्य बीमारियों में चिकित्सा के एक सफल विकल्प है, खास तौर से वहाँ जहाँ आधुनिक विज्ञान आजतक उपचार देने में सफल नहीं हुआ है। एचआईवी (ऌकश) पर योग के प्रभावों पर अनुसंधान वर्तमान में आशाजनक परिणामों के साथ चल रहा है। चिकित्सा वैज्ञानिकों के अनुसार, योग चिकित्सा तंत्रिका और अंतःस्त्रावी तंत्र में बनाए गए संतुलन के कारण सफल होती है जो शरीर के अन्य सभी प्रणालियों और अंगों को सीधे प्रभावित करती है।

अधिकांश लोगों के लिए, हालांकि, योग केवल तनावपूर्ण समाज में स्वास्थ्य बनाए रखने का मुख्य साधन हैं। योग बुरी आदतों के प्रभावों को उलट देता है, जैसे कि सारे दिन कुर्सी पर बैठे रहना, मोबाइल फोन को ज्यादा इस्तेमाल करना, व्यायाम ना करना, गलत खान-पान रखना इत्यादि। इनके अलावा योग के कई आध्यात्मिक लाभ भी हैं। इनका विवरण करना आसान नहीं है, क्योंकि यह आपको स्वयं योग अभ्यास करके हासिल और फिर महसूस करने पड़ेंगे। हर व्यक्ति को योग अलग रूप से लाभ पहुंचाता है। तो योग को अवश्य अपनायें और अपनी मानसिक, भौतिक, आत्मिक और अध्यात्मिक सेहत में सुधार लायें।

# रेल यात्रा में चोरी सामान के मुआवजे का सवाल

**श्रीगोपाल नारसन**

यह सच है कि किसी भी रेल यात्री का रेल यात्रा के दौरान चोरी हुआ सामान यदि छह माह तक उसे वापस नहीं मिलता है तो वह रेलवे के विरुद्ध उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर कर सकता है। यह जागरूकता होना जरूरी है कि रेलवे स्टेशन पर या ट्रेन में अगर आपका कोई सामान चोरी हो जाता है तो आप रेलवे से चोरी हुए सामान के मुआवजे की मांग कर सकते हैं।

**वैध टिकट होना जरूरी**

प्लेटफार्म टिकट या फिर रेल यात्रा का वैध टिकट होने पर रेलवे स्टेशन या ट्रेन में सामान चोरी होने की स्थिति में सुप्रीम कोर्ट की विधिक व्यवस्था है कि अगर किसी यात्री का सामान रेलयात्रा के दौरान चोरी हो जाता है तो पीड़ित उपभोक्ता रेलवे पुलिस थाने में चोरी हुए सामान की शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके लिए यात्री को एक प्रारूप प्रपत्र भरकर देना होगा। अगर इस शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं होती और आपको आपका सामान भी नहीं मिलता है तो ऐसी स्थिति में आप रेलवे से मुआवजा पाने के हकदार होंगे। शिकायत दर्ज होने के बाद रेलवे द्वारा आपके खोए हुए सामान की कीमत का आकलन किया जाएगा और मुआवजा दिया जाएगा।

**ऑपरेशन अमानत**

रेलवे पुलिस ने लोगों के खोए हुए सामान को प्राप्त करने के लिए ऑपरेशन अमानत नाम की एक मुहिम शुरू की है। इसके तहत रेलवे पुलिस किसी भी खोए हुए सामान के प्राप्त होने की स्थिति में उसे अपने पास सुरक्षित रख लेती है और फोटो रेलवे जोन की वेबसाइट पर शेयर करती है। इस साइट पर आप अपना सामान पहचान कर उसे वापस प्राप्त कर सकते हैं।

**कीमत आकलन के बाद मुआवजा**

रेल यात्रा के दौरान चोरी हुए सामान के लिए भारतीय रेलवे की ओर से चोरी हुए सामान की कीमत का आकलन करने के बाद यात्रियों को उसके बदले में मुआवजे का भुगतान किया जाता है। अगर यात्रा के दौरान सामान रेल से चोरी हो जाता है तो पहले ट्रेन कंडक्टर या कोच अटेंडेंट या ट्रेन गार्ड या जीआरपी एस्कॉर्ट से संपर्क कर चोरी हुए सामान की सूचना देनी चाहिए। रेल कर्मियों या फिर सुरक्षा कर्मियों द्वारा आपको प्राथमिकी फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा जिसे भरकर कार्रवाई के लिए थाने भेज दिया जाता है। शिकायत किसी स्टेशन पर उतरकर भी दे सकते हैं।





**शुल्क देकर लगेज बुकिंग की शर्त**

इसका फायदा सिर्फ उन्हीं रेल यात्रियों को मिलता है,जो रेलवे के लगेज में निर्धारित शुल्क देकर अपने सामान की बुकिंग करवाते हैं। बुक किए गए सामान को किसी तरह का नुकसान होने पर रेलवे यात्री को नियमानुसार मुआवजा देता है। चंडीगढ़ जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने अपने एक फैसले में केंद्रीय रेल मंत्रालय के साथ-साथ उत्तर रेलवे को चंडीगढ़ निवासी एक उपभोक्ता को 50 हजार रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया था, जिसे यात्रा के दौरान ट्रेन से सामान चोरी होने के कारण परेशानी उठानी पड़ी थी।

**चोरी की शिकायत**

एक उपभोक्ता ने 27 जुलाई, 2017 को चंडीगढ़ से शिरडी की यात्रा के लिए 2 एसी टिकट बुक किए थे। वह एक बैग लेकर चंडीगढ़ से ट्रेन में चढ़ी थीं। ट्रेन में देर रात वे सो गईं। फिर 28 जुलाई सुबह डिब्बे में से कई यात्रियों का सामान चोरी हो गया। उपभोक्ता का भी सामान गायब था, उन्होंने रेलवे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि ट्रेन से उनका सामान चोरी होने के कारण न केवल उन्हें अपने सामान और आवश्यक दवाओं का नुकसान हुआ, बल्कि वह समय से दवा न ले पाने के कारण विकलांग भी हो गईं। रेल मंत्रालय और डीआरएम, अंबाला डिवीजन ने जवाब में कहा कि कथित चोरी रेलवे की कमी के कारण नहीं बल्कि शिकायतकर्ता की लापरवाही से हुई।

**आयोग का फैसला**

आयोग ने मामले की सुनवाई के बाद कहा कि शिकायतकर्ता को रेलवे के दोषपूर्ण कार्य के कारण मानसिक पीड़ा और वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा। आयोग ने रेल मंत्रालय और उत्तर रेलवे अधिकारियों को शिकायतकर्ता को हुए नुकसान की प्रतिपूर्ति 35 हजार रुपये का भुगतान करने निर्देश दिया। साथ मुआवजे और मुकदमा खर्च के रूप में अतिरिक्त 15000 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने यात्री के पक्ष में दिए गए राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के आदेश को पलट दिया है जिस फैसले से रेल उपभोक्ताओं को झटका भी लगा है। लेकिन इसका प्रभाव रेलवे में बुक किए गए सामान के रास्ते में खो जाने पर दिए जाने वाले क्लेम पर नहीं पड़ेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कोई लूटता है कोई टुकुर-टुकुर ताकता है...



**मनोज शर्मा**

**व्यंग्य**

गोस्साते किउं हो खिसाते किउं हो?

मैं हताश और गहरी निराशा में था जब मैंने देखा कि आदिवासी युवक लाल ब्लू चश्मा पहने इठलाते हुये बिना किसी चिंता के उस सपाट हो चुके मैदान में आ जा रहे थे।

ये पंक्तियां किसी कथा की है जिसे मैने आज से तीन दशक पहले पढ़ा था। कथा का सार था कि प्रकृति प्रेमी लेखक कहीं जंगल लगाने और उसे बचाने में सालों तक लगा रहा और एक लंबे अंतराल के बाद जब वापस वहां इस उम्मीद से पहुंचा कि जंगल घने और गांव हरियाली से लद गया होगा? तो उसने देखा कि पेड़ कट चुके हैं वहां सपाट मैदान है और युवा आदिवासियों में इसे लेकर कोई बेचैनी नहीं।वह रंगीन कपड़े और चश्में में हीं स्वयं को सर्वसुख संपन्न मान रहे हैं।

लेखक की हताशा जंगल कटने से ज्यादा वहां के युवाओं की बेगैरती और चिंतामुक्त होने को लेकर थी।

मैने जो पाया झारखंड में पहाड़ों जंगलों नदियों की बबार्दी में सबसे बड़ा योगदान उन्हीं का है जो जल जंगल जमीन बचाने का दंभ भरते हैं। इन्होंने ही बाहरियों को न्यौत कर यहां के संसाधनों को नोच कर बेचने का नेक्सस बनाया है।

आखिर एक निजाम को ही पत्थर खदान लीज लेने की क्या आवश्यकता आन पड़ी? जब कि उनका पूरा कुनबा यह दावा करता है कि झारखंड को बनाने में उन्हीं का हाथ है। धन कमाने के लिये खुद यहां के पहाड़ बेचने का लीज ले लिये? यह कानूनन सही हो सकता है, पर आपके लिये अनैतिक है।

**पेड़ अपना फल नहीं खाता**

नदी अपने नीर को नहीं पीती वैसे ही कोई झारखंड की लड़ाई लड़ने का दावा करने वाले को यहां के संसाधनों को खोद कर बेचने का लीज नही लेना चाहिए था। मैने यहां ग्रामीणों के हुजूम को एकजुट होकर पहाड़ काटने नदी को बालू के लिये खखोरने और जंगल उजाड़ने का प्रचंड विरोध करते नहीं देखा।

लोहरदगा में एक तालाब के बड़े हिस्से को भर कर कब्जाने का प्रयास एक शांतिदूत द्वारा जारी है। डाक्टर साहेब चुप हैं, वही डाक्टर साहेब जो कहते हैं कि बिहारी मारवाड़ी यहां आके सब कब्जा लिया।

और फेसबुकिये 32 के खतियान और भाषायी आंदोलन वाले? अरे छोड़िये भी वो तो 32 के खतियान वाले किसी आतंकी को भी अपना सबसे बड़ा शुभचिंतक मान बैठते थे , पता नहीं अभी शांत क्यों हैं?

सवाल कुछ है लेकिन उसका जबाव नहीं है? जैसे।

आखिर झारखंड के नारों में जल-जंगल और जमीन पर इशारा इतना ज्यादा क्यों है क्योंकि सबका ध्यान उधर ही था क्या?

एक बिहारी नेता जो कहते थे कि उनके लाश पर झारखंड बनेगा उनके सहारे चल रही सरकार में लूट की छूट नहीं होगी क्या?

धन लोलुप समाज अपना आदिवासी समाज तो था नहीं लेकिन चंद लोग बने नेता और उन्होंने जितना लूटा उतना कोई और लूटा क्या?

खनिज संपदा की एक सीमा है उसके बाद हम क्या करेंगे कहां जायेंगे इस बात का विमर्श हो सकता है क्या?

एक राजा को 100 साल की समझ होनी चाहिए आज ऐसा है क्या?

**(लेखक पत्रकारिता से जुड़े हैं।)**



## स्पीड न्यूज

### दोतल्ला पंचायत में शिविर आज




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में रविवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसकी सफलता को ले शनिवार को मुखिया सत्यवंती देवी ने प्रचार वाहन के माध्यम से ग्रामीणों को शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की। मुखिया सत्यवंती देवी ने दोतल्ला पंचायत के समस्त वार्ड के टोला-मोहल्ले में प्रचार वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया। ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण शिविर में पहुंचकर विकास योजनाओं का लाभ उठा सकें। साथ ही विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन जमा कर सकें। मुखिया ने ग्रामीणों से अपील करते हुए सरकार द्वारा संचालित सभी प्रकार की योजनाएं जो अपनी अहर्ता रखते हैं उससे कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे, इसके लिए सभी दस्तावेज लेकर समय पर पहुंचकर उक्त शिविर का लाभ उठाने की बात कही।

### योजनाओं का लाभ उठायें : जकाउल्लाह



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के चितरपुर पच्छमी पंचायत स्थित ईदगाह मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अथिति के रूप में मौजूद बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, विशिष्ट अथिति बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, उप प्रमुख मो. अरशद, समाजसेवी इंतेखाब आलम, पंचायत सेवक नेमचंद करमाली, बीस सूत्री सदस्य उत्तम पटवा, उप मुखिया तरन्नुम प्रवीण ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण लें। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना का लाभ योग्य उम्मीदवार को मिले। इसके लिए पहले चिन्हित करे तब उन्हें लाभ दे। शिविर में अबुआ आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, मनरेगा सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र कुमार महतो, पूर्व मुखिया सोनू, पंचायत सेवक विनोद करमाली, रवि कुमार, अजय मरांडी, वरुण कुमार, युगेश कुमार, नागेश्वर महतो, आशीष अनमोल एक्का, नाजिर योगेश गुप्ता, प्रखंड समन्वयक कमल साव, विक्की नायक, आँगनबाड़ी सेविका, सहिया दीदी के अलावा सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे

# समाहरणालय संवर्ग हजारीबाग कमेटी का गठन

## अध्यक्ष बने गोपाल पासवान और सचिव राजेश रंजन दूबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ समाहरणालय संवर्ग हजारीबाग कमेटी का गठन शुक्रवार को हुआ। इसमें अध्यक्ष गोपाल पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, वरीय उपाधीक्षक मनीष नारायण, उपाध्यक्ष विवेकानंद, अनील कुमार मेहता, संतोष लाल शर्मा, सुशील कुमार, जिला सचिव राजेश रंजन दूबे, संयुक्त सचिव शबनम टोपनों, प्रदीप लुंगुन, निशिकांत उपाध्याय, अनंत कुमार, संजय कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार दास, उपकोषाध्यक्ष नीतीश कुमार डे, जिला प्रवक्ता साक्षी कृष्ण अंबष्ट, उप प्रवक्ता श्रीकर चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी महावीर साव, सहायक मीडिया प्रभारी हरिनारायण साव, संगठन सचिव आशीष कुमार, बबलू कुमार, सुमन कुमार सिंह, विवेक कुमार, अखिलेश कुमार रंजन, गीता कुजूर, जितेंद्र कुमार साव, उमेश कुमार, दिलीप कुमार, अंकेक्षक सुनिल कुमार को चुना गया। जिला कार्यकारीणी सदस्यों में छोटेलाल, विजय कुमार साव, आनंदीनी पुर्ति, नवीन कुमार साहू, संतोष कुमार, आशिष कुमार, राकेश कुमार सिंहा, दिवाकर कुमार अग्रवाल और सतीश कुमार के नाम शामिल हैं। मुख्य संरक्षक विनेश राम, परामर्श समिति में महेंद्र किशोर प्रसाद, ललन कुमार, प्रभू साव, अजय कुमार, अमरदीप सिंहा और शैलेंन्द्र कुमार को शामिल किया गया हैं।



गोपाल कुमार पासवान।



राजेश रंजन दूबे।

# पर्यावरण संरक्षण में जीव-जंतुओं की अहम भूमिका : डॉ खेमलाल

## जीबीटीटीसी में लेक्चर सीरीज का समापन

खबर मंत्र संवाददाता

हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण कॉलेज मुकुंदगंज में शनिवार को लेक्चर सीरीज (व्याख्यानमाला) का समापन हो गया। समापन समारोह के अतिथि विभावि यूसेट के सहायक प्राध्यापक और एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ खेमलाल महतो ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन में पौधों के साथ जीव-जंतुओं और प्रकृति की अहम भूमिका है। उन्होंने उदाहरण के साथ बताया कि भारत की हर संस्कृति, धर्म और त्योहार प्रकृति का अनुपम उपहार है। इसके संरक्षण और संवर्द्धन के साथ संजोकर रखने की जरूरत है। उन्होंने स्मार्ट विलेज और सिटी की तरह जंगल, पहाड़ और नदियों को स्मार्ट बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भारत में हर वर्ष सिंगापुर के क्षेत्रफल के बराबर जंगल उजड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिड़ियां सर्वाधिक पौधरोपण के वाहक हैं। उन्होंने चिपको आंदोलन और वृक्षों की रक्षाबंधन की वकालत की। उन्होंने प्रकृति के स्वभाव, विलुप्त होते वन्यप्राणी, शुद्ध हवा की कमी, बदलते मौसम के मिजाज, प्रतिवर्ष 600 करोड़ टन से अधिक होते कार्बन डायऑक्साइड के उत्सर्जन के कारण पिघलता ग्लेशियर और उससे उत्पन्न होनेवाले भावी खतरे से आगाह कराया। उसका कारण और उससे बचाव के उपाय पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने एनएसएस कार्यकताओं की इसमें बड़ी भूमिका और जिम्मेवारी से भी अवगत कराया। मौके पर डॉ खेमलाल ने पर्यावरण पर लिखी अपनी लिखी पुस्तक प्राचार्य को भेंट की। मंच संचालन प्रशिक्षु मुकेश कुमार और धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार ने किया। मौके पर सभी प्राध्यापक और प्रशिक्षु मौजूद थे।




### श्रेय लेने में जुटे सांसद प्रतिनिधि : कृष्णा सिंह

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के विधायक कृष्णा सिंह ने सांसद जयंत सिन्हा के नाकामियों को सांसद प्रतिनिधि द्वारा छुपाने का आरोप लगाते हुए बताया है कि 5 दिसंबर को ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुछ सड़कों का रामगढ़ जिला में निविदा प्रकाशित किया गया है।

इसमें कुशियारा, किन्नी, जराद, आरासाह से लेम तक लगभग 7.900 किमी. लंबी पथ, पिपरीटोला पथ से सांकुल रोड, सांकुल रोड बरवा टोला से तालाब, सांकुल पंचायत भवन से पतरातु रोड तक पथ का विशेष मरम्मति का कार्य लंबाई 3.200 किमी. निम्मी से चिकोर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य लंबाई 3.500 किमी एवं चार अन्य योजनाएं इस ग्रुप में रखी गई है। कुल लागत 10 करोड़ 84 लाख 21 हजार 800 रुपया है।

## एक नजर में

### एनटीपीसी ने छात्रों को दिया स्कॉलरशिप का चेक



**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना अपने सामुदायिक विकास गतिविधियों के तहत परियोजना प्रभावित गांवों में कई कार्यक्रम चला रहा है। जिनमें सड़क, डीप बोरवेल, हैंडपंप दी जा रही है। वहीं एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने वित्तीय वर्ष 2023 में अपने उत्कर्ष स्कॉलरशिप के माध्यम से दर्जनों बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप मुहैया करवाई है। अपने इसी क्रम में पकरी बरवाडीह के द्वारा 18 मेधावी बच्चों को स्कॉलरशिप दी गई। परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने मेधावी छात्रों को चेक देकर सिकरी स्थित प्रशासनिक भवन परिसर में उनका हौसला बढ़ाया। परियोजना प्रभावित कोदवे, होरम और कटकमदाग जैसे गांवों के बच्चों को स्कॉलरशिप दी गई है। मौके पर परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने कहा कि आप ऐसे ही मेहनत करके आगे बढ़ते रहे हैं हम आपकी हर तरह की सहायता करेंगे। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी आपके बेहतर भविष्य के लिए हमेशा तत्पर है। कार्यक्रम में नीरज जलोटा, पंकज ध्यानी, संसाधन विभाग अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना, डीजीएम सीएसआर एवं आर आर एस के सेनापति के साथ साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### चरही में आपकी सरकार आपके द्वार शिविर

**चरही।** चरही पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।शिविर परिसर में दर्जनों स्टॉल लगाए गए थे।इस शिविर में ग्रामीणों के द्वारा अबुवा आवास,मनरेगा,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,आय प्रमाण-पत्र,आवासीय प्रमाण-पत्र,मृत्यु प्रमाण-पत्र,जन्म प्रमाण-पत्र,आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड,दिव्यंगता प्रमाण-पत्र,जाति प्रमाण-पत्र,वन पट्टा,बिरसा सिंचाई कूप सम्मवर्धन योजना सहित 951 योजनाओं के लिए आवेदन दिए गए।जिसमें शिविर में 305आवेदनों का निष्पादन किया गया।बाकि आवेदनों को विचाराधीन रखा गया।जनवितरण प्रणाली के द्वारा चरही पंचायत के असहाय और गरीबों के बीच धोती-साड़ी और कंबल का वितरण किया गया। इस शिविर में मजदूरों के बीच जॉब कार्ड वितरण गया।स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न बीमारी के मरीजों का इलाज किया गया।और निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। बैंकों के द्वारा कई किसानों को केसीसी ऋण का पास बुक दिया गया। मौके पर इस शिविर में कई पदाधिकारी,प्रखंड कर्मी, अंचलकर्मी, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि,ग्रामीण और लाभुक सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### खतियान संघर्ष समिति का जागरूकता अभियान



**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत के बुध बाजार परिसर में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के ओर लोगो को हक अधिकार को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमनारी निवासी देवगंगा प्रसाद संचालन निरंजन पटेल होलंग ने किया।झा.ख.स. समिति के क्रांतिकारी नेता महेंद्र प्रसाद ने कहा की टाइगर जयराम महतो गरीबों के हक अधिकारों, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को लेकर लोगों को जागरूक हेतु कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें सबों को जागरूक होने की आवश्यकता है। लोग यहां बेरोजगार है। लोगों को ईंधन जलाने के लिए कोयला के टुकड़े की भी किल्लत है। सरकार जंगल में सूखे लकड़ी काटने में भी रोक लगाई है,गैस में भी राशि कि बढ़ोतरी गई है। इस पर सरकार को अंकुश लगानी चाहिए। आप सभी लोग टाइगर जयराम महतो को समर्थन कर उनके हाथो को मजबूत कर मनोबल को बढ़ाए। मौके पर मनीर अंसारी,सुरेंद्र सोनी,तुलसी महतो,सचिन पांडेय,सरजू प्रसाद,रामचंद्र महतो,प्रभुनाथ माली,रामेश्वर प्रसाद, बबन सिंह देहाती, जाबिर हुसैन,सुनील कुमार यादव,दीपक कुमार,दयानंद कुमार,अजय कुमार साव समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में एनडीए की होगी जीत : चिराग पासवान

**रामगढ़।** लोजपा रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान शनिवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, अरूण भारती, रामगढ़ जिलाध्यक्ष केवल पासवान के साथ मां छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा अर्चना किया। पूजा अर्चना के बाद उन्होंने मंदिर परिसर में हवन किया।

इस दौरान उन्होंने देश वासियों के खुशहाली की कामना मां छिन्नमस्तिके से किया। चिराग पासवान ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। बिहार और झारखंड में विपक्षी दल खाता भी नही खोल पाएंगे।

चिराग पासवान ने कहा की 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव से पूर्व सेमी फाइनल कहा जा रहा था। लेकिन इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की शानदान जीत हुई है। जो दशार्ता है की देश वासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और एनडीए गठबंधन पर पूरा विश्वास है।



छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा करते चिराग पासवान।




बरही थाना में शनिवार को शपथ लेती महिलाएं।

# केदारुत में स्कूली बच्चों के पोशाक और स्वेटर वितरित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने पंचायत के अलग अलग तीन विद्यालय जैसे उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घीयाही, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कजरा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घोडकानाटाड में विद्यार्थियों के बीच पोशाक ड्रेस, जूता, मौजा एवं स्वेटर का वितरण किया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है, इन्हें सुरक्षित व बेहतर तरीके से शिक्षा मिलनी चाहिए। बच्चों के नियमित स्कुल आने से ही व अच्छी शिक्षा बेहतर भविष्य को जान पाएंगे। बच्चें प्रतिदिन स्कूल आएं और मन अच्छे से लगाकर पढ़ें। इस बीच पोशाक, जूता व गर्म कपड़े पाकर बच्चे बहुत खुश नजर आए। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, प्रधानाध्यापक घोडकानाटंड संध्या देवी, अध्यक्ष लीलावती देवी, वार्ड सदस्य रीकु भुइयां, सुभाष यादव, प्रधानाध्यापक घीयाही रमजान अली, सहायक शिक्षक आशीश राणा, वार्ड सदस्य विजय मेहता, श्याम मेहता, प्रधानाध्यापक कजरा निर्मल कुमार दास, वार्ड सदस्य ममता देवी, अनिल राम, अशोक रविदास, अध्यक्ष चन्दर भुइयां, भोला भुइयां, शांति देवी, कलावती देवी, रेखा देवी, संगीता देवी समेत अविभावक गण उपस्थित रहे।



### कांग्रेस के सांसद और विधायक भ्रष्टाचार में लिप्त : जेपी पटेल



**कुजू।** भाजपा जिला कार्यालय में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से आईटी द्वारा बरामद किए गए कैश के मामले में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह सचेतक जयप्रकाश भाई पटेल ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी देश में भ्रष्टाचार के रोज नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व हो या इनके क्षेत्रीय सांसद, विधायक सभी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में 750 करोड रुपए की संपत्ति ईडी ने जब्त की है। अब एक सांसद के ठिकानों से लगभग 300 करोड रुपए कैश बरामद हुए हैं। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह खुद ईडी की जांच के घेरे में है।

दूसरी ओर कांग्रेस भी राज्य में भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में शामिल है। भ्रष्टाचार इतना की मशीन भी नोट गिनते-गिनते थक जा रही है। लेकिन सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि इतना सब कुछ होते हुए भी राज्य के सत्ताधारी गठबंधन के नेता इस मामले में चुप है, पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कह दिया है जनता से जो लूटा है उसकी पाई -पाई लौटानी पड़ेगी यह मोदी की गारंटी है। अब भाजपा मांग करती है कि भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त सांसद धीरज साहू की सबसे पहले गिरफ्तारी हो। फिर उन्हें पार्लियामेंट से बर्खास्त किया जाए. तत्पश्चात इस केस को ईडी जांच करें।

# लैंगिक असमानता को ले बरही थाना में महिलाओं ने ली शपथ

## सहेंगे नहीं, कहेंगे... चुप्पी तोड़ेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** जेंडर अभियान नई चेतना 2.0 के अंतर्गत बरही थाना में जेंडर कैंपेन को लेकर रैली निकाली गई। थाना परिसर में जेंडर अभियान के तहत महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी,सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान की अगुवाई में लैंगिक असमानता को दूर करने के उद्देश्य से महिलाओं ने शपथ लिया। जिसके तहत संदेश दिया गया कि लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान में हम अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी ने कही कि महिलाओं के विरूद्ध हो रहे दुर्व्यवहार और अपराध को साझा करने का समय है। इनसे ही लैंगिक असमानताओं से जुड़ी समस्याओं का हल निकलेगा। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के इस अभियान से जुड़ने से लैंगिक असमानता को दूर करने की दिशा में तेजी से काम होगा। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए राज्य में अच्छा काम हो रहा है। सहेंगे नहीं, कहेंगे... चुप्पी तोड़ेंगे नई चेतना जेण्डर अभियान 2.0 का टैगलाइन है। उन्होंने कहा कि यह चुप्पी तोड़ने का वक्त है। सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में उनकी निजता और भावनाओं को भी समझने की जरूरत है। महिलाओं से संबंधित प्रकरणों का सकारात्मक होकर निराकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूह लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए अच्छा काम कर रहा है। इस कार्यक्रम में 2,0 पंचायत की जेंडर सीआरपी पायल देवी, विनीता, बसंती, राधा देवी, रिंकी कुमारी, किरण देवी, अनीता देवी, सिदिका खातून, क्रांति कुमारी, आरती कुमारी, प्रियंका देवी, ललिता देवी, सुलेखा देवी के अलावा सीसी चंदन कुमार, नगीना देवी, राखी देवी, आईपीआर ललिता कुमारी, पुष्पा देवी, महालक्ष्मी उरांव, संजू कुमारी, एफटसी राजू पांडे एवं सखी मंडल की दीदी उपस्थित हुए।

### कबड्डी मैच की विजेता बनी दारू संकुल



**दारू।** जेएसएलपीएस केंद्र दारू द्वारा दारू प्रखंड द्वारा संचालित संकुल की महिला दीदियों के बीच शानिवार को हरली मैदान दारू में जेएसएलपीएस के तत्वधान में नई चेतना 2.0 सहेंगे नही कहेंगे चुप्पी को तोड़ेंगे अभियान के तहत महिला कबड्डी प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमे जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित तीन संकुल संगठनों की टीम ने भाग लिया। दारू आजीविका महिला संकुल संगठन, इरगा आजीविका महिला संकुल संगठन, तथा मेडकुरी आजीविका महिला संकुल संगठन। पहले कबड्डी का मैच मेडकुरी संकुल संगठन और इरगा संकुल संगठन के बीच खेला गया जिसमें मेडकुरी संकुल संगठन ने इरगा संकुल संगठन को 24/22 के अंतर से हराया। दूसरा मैच में दारू संकुल संगठन ने इरगा संकुल संगठन को 19/21के अंतर से हराया। दोनों टीमों के विजेता टीमों के बीच तीसरा मैच खेला गया जिसमें दारू आजीविका महिला संकुल संगठन ने मेडकुरी आजीविका संकुल संगठन को 21/29 के अंतर से हराया तथा प्रखंड स्तर प्रतियोगिता की विजेता बनी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से बी पी एम सुनिल कुमार राणा,, सुदेश कुमार, खुशबू कुमारी, पिंकी कुमारी बबीता कुमारी मधु देवी रीना देवी गुड़िया देवी( जेंडर सी आर पी,) तथा प्रखण्ड में कार्यरत सभी सामुदायिक समन्वयक, आईपीआरपी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### अवैध पत्थर उत्खनन के खिलाफ छापामारी

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे के आदेशानुसार जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार के निर्देश पर ईचाक थाना के मौजा टेप्सा में अवैध रूप से पत्थर खदान में पत्थर उत्खनन के विरूद्ध छापामारी खान निरीक्षक एवं ईचाक थाना के पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से दिनांक 09.12.2023 को किया गया। छापामारी में अवैध रूप से पत्थर उत्खनन में प्रयुक्त एक्सप्लोडर, डेटोनेटर, तार, टेस्टर, पानी निकालने वाले मोटर का मोटर स्टाटर, मोटर स्वीच एवं अन्य सामग्री को जप्त करते हुए मुख्य अवैधकर्ता राज किशोर प्रसाद उर्फ राज किशोर मेहता, पिता पोखनाथ मेहता, साकिन गुंजा, थाना ईचाक एवं अन्य अज्ञात संलिप्तों के विरूद्ध ईचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई।

### मृतक रविन्द्र गंझू के परिजनों से मिले सीसीएल के पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ जिला अंतर्गत हॉस्पिटल कॉलोनी भुरकुंडा से आंध्र प्रदेश मजदूरी करने गए रविन्द्र गंझू की मौत की सूचना के बाद सीसीएल के पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह मृतक के परिजनों से मुलाकात करने शनिवार को भुरकुंडा पहुंचे। इस दौरान गोपाल सिंह ने मृतक रविन्द्र गंझू के परिजनों से मिल उनका हालचाल जाना। साथ ही मृतक के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों का ढ़ाढ़स बंधाया। मौके पर गोपाल सिंह ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग करते हुए आगे भी हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि रविंद्र गंझू को झारखंड में कोई रोजगार नही मिला। रोजगार तलाशने आंध्र प्रदेश गया और वहां उसे क्या मिला वह भी संदेहास्पद मौत। जिला प्रशासन से आग्रह करता हुं कि सबसे पहले इसके मौत का मुख्य कारण क्या है उसे पता लगाये। राज्य के लोग रोजगार के लिये पलायन कर रहें है यह काफी शर्म की बात है। सीसीएल से झारखंड

# आर्मी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ का वार्षिकोत्सव शनिवार को रंगारंग कार्यक्रम के बीच धूमधाम से संपन्न हुआ। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का थीम 'वसुधैव कुटुंबकम' रखा गया था।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष ब्रिगेडियर शैलेश सती शामिल हुए।उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। ब्रिगेडियर शैलेश सती ने बच्चों को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी साथ ही भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन हो इसके लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाते हुए प्रशंसा की।

उन्होंने आपसी भाईचारा बढ़ाने पर विशेष बल दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा की विश्व के सभी लोग एक परिवार के समान हैं। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने आने वाले समय में विद्यालय द्वारा बच्चों के शिक्षा के स्तर को बढ़ाने व अन्य योजनाओं का लेखा-जोखा दिया।



**बच्चों में होती है एक अनोखी प्रतिभा : ब्रिगेडियर शैलेश सती**

समारोह के दौरान सभी वर्ग के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने ग्रुप सॉन्ग, हिंदी नाटक, इंग्लिश स्किट, भांगड़ा, तांडव, नुक्कड़ नाटक, जैसे अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने भी योगदान दिया। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।मौके पर कई लोग मौजूद थे ।

### केरेडारी में बीएलओ को किया गया सम्मानित



केरेडारी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची के निर्देश के आलोक में अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल द्वारा शनिवार को प्रखंड सभागार में 108 मतदान केंद्र के बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य 2024 की प्रगति की समीक्षा की गई और सभी बीएलओ से प्रपत्र 06, 07, 08 प्राप्त कर ससमय ओनलाइन करने के निर्देश दिए गए। अंचलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ से 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने को कहा ताकि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत योग्य मतदाता भारत के लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हो सके। इस अभियान के दौरान बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ सरिता देवी गोपदा, रेखा कुमारी, ममिता देवी पगार, ललीता देवी केमो, गीता देवी बुंडू, रेणुका देवी बचरा को अंचलाधिकारी के द्वारा सम्मानित भी किया गया।

## स्पीड न्यूज

### राज्य में बढ़ा जनजातीय युवतियों के साथ अत्याचार : सांसद सुदर्शन भगत

**गुमला।** सांसद सुदर्शन भगत ने जनतातीय युवती की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से युवती की हत्या की गयीं है वह घृणित अपराध है। श्री भगत ने कहा कि राज्य में जनजातीय मुख्यमंत्री होने के बाद भी जनजातियों पर अत्याचार बढ़ा है। विशेषकर महिलाएं असुरक्षित हैं। प्रशासन संलिप्त अपराधी को कड़ी सजा दे।

### इंस्पेक्टर और थानेदार ने लिया जायजा

**भरनो।** लोकसभा चुनाव को लेकर थानेदार कृष्ण तिवारी एवं सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार ने शनिवार को भरनो, समसेरा, आमलिया, खरका सहित दर्जनों मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं, चहारदीवारी, सड़क का जायजा लिया। थानेदार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर मतदान केंद्रों का जायजा लिया गया। जांच रिपोर्ट जिला को प्रेषित करेंगे।

### वेयरहाउस का डीसी ने किया निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शनिवार को ईवीएम/ वीवीपैट वेयरहाउस, लोहरदगा का निरीक्षण किया। इसमें उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, कोषागार पदाधिकारी, आजसू के विलियम कुजूर, भाजपा के अनिल उरांव, सीपीआई (एम) नागेंद्र वर्मा, राजद के सुनील कुमार मेहता, जिला कांग्रेस के प्रतिनिधि, झारखंड मुक्ति मोर्चा के बाल मुकुंद लोहरा समेत निर्वाचन कार्यालय, लोहरदगा के कर्मी भी उपस्थित थे।

### 170 लोगों के बीच बांटा गया कंबल



**लोहरदगा।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नगर परिषद ने वार्ड विकास केंद्र, इमली चौक, वार्ड 01 लोहरदगा में शिविर लगाया। नगर प्रशासक जयपाल सिंह की अगुवाई में सरकारी योजनाओं से आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से इस शिविर वार्ड 01, 02, 10 एवं 11 के लिए लगा। शिविर में विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित कुल 220 आवेदन प्राप्त हुए तथा 170 जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल बांटा गया। उक्त शिविर में सभी नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता, कार्यालय कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### 20 को विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (झानद) 20 दिसंबर को मानसून सत्र के दौरान झारखंड विधानसभा के समक्ष विधानसभा मार्च निकाल प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा है। रांची के बिरसा चौक स्थित पुराने विधानसभा मैदान से मार्च निकाल नया विधानसभा तक जाने वाली विधानसभा मार्च की तैयारी गुमला जिला में भी की जायेगी। सर्वमान्य स्थानीय व नियोजन नीति बनाने, झारखंड नवनिर्माण दल व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति द्वारा पूर्व में रखी गयी राज्यहित की लंबित मांगों को पूर्ण करने तथा विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में गरीबों का जमा करोड़ों रुपये के अविलंब भुगतान करने जैसे मांगों को लेकर विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन किया जायेगा। मार्च तैयारी को लेकर जिले में अनुमंडल प्रभारी नियुक्त हुए हैं।

### स्कूटी सवार दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला

**गुमला।** महावीर चौक के समीप स्कूटी सवार दो युवकों ने पटेल चौक के राकेश साहू (32) पिता देवेंद्र साहू को अंधाधुंध चाकू मारकर गंभीर कर दिया। घटना शुक्रवार की रात 8 बजे की है। घायल राकेश ने बताया कि महावीर चौक के समीप खड़ा था। तभी एक युवक ब्लू रंग के स्कूटी से बड़ाइक मुहल्ला की ओर से गली में आया और मुझे बुलाया। मैं उसके पास नहीं गया। जिसके बाद वह बड़ाइक मुहल्ला की ओर चला गया और 5 मिनट बाद पुन: एक लड़का के साथ वापस आया फिर दोनों मेरे पास आये। कमर से चाकू निकाला और ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू पेट, पीठ व चेहरा में लगी। चाकू मारने वाला का नाम पवन वर्मा पिता स्व टुन्नू वर्मा है।

### रफ्तार के कहर ने ली दो की जान



**कुडू।** रफ्तार के कहर से लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र में शनिवार को दो युवाओं की जान चली गयी। एक हफ्ते के भीतर लोहरदगा में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। घटना कुडू थाना क्षेत्र के कुडू कैरो सड़क के दोबा बरटोली के पास दो बाइकों की टक्कर में कैरो थाना क्षेत्र के नगजुआ निवासी किशुन गोप के पुत्र बजरंग गोप (26) और चेरिमा निवासी महावीर यादव के पुत्र रूपेश यादव (23) की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं कोलसिमरी के रोन्हिया टोली निवासी धनु उरांव के 19 वर्षीय पुत्र निवारण उरांव को गंभीर चोटें आयी हैं, जिसे रिम्स भेजा गया है।

### 16 को गुमला में होगा जिला युवा कांग्रेस का मिलन सम्मेलन समारोह



**गुमला।** जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में गुमला जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारणी बैठक सर्किट हाउस गुमला में हुआ। जिसमें झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी आफताब आलम शामिल हुए। बैठक में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र का युवा मिलन सम्मेलन का आयोजन गुमला में 16 दिसंबर को करने का निर्णय लिया गया। जिसमें युवा कांग्रेस के पुराने पदाधिकारीयों को सम्मानित किया जाएगा। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा, प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, झारखंड सरकार के मंत्री सहित पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे। मौके पर सह प्रभारी संदीप कुमार, पूर्व अध्यक्ष राजनील तिग्गा, रोहित उरांव, जिला उपाध्यक्ष अंजलीनता बाड़ा, पल्लव कुजूर, जय सिंह, अरविंद साहु, जिला महासचिव मंगल खड़िया, लोतेम केरकेट्टा आदि मौजूद थे।

## नक्सलियों को विस्फोटक पहुंचाने और लेवी वसूलने वाला समर्थक धराया, जेल

■ एसपी हरविंदर सिंह ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गुमला पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। गुमला थाना क्षेत्र के टोटो गांव निवासी पवरवेज आलम नामक नक्सली समर्थक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शनिवार को एसपी हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में पूरे मामले की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी की नक्सली समर्थक गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहा है। संवेदकों को डरा धमकाकर नक्सलियों के लिए लेवी वसूलने का काम करता था और पूर्व में भी इसका आपराधिक इतिहास रहा है। कुरूमगढ़ थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया और पवरवेज आलम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार समर्थक उग्रवादियों को विस्फोटक पदार्थ पहुंचाने, लेवी वसूलने, राशन पहुंचाने के अलावा पुलिस गतिविधियों की सूचना देने का काम करता था।

### राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से बरामद रुपये पर सांसद का प्रेस कान्फ्रेंस

## कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी, रोज स्थापित कर रही नये कीर्तिमान : सांसद सुदर्शन भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सांसद सुदर्शन भगत ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी, पोषक व संरक्षक पार्टी है। देश में कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार के नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। पिछले दो दिनों में कांग्रेस नेता व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहु के ठिकानों से आईटी की रेड में तीन सौ करोड़ रूपये से अधिक नगद पैसे बरामद किये गये, जो भारत के इतिहास में छापेमारी में अब तक सबसे अधिक पैसे मिलने के रिकार्ड हैं।

श्री भगत शनिवार को स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व हो या इनके क्षेत्रीय क्षत्रप सांसद व विधायक सभी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। यह तो वहीं कहावत हो गई बडे मियां तो बड़े मियां छोटे मियां सुभान अल्लाह। श्री भगत ने कहा कि झारखंड राज्य में 70 हजार रुपये का घोटाला उजागर हुआ है। छतीसगढ़ और झारखंड में शराब, खनिज, जमीन, बालू, कोयला पत्थर की लूट मची है। वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री ईडी जांच के घेरे में हैं। वहीं राज्य में कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में शामिल है।



**...और क्या बोले सांसद :** श्री भगत ने कहा कि गांधी परिवार के पास केवल आलू से सोना बनाने की मशीन नहीं है बल्कि गोबर, शराब, पत्थर, कोयला, जमीन आदि से भी सोना बनाने की मशीन इजाद कर अपने सांसद, विधायक व मंत्रियों को दिया है। श्री भगत ने कहा कि छापामारी में मिले पैसे लोकसभा व विधान सभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए जमा किये गये थे। उन्होंने कहा कि सबसे खतरनाक बात यह है कि ऐसी स्थिति में भी कांग्रेस को शर्मिंदगी महसूस नहीं हो रही है। जबकि पार्टी के नेता जांच एजेंसियों के खिलाफ उंगली उठाती है। श्री भगत ने कहा कि नरेंद्र म ोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार के खिलाफ सदन से सड़क तक आंदोलन करेगा और रविवार को पूरे प्रदेश में धरना दिया जाएगा। श्री भगत ने कहा कि छापामारी में बरामद पैसे हेमंत सोरेन के भी हैं जो ईडी के छापे के बाद बिहार, बंगाल व उड़ीसा ढोकर ले जाया गया था। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, भिखारी भगत, मंगल सिंह, अरविंद मिश्रा, बालकेश्वर सिंह, जगत ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## युवती हत्याकांड को ले भाजपा ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

■ शादी का झांसा देकर नाम बदल गुमला लाकर युवती की कर दी थी निर्मम हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



पुतला दहन करते भाजपा नेता।

**गुमला।** चार दिन पहले रनियां प्रखंड के जयपुर की रहने वाली अर्चना कंडुलना की फोरी में विशेष समुदाय के लड़के के द्वारा अपना नाम बदलकर बादल बताया और शादी का झांसा देकर आदिवासी बालिका अर्चना कंडुलना को फोरी लाकर निर्मम हत्या कर दी गई। जिसके विरोध में हेमन्त सोरेन सरकार का पुतला दहन शनिवार की शाम स्थानीय टावर चौक में भारतीय जनता पार्टी गुमला ने किया। मौके पर एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामावतार भगत ने कहा कि आदिवासियों के नाम पर राज्य में शासन करने वाले हेमंत सोरेन को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। जब से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बने हैं तब से खास करके विशेष समुदाय द्वारा आदिवासी बच्चियों को निशाना बनाया जा रहा है, लव जिहाद का शिकार बनाया जा रहा है ,हर जगह लड़कियों- महिलाओं के साथ बर्बरतापूर्ण-दुष्कर्म इतना तक हत्या भी कर दिया जा रहा है। हत्या भी इतनी क्रूरता से की सर कहीं पर और शरीर का अन्य भाग कहीं पर मिल रहा है, यह सब घटना झारखंड को कलंकित कर रहा है, और हेमंत सोरेन सरकार विशेष समुदाय को खुश करने के लिए अपना सब कुछ ताकत लगा दिये हैं, इसकी भाजपा कड़े शब्दों में बसा करती है। अर्चना कंडुलना के हत्यारे को फांसी मिलना चाहिए, आदिवासियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामावतार भगत, देवेंद्र लाल उरांव, मंगल सिंह भोक्ता, विकास सिंह, दिनेश सिंह, महामंत्री सत्यनारायण पटेल, भूपन साहू, यशवंत सिंह थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 2575 वादे निष्पादित, 4.30 करोड़ राजस्व प्राप्त

खबर मन्त्र संवाददाता



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि, डीसी-एसपी व अन्य।

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार आज वर्ष के आखिरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, प्रथम जिला जज अखिलेश तिवारी, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, डालसा सचिव राजेश कुमार, बार के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन किया गया था। जिसमें बेंच संख्या 1 में मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहदुर पाल के नेतृत्व में गठित किया गया। बिजली संबंधित केस निस्तारण के लिए प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश तिवारी के नेतृत्व में बेंच संख्या 2 गठन किया गया था। बेंच संख्या 3 सुलहनीय दांडिक वादों के लिए सुचिता निधि तिग्गा के नेतृत्व में गठित किया गया। बेंच 4 वाहन अधिनियम के केस वाणिज्य सर्टिफिकेट केस के लिए वरीय न्यायाधीश अर्चना कुमारी के नेतृत्व में किय गया।

## सिलाफरी पंचायत में लगा विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

■ अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार सुनील वर्णवाल व सांसद हुए शामिल

■ केंद्र सरकार के विभिन्न कल्याण कारी योजनाओं की दी गई जानकारी, परिसंपत्तियों का भी किया गया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



केंद्र सरकार के योजना का लाभ लाभुक को प्रदान करते सुनील वर्णवाल व सुदर्शन भगत।

**गुमला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुमला के सिलाफारी पंचायत में शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, सुनील कुमार वर्णवाल, संसद सुदर्शन भगत, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, अपर समाहर्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष सहित जिले के विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। सुनील वर्णवाल ने पंचाायत भवन परिसर में आयोजित शिविर में लगे स्टॉल्स का निरीक्षण किया। साथ ही वहां आये नागरिकों के बीच जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर आम जनों से मुलकात की। इस दौरान वहां उपस्थित सभी नागरिकों को केंद्र सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

**खास बातें :** सुनील वर्णवाल, सांसद सुदर्शन भगत एवं उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने संयुक्त रूप से लगभग 25 लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत परिसंपत्ति का वितरण किया एवं शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत नये आवेदन लिये गये तथा 150 से अधिक नागरिकों का हेल्थ चेकअप किया गया। इस दौरान लैंड रिकॉर्ड के शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन के लिए सिलाफारी पंचायत के मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर श्री वर्णवाल ने कहा कि जिला प्रशासन की पहल से शिविर में हजारों की संख्या में लाभुकों की उपस्थिति देखने को मिली। जिसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन की सराहना की। कहा कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार सभी जिलों में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रति जागरूक करना एवं आम नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित करना है। सांसद ने आम नागरिकों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया साथ ही योजनाओं से होने वाले लाभ के विषय में भी जानकारी दी। कहा कि भारत सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रयास से आम नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक एवं योजनाओं से लाभान्वित करने का विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं महत्वपूर्ण कदम है।

### भाजपा का धरना प्रदर्शन आज

**लोहरदगा।** प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस गठबंधन की सरकार के सहयोगी के घर मिले अरबों रुपए की काली कमाई, गरीब जनता की गाढी कमाई, लूटी गई के धन प्राप्त कर जमा रखने के विरोध में आज 10 दिसंबर दिन रविवार को जिला भाजपा का एक दिवसीय धरना कार्यक्रम गुदरी बाजार हनुमान मंदिर लोहरदगा के पास में 11:30 बजे से रखी गई है। यह जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी, सभी कार्य समिति सदस्य, सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा के सभी जिलाध्यक्ष एवं कमेटी, वरिष्ठ , कनिष्ठ कार्यकर्ता समय पर पहुंचकर धरना कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### चेंबर ने व्यापारियों को दिये प्रमाण पत्र



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने परंपरा के अनुसार दुकानदारों के बीच प्रमाण पत्र बांटना शुरू कर दिया। पिछली बैठक में ही तय हुआ था कि 2024 शुरू होने से पहले प्रमाण पत्र बांटा जायेगा। चेंबर के पदाधिकारियों ने इस पर तत्परता दिखायी और काम शुरू कर दिया। इसमें चेंबर के सभी पदाधिकारी व कार्यकारणी सदस्य शामिल थे। उन्होंने अपने क्षेत्र के दुकानदारों को उनसे मिलकर प्रमाण पत्र दिये। इसमें चेंबर उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, कोषाध्यक्ष मुनी लाल साहू, सचिव बबलू वर्मा, मोहम्मद इम्तियाज, प्रणय साहू, राहुल केसरी, अमित मंत्री गोलू, विकास सिंह, ज्योति कुमारी आदि लोग शामिल थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 10938 वादों का किया गया निपटारा

खबर मन्त्र संवाददाता

■ 16 करोड़ 75 लाख 24 हजार 712 रुपये राजस्व संग्रह



**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, के द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चंधरियावी सहित न्यायिक पदाधिकारीगण तथा बार प्रेसिडेंट ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए दस बेंच गठित थे। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत मामलों को सुलझाने का सबसे सस्ता तथा त्वरित प्लेटफॉर्म है। जहां विवाद दोनों पक्षों की सहमति से खत्म होता है तथा लोक अदालत से समाप्त मामलों का अपील भी नहीं होती है। उन्होंने लोगों से इस फोरम का उपयोग अपने मामलों के त्वरित निपटारे का आग्रह किया।

### कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**गुमला।** जिला कमेटी कांग्रेस के अध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। साथ ही सभी लोगों के बीच फल, ब्रेड बांटा गया। मौके पर जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने सभी लोगों से बातचीत कर हाल समाचार जाना। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विष्णु राम, महासचिव फिरोज आलम, सदर प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, अक्षय सिंह, सचिव तरुण गोप, जयंती टोप्पो, संजय कुकु खड़िया, चिमो देवी, गंगा

### सरकार की दो सदस्य टीम मसमानो में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड के मसमानो पंचायत के मसमानो गांव स्थित स्कूल मोड़ के निकट विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने सामूहिक रूप से किया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस, आंगनबाड़ी सेविका, आयुष्मान भारत, बैंकिंग के अलावे अन्य विभाग के स्टाल लगाए गए। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कल 39 लोगों ने अपना बीपी, शुगर का जांच कराया। वही आयुष्मान भारत के तहत 25 लोगों को आयुष्मान कार्ड दिया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका के सहयोग से मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी ने गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन करवाया गया।

### एमबी डीएवी में भ्रष्टाचार निरोध दिवस पर कार्यक्रम



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में भ्रष्टाचार निरोध दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बताया गया की भ्रष्टाचार एक गंभीर अपराध है जो सभी देशों की सामाजिक और आर्थिक विकास को कमजोर करता है। आज के समय में भ्रष्टाचार से कोई देश, क्षेत्र या समुदाय बचा नहीं है। यह दुनिया के सभी हिस्सों में फैल गया है यह आर्थिक विकास को धीमा ही नहीं करता बल्कि बुनियाद को समाप्त कर देता है। पूरे विश्व में एक समृद्ध समाज को बनाए रखने के लिए भ्रष्टाचार को खत्म करना ही इस दिन का मनाने का मुख्य उद्देश्य है।

## सिर कटे शव की शिनाख्त कर गुमला पुलिस ने किया मामले का उद्भेदन, अभियुक्त गिरफ्तार

■ हत्या कर युवती का सर व हाथ धड़ से अलग कर दो कुंओं में फेंका गया था

■ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मामले का किया खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार अभियुक्त के साथ एसपी, थाना प्रभारी व अन्य।

**गुमला।** गुमला पुलिस ने चर्चित युवती हत्यकांड जिसका सर व हाथ धड़ से काटकर दो अलग-अलग कुंए में फेंका गया था उसका उदभेदन कर लिया। साथ ही शव की शिनाख्त करते हुए मामले घटना में शामिल अभियुक्त गुमला थाना क्षेत्र के फोरी गांव निवासी एसान मिर्दाहा उर्फ बादल, उर्फ सोनू पिता जहरी मिर्दाहा को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। शनिवार को एसपी हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जिस कुंआ से महिला का धड़ मिल था उसी कुंए से एक काला रंग का बैग बरामद किया गया था।

जिसके आधार पर युवती की शिनाख्त की गयी। मृतका के परिजनों के आवेदन पर कांड दर्ज किया गया। कांड के उदभेदन के लिए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल के नेतृत्व में छापामारी दल व एसआईट का गठन किया गया। साथ ही एफसीएल टीम व रांची से ट्रेकिंग डोग दस्ता की भी मदद ली गयी। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी शाखा के मदद से एसान मिर्दाहा को गिरफ्तार किया।

**खास बातें :** गिरफ्तार अभियुक्त ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मृतका के द्वारा गलत वीडियो बनाकर उसे ब्लैक मेल किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टांगी, एक पैशन बाइक, अभियुक्त के द्वारा प्रयोग किया गया तीन मोबाईल बरामद किया गया। छापामारी दल में एसडीपीओ म नीष कुमार लाल, पुअनि सुदामा राम, पुअनि संचित कुमार, पुअनि विवेक चौधरी, पुअनि मो. मोजम्मिल, पुअनि खुशबू वर्मा, पुअनि दिलीप टुडू, सअनि इमानुएल कोंगाड़ी, तकनीकी शाखा के पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे।

### शहीद के गांव भौरों में आयोजित हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का समुचित लाभ लें युवा: प्रमुख

खबर मन्त्र संवाददाता



लाभुक को ऑटो देते अतिथि।

**भंडरा।** शहीद पांडे गणपत राय के जन्म स्थल भौरों पंचायत के भौरों गांव मे शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घटान प्रखंड प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद, मुखिया सुमंती तिग्गा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रमुख बरिया देवी ने कहा कि सरकार सभी बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन दे रही है। अतिरिक्त हरा राशन कार्ड राशन जारी कर लोगों को अनाज दे रहे हैं। गरीबों को धोती -साड़ी मिल रहा है। सीओ दिनेश गुप्ता ने कहा कि बच्चियां पढ़ाई से जुड़ी रहें इसके लिए सरकार सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहायता दे रहे हैं। हजारों नौजवानों को सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियां दे रहे हैं तो स्वरोजगार करने के इच्छुक युवाओं को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होने कहा की किसानों-पशुपालकों और श्रमिकों के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी कई योजनाएं चल रही हैं।

## स्पीड न्यूज

### दुकान से दो लाख रुपये के सोने का लॉकेट ले भागे चोर

कोडरमा। झुमरीतिलैया शहर के आभूषण दुकान में आभूषण देखने के बहाने सोना लेकर फरार होने का मामला एक बार फिर प्रकाश में आया है। इस बार उचक्कों ने पुराना बस स्टैंड के पास संचालित हनी ज्वेलर्स में दिन दहाड़े घटना को अंजाम दिया और करीब दो लाख रुपये का 30 ग्राम सोने का लॉकेट लेकर फरार हो गया। वहीं बताया जाता है कि दोपहर करीब एक बजे दो लोग आभूषण दुकान आये, इसमें एक का चेहरा खुला हुआ, जबकि दूसरे ने मास्क लगा रखा था। दुकान में बैठे प्रियांशु रंजन पिता मनोरंजन कुमार से इन्होंने जेवर दिखाने को कहा और मौका मिलते ही लॉकेट चोरी कर भागने लगे। प्रियांशु ने चोरों का पीछा करने का प्रयास किया, पर वे भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। घटना को लेकर प्रियांशु ने थाना में आवेदन दिया है।

### बाइक के धक्के से महिला घायल

भवनाथपुर। ब्लॉक गेट के समीप दो बाइकों की आपसी टक्कर में कधवन आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका लालमुनि देवी घायल हो गई। जबकि धक्का मारकर बाईक चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के ने घायल सेविका को उठाकर इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### भ्रष्टाचार मामले में दो सीसीएल कर्मी निलंबित

टंडवा(चतरा)। सीसीएल के मगध परियोजना में कथित तौर पर भ्रष्टाचार के आरोप मामले में दो सीसीएल कर्मियों को प्रबंधन के द्वारा निलंबित किया गया है। गौरतलब है कि कोल ट्रेड यूनियन सिटू के मगध परियोजना सचिव ओवरमैन गणेश तथा सदस्य रमाकांत मिश्रा द्वारा मगध परियोजना में ट्रक चालकों से दो दो सौ रुपए की अवैध रसूली से संबंधित कथित तौर पर एक वीडियो वायरल हुआ है।मामले में प्रबंधन के द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए राशि वसूली को सही पाया है। प्रबंधन ने चार्ज शीट करने के उपरांत दोनों सीसीएल कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

## धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से 300 करोड़ रुपये की बरामदगी पर डॉ नीरा यादव ने कहा

# कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। बागीटांड़ स्थित परिसदन में पूर्व शिक्षा मंत्री व कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने धीरज साहू के ठिकानों से बरामद असीमित रुपयों पर शनिवार को प्रेस वार्ता कर अखबारों में छपी खबरों को दिखाते हुए कहा कि यूपीए गठबंधन सरकार में हर रोज भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े धमाके हो रहे हैं। कांग्रेस गठबंधन सरकार का हमेशा से करप्शन से नाता रहा है। कांग्रेस पार्टी कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है।

उन्होंने कहा आयकर विभाग का आज तक का संभवतः सबसे बड़ा काला धन बरामद हुआ है। राज्यसभा सदस्य व शराब कारोबारी धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से 300 करोड़ से अधिक रुपये की बरामदगी पूर्ण रूप से सरकार की मिली भगत को दर्शाता है। इसमें झारखंड, छत्तीसगढ़, बंगाल, बिहार और ओडिशा के उच्च भ्रष्टाचारियों की भी संलिप्ता लग रही है। डॉ नीरा ने इस पूरे प्रकरण को इडी को हस्तांतरित करने की मांग की। उन्होंने कहा इडी द्वारा गहनता से पूरी जांच करने से और भी कई बड़े नामी गिरामी नेताओं की सूची तैयार हो जायेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व या इनके सांसद विधायक सभी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। भ्रष्टाचार इतनी की नोट गिनने की मशीन भी खराब हो जा रही है और कांग्रेस उलट जांच एजेंसी पर ही उंगली उठाती है, अब तो मामला सबके सामने आ गया है, जिससे उनके पार्टी अभी मौन है।

विधायक ने कहा कि गांधी परिवार के पास सिर्फ आलू से सोना बनाने की मशीन नहीं, बल्कि गोबर, शराब, पत्थर, कोयला, जमीन से भी सोना बनाने की मशीन भी है, जो अपने सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और नेताओं को भी दे चुके हैं। ऐसा लगता है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए इतने बड़े पैमाने पर रुपये को इकट्ठा किया जा रहा था। वहीं, छत्तीसगढ़ की पूर्व सरकार महादेव एप के माध्यम से लगभग 500 करोड़ में फंसी है तो हेमंत सरकार पत्थर लीज में इडी के जांच के घेरे में चल रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गरीबों की गाढ़ी कमाई को लूटने वाले भ्रष्टाचारियों से पाई-पाई वसूल करके रहेंगे। वहीं, डॉ नीरा यादव ने कहा कि धीरज साहू की सदस्यता समाप्त करने, उनपर प्राथमिकी दर्ज करने और मामले की इडी से जांच करवाने तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इसके लिए हमारी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी।

प्रेस वार्ता में नितेश चंद्रवंशी, रामचंद्र सिंह, रवि मोदी, बिरेंद्र सिंह, अनूप जोशी, चंद्रशेखर जोशी, संजीव यादव, विजय यादव, मुकेश कुमार, महेश वर्मा, प्रवीण पाण्डेय, राजकुमार यादव, सुधीर यादव, चंदन सिंह, नरेंद्र सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चंदवारा, जयनगर एवं मरकच्चो प्रखंड में 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जिला के चंदवारा प्रखंड अंतर्गत कांको, जयनगर प्रखंड अंतर्गत नईटांड एवं मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत जामू पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगाये गये शिविर में काफी संख्या में आमजनों ने भाग लिया और अपनी अपनी समस्या से पदाधिकारियों को अवगत कराया। पदाधिकारियों द्वारा समस्या का निदान करते हुए योजना का लाभ दिया गया।

वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा ग्रामीणों के बीच जॉब कार्ड, कंबल, धोती साड़ी का वितरण किया गया। साथ ही बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और साइकिल वितरण योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा आमजनों ने शिविर में लगाये गये स्टॉल में कृषि, समाज कल्याण, दाखिल खारिज, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, जाति/आय/आवासीय प्रमाणपत्र निर्गत करने को लेकर आवेदन दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिविर में आये आमजनों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।

## कांग्रेस भ्रष्टाचार के रोज नये कीर्तिमान स्थापित कर रही : किशुन कुमार दास



खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा (चतरा)। भारतीय जनता पार्टी के सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास शनिवार को अपने आवास पर प्रेसवार्ता किया। प्रेसवार्ता का मुख्य विषय ये था कि झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा के सांसद धीरज प्रसाद साहू और उनके करीबियों के ठिकानों से आयकर छापे में लगभग 300 करोड़ नगद रुपए की बरामदगी हुई है।

विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में भ्रष्टाचार के रोज नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। पिछले दो दिनों से कांग्रेस के नेता एवम झारखंड से राज्यसभा सदस्य के विभिन्न ठिकानों से हुए आईटी की छापेमारी में लगभग 300 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। यह बरामदगी भारत के इतिहास में किसी एक छापेमारी में मिले नकद राशि का रिकॉर्ड है। कांग्रेस पार्टी का भ्रष्टाचार का पुराना रिकॉर्ड है। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है, पोषक है, संरक्षक है। कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व हो या इनके क्षेत्रीय क्षत्रप, सांसद, विधायक सभी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं। अब तो कांग्रेस के क्षेत्रीय नेता अपने राष्ट्रीय नेतृत्व से भ्रष्टाचार में प्रतिस्पर्धा कर रहे। नेशनल हेराल्ड मामले में 750 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी ने जब्त की है जिस मामले में सोनिया और राहुल गांधी बेल पर हैं। अब एक सांसद के ठिकानों से लगभग 300 करोड़ रुपए कैश बरामद हुए हैं। बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह। उन्होंने आगे कहा कि अकेले झारखंड में 70000 करोड़ रुपए के घोटाले उजागर हुए हैं। महादेव ऐप के मामले में छत्तीसगढ़ के निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर 500 करोड़ रुपए लेने के मामले उजागर हुए, इससे साफ है कि जहां-जहां कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों की सरकार है, वहां-वहां आकंठ भ्रष्टाचार है।

## निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ और प्रधानाध्यापक में तू तू-मैं मैं

खबर मन्त्र संवाददाता



डंडई। प्रखंड के झोतर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बुधवार को विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ के द्वारा द्वारा प्रधानाध्यापक से मेनू के अनुसार मध्यान भोजन को लेकर पूछताछ के दौरान बातें बढ़ गई और दोनों ने एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी।

बीडीओ विद्यालय में पहुंचकर पहले कक्षाओं में प्रवेश किये और छात्र-छात्राओं से विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की।तत्पश्चात मेनू के अनुसार मध्यान भोजन के बारे में पूछताछ करने के बाद प्रधानाध्यापक से मेनू के अनुसार मध्यान भोजन नहीं बनने का कारण पूछा। तभी तड़के जवाब देते हुए प्रधानाध्यापक ने कहा मध्यान भोजन से हमें कुछ लेना-देना नहीं है इसका जवाब विद्यालय के अध्यक्ष और संजोजिका देंगे। यह बात को सुनकर बीडीओ भड़क उठे और प्रधानाध्यापक को जमकर फटकार लगाई। इस बाबत प्रधानाध्यापक भी कम नहीं रहे उन्होंने भी बीडीओ को कहा कि जो लिखना है लिख दीजिए हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बताया जाता है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू तथा अंचला अधिकारी चोनाराम हेंब्रम शनिवार को आयोजित होने वाले सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का स्थल निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी क्रम में उक्त विद्यालय का भी उन्होंने औचक निरीक्षण करने पहुंचे।

बीडीओ राहुल कुमार सानू ने बताया कि झोतर उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक जांच करने गए थे। विद्यालय में कई तरह के अनियमिताएं पाई गई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का रंग रोहण नहीं था। बच्चे यूनिफॉर्म में नहीं थे। मेनू के अनुसार मध्यान भोजन नहीं बना था। पढाने की वजाय प्रधानाध्यापक हाथ में छड़ी लेकर घूम रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक देवनारायण बैगा से मेनू के अनुसार भोजन नहीं बनने की जानकारी ली जा रही थी, तभी प्रधानाध्यापक अनुशासनहीनता का परिचय दिया। प्रधानाध्यापक ने असिस्ट व्यवहार करते हुए देख लेने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि वरीय पदाधिकारी को इसकी जानकारी दे दी गई है ।अग्रिम कार्रवाई के लिए जांच प्रतिवेदन भेज दी गई है।

मामले में प्रधानाध्यापक देवनारायण बैगा का कहना है कि अनजाने में बीडीओ को नहीं पहचान सके। उनके द्वारा मेनू के अनुसार मध्यान भोजन नहीं बनने की जानकारी मांगी गई तभी हमने अध्यक्ष और संजीविका से इस संबंध में जानकारी लेने की बात

## एक नजर में

### नगर पंचायत कोडरमा के वार्ड नंबर 13 में लगा शिविर

कोडरमा। नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सामुदायिक भवन पाण्डेय टोला वार्ड नंबर 13 में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अंचल कार्यालय कोडरमा से संबंधित मामले, विधवा पेंशन, सर्वजन पेंशन योजना, राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं सुधार के लिए, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड, नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री श्रमिक योजना का आवेदन एवं नगर पंचायत कोडरमा से संबंधित मामले आदि के लिए शिविर में वार्ड वासियों को जानकारी दी गई तथा योजना के लाभ से जोड़ा गया। शिविर में नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक शशि शेखर सुमन के द्वारा निर्धन गरीब बुजुर्ग को कम्बल वितरण किया गया।

### 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

कोडरमा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मरकच्चो प्रखंड के जामू पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में लगाये गये शिविर में काफी संख्या में आमजनों ने भाग लिया और अपनी अपनी समस्या से प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने समस्या का निदान करते हुए उन्हें योजना का लाभ दिया। शिविर में आये बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और साईकिल वितरण योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। बच्चियों ने कहा कि साइकिल हो जाने से विद्यालय से घर की दूरी अब आसान हो जाएगी एवं वह प्रत्येक दिन समय पर स्कूल जाने में सक्षम होंगी। ऐसे में उनकी पढ़ाई भी बाधित नहीं होगी और वह अपने सपनों को नयी उड़ान दे सकेगी। साथ ही अब पाठ्य सामग्री के साथ साथ अन्य किताबें भी खरीद सकूंगी, इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार भी व्यक्त किया।

### नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को किया गया जागरूक

गिद्धौर। प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत में आयोजित आपका योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने सरहते हुए कहा कि नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है । नुक्कड़ नाटक की टीम ने लोगों को सरकार द्वारा चलाये गये कई योजना लेकर जागरूक किया शिविर में आए लोगों को नुक्कड़ नाटक की टीम ने विशेष तौर पर फूलों झानो योजना का लाभ लेने संबंधी विषय पर जागरूक किया । जिसमें गांव से हंडिया दारू बंद करने की बात कही गई ।

### लाभुकों ने बीडीओ से की राशन नहीं मिलने की शिकायत

भवनाथपुर। पंडरिया पंचायत के बेलपहाड़ी गांव में संचालित जविप्र दूकानदार संजय पासवान द्वारा लाभुकों के बीच तीन माह का राशन नहीं वितरण किये जाने से आक्रोशित राशन कार्डधारियों ने मुखिया पति अनिल चौबे के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर बीडीओ सह एमओ नंदजी राम से डीलर की शिकायत की। ताहिर अंसारी, मानमती देवी, गीता देवी, सुचिता देवी, अमजद अली, मुसनी देवी, कलमनी देवी, प्रमिला देवी, पुष्पा देवी, ताहिरन खातून, मुनि देवी, फुल्काली देवी, प्रतिमा देवी, आबिद हुसैन, अफरोज बीबी, शुकनी देवी, आईशा बीबी, जेरुण बीबी, रेहान बीबी, मनिक राज देवी, पूनम देवी, पूनम देवी आदि लाभुकों ने बीडीओ को बताया कि डीलर संजय पासवान द्वारा हमलोगो का सितंबर, अक्टूबर व नवंबर माह का इ पॉश मशीन से पर्ची निकाले जाने के बाद भी राशन नही दिया गया है। बताया कि डीलर राशन का पर्ची निकालने के बाद अगले माह में राशन देने की बात कहते है, लेकिन डीलर द्वारा अगले माह भी पर्ची निकलने के बाद अभी तक राशन नहीं दिये है। जबकि डीलर संजय पासवान ने एमओ को बताया कि सितम्बर माह में 50 क्विंटल की जगह मात्र 11 क्विंटल ही राशन मिला है, इसके बाद नवम्बर माह में भी 10 क्विंटल राशन कट गया है। जिस कारण सभी ला

### एचडीएफसी बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन

गढ़वा। शहर के चिनिया रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के तत्वावधान में शाखा परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीडीसी राजेश कुमार राय, शाखा प्रबंधक अमित कुमार शुक्ला, एरिया हेड तुषार रंजन ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर मे एचडीएफसी बैंक के कर्मियों ने 51 यूनिट रक्तदान किया। मौके पर डीडीसी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है।भुकों के बीच ससमय राशन का वितरण नही हो सका है।

### मुसहर परिवार के लोगों को खुला खाता

डंडई। प्रखंड मुख्यालय के पीछे रह रहे हैं मुसहर परिवारों के बीच ठंड को देखते हुए शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। साथ ही तीन लोगों को पेंशन देने के लिए जन धन योजना के माध्यम से खाता भी खोला गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू ने बताया कि मुसहर समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है । काफी मुसर परिवार के सदस्यों का इसके पूर्व आधार कार्ड और पहचान पत्र बनवाया गया है। अब उन्हें पेंशन योजना से भी जोड़ने का काम किया जा रहा है।

## 16 छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



भवनाथपुर। प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 16 छात्रों को विनय कंस्ट्रक्शन कंपनी सोलापुर महाराष्ट्र मे नौकरी मुहैया कराई है। गुरुकुल में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम ने नियुक्ति पत्र दिया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम ने कल्याण गुरुकुल परिसर में हलदर पौधा रोपण किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है। उनकी अर्थिक स्थिति भी अब पहले से बेहतर हो गई है। सरकार का यह लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वाले युवा वर्ग जो कम पढ़े लिखे है उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों से ईमानदारी से कम करते हुए राज्य का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर सिंह ने बताया कि यह 37वां बैच है जो प्रशिक्षण प्राप्त कर बाहर जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से भी कल्याण गुरुकुल से जुड़ने की अपील की। मौके पर बनसानी पंचायत के मुखिया पति राजेश्वर पासवान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, निरंजन पाठक, वीआरपी लालधारी सिंह, मोहित भूइयां, बालदेव सिंह, जनक राम, ट्रेनर विजय शर्मा, रमेश उरांव आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने की एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा की व्यापक समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। भारत के प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर सहित प्रमुख अधिकारियों अनिमेष जैन, सीजीएम कोयला खनन मुख्यालय, शिवम श्रीवास्तव, निदेशक ईंधन एनटीपीसी लिमिटेड ने एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा का दौरा किया।

यात्रा का प्राथमिक फॉक्स एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में चल रही परियोजनाओं की गहन समीक्षा करना एवं प्रगति पर जोर देना और निष्पादन में आने वाली किसी भी चुनौती का समाधान करना था विभिन्न पहलुओं की व्यापक समझ सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख अधिकारियों के साथ तरुण कपूर ने प्रबंधन और परियोजना टीमों के साथ विस्तृत चर्चा की।

यात्रा के दौरान विशेष रुचि एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में बुनियादी ढांचे के एक महत्वपूर्ण घातक कोयला कन्वेयर बेल्ट की समीक्षा करना था। प्रधानमंत्री के सलाहकार ने देश के ऊर्जा परिदृश्य में एनटीपीसी के योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला और देश की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए परियोजनाओं के निर्बाध निष्पादन की आवश्यकता पर जोर दिया। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के परियोजना प्रमुख स्वप्नेंदु कुमार पंडा ने सरकार के निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा हमें गर्व है कि श्री तरुण कपूर ने हमारे यहां दौरा किया और मूल्यवान दृष्टिकोण प्रदान किया। उनके मार्गदर्शन से हमारा आत्मविश्वास मजबूत हुआ है। एनटीपीसी राष्ट्र निर्माण हेतु अपनी सर्वोत्तम दक्षता के साथ सस्ती विद्युत उच्च मानकों के साथ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा गाड़ीलौंग पंचायत से शुरू

### पीएम के सलाहकार ने फीता काट कर किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



टंडवा (चतरा)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सलाहकार तरुण कपूर शनिवार को टंडवा प्रखंड अन्तर्गत गाड़ीलौंग पंचायत भवन परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का विधिवत फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के पूर्व पीएम एडवाइजर नॉर्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट टंडवा एवं मगध कोल परियोजना का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया।

तत्पश्चात विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जहां स्कूली बच्चों द्वारा झारखंडी गीत एवं चतरा डीसी एवं एसपी ने पुष्प गुच्छ व माला पहना कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं, जेएसएलपीएसके सदस्य, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं आत्मनिर्भर योजना के तहत रोजगार से जुड़े महिलाओं समेत अन्य को उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ती पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। एवं कार्यक्रम में लगे खेल कूद खिलाड़ी सम्मान,कल्याण विभाग, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, खाद्य आपूर्ति एवं कृषि किसान क्रेडिट कार्ड समेत अन्य स्टॉलों का निरीक्षण कर कई दिशा- निर्देश दिया गया।

**मुख्य अतिथि एवं ग्रामीणों के बीच डायरेक्ट संवाद :** पीएम सलाहकार तरुण कपूर ने केंद्र सरकार की कई योजनाओं के लाभुकों से सीधा संवाद किया। जिसमें कई लाभुकों ने योजना की लाभ उठा रहे इसकी जनकरी दी। मुख्य अतिथि द्वारा क्षेत्र की समस्या पूछे जाने पर भाजपा नेता सह समाजसेवी सुनील कुमार चौरसिया कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार की कार्यकाल में काफी लूट-खसोट हो रही है एवं भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। आगे बताया कि हेमंत सरकार में भूमाफियाओं द्वारा सरकारी जमीन को भी सम्बंधित अधिकारियों की मिलीभगत से अपना नाम दाखिल करवा रहा है। जैसे आयोजित कार्यक्रम स्थल गाडीलौंग पँचायत भवन स्थल में ही कुछ भूमि माफियाओं द्वारा अधिकारियों को मोटी रकम देकर जमीन अपना लिया है। जिसे मौजूद डीसी एवं पीएम सलाहकार से न्याय का गुहार लगाया है। वही गोविंद पंडा ने रजिस्टर टू से सम्बंधित मामलों का शिकायत किया है। कार्यक्रम में चतरा डीसी अबू इमरान एसपी राकेश रंजन, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ सुधीर दास, कोल इंडिया के पीएम प्रसाद, सिमरिया विधायक किशुन दास, विकसित भारत संकल्प यात्रा चतरा जिला संयोजक मिथलेश गुप्ता, भाजपा नेता अक्षयवट पांडेय, सांसद प्रतिनिधि ईश्वरदयाल पांडेय, विधायक प्रतिनधि शशि चौरसिया, मुखिया सबिदा खातून, सीता देवी, भाजपा नेता सुनील चौरसिया समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रमुख ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण, व्यवस्था में कमी देखकर शिक्षकों को लगायी फटकार

खबर मन्त्र संवाददाता



गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत भवन के समीप संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शनिवार को प्रखंड प्रमुख अनिता यादव एवं उप प्रमुख प्रीतम यादव ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय की व्यवस्था फीका देख विद्यालय में उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षका को जमकर फटकार लगाई। साथ ही साथ इन्होंने कहा कि प्रखंड में शिक्षा विभाग की व्यवस्था बिल्कुल लापरवाही तरीके से चल रहा है। इस विद्यालय में किसी भी प्रकार की सुविधा बच्चों को नहीं मिलता है। इतना ही नहीं बच्चे शिक्षा में भी बहुत ज्यादा कमजोर है। कई बच्चों से पूछा गया कि देश के प्रधानमंत्री कौन हैं। तो बताने से हिचकिचा गए। उसी में एक बच्चा सही-सही बता पाया।यहां तक की विद्यालय के बच्चे मध्यान भोजन के लिए खाना खाने के लिए थाली भी अपने घर से लाते हैं। तब उन्हें खाना परोसा जाता है।जो बच्चे ताली नहीं लेकर आते हैं उन्हें खाने तक का नसीब नहीं होता। विद्यालय के सचिव ने बताया कि कुछ दिन पहले बच्चों को खाने के लिए थाली एवं गिलास मिला है। लेकिन अभी स्टॉक में बंद पड़ा हुआ है। मध्यान भोजन का जब प्रमुख ने निरीक्षण किया। तो खिचड़ी बना हुआ था। लेकिन उसका स्वाद रंग बिल्कुल फीका दिखा। इतना ही नहीं शिक्षक अपने कार्यालय ऑफिस का भी सफाई बेहतरीन तरीके से नहीं करते हैं। पूरी तरह से गंदगी दिखा और तो और चावल भी अनलिगल तरीके से रखा हुआ मिला। जहां पर प्रमुख ने कहा कि भोजन के लिए ही लोग ज्यादा मेहनत करते हैं। बच्चों के भोजन को बेहतरीन करें। सरकार सारी सुविधा दे रही है। व्यवस्था देख प्रमुख ने नाराजगी जताई। कहा कि अदि व्यवस्था को सुधार नहीं किया जाता है। तो उच्च अधिकारियों तक लिखित देंगे। उसके बाद विद्यालय की व्यवस्था सुधार के लिए समझते रहिएगा ?मौके पर उपस्थित शिक्षक ईश्वर रजक रामलखन राम रामसेवक दांगी एवं शिक्षाका प्रिया कुमारी के साथ बच्चे उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अयोग्य राशन कार्ड धारकों की सूची जमा करने का निर्देश

**लातेहार।** जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने जिले के सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को अपने पोषक क्षेत्र के सभी मृत, विस्थापित व अयोग्य राशन कार्ड धारकों की सूची कार्यालय मे जमा कराने का निर्देश दिया है। इस संबंध में उन्होने कहा कि डीलरों द्वारा मृत, विस्थापित या फिर अपवर्जन मानकों में आए राशनकार्ड धारकों की सूची उपलब्ध नहीं कराये जाने की दशा में बिना कोई कारण बताए संबंधित डीलरों की दुकानों को रद्द करने का प्रावधान है। इसलिए यह जरूरी है कि सभी डीलर अपने क्षेत्र के मृत, विस्थापित और अयोग्य राशनकार्ड धारकों की सूची जिला खाद्य आपूर्ति कार्यालय लातेहार को अविलंब सौंपें। डीएसओ ने आदेश की अनदेखी या अनुपालन में किसी भी तरह की कोताही या लापरवाही बरतने पर बिना किसी नोटिस के दोषी डीलरों के अनुज्ञप्ति रद्द करने की चेतावनी दी है। इधर, डीएसओ के इस आदेश से उन डीलरों में हड़कंप है, जिन्होने सूची नहीं सौंपी।

## गोनिया में शिविर लगा दिया गया योजनाओं का लाभ

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत खेल मैदान में शनिवार को मुखिया रानो देवी की अध्यक्षता में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु,राजयसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीस सुत्री उपाध्यक्ष सुरेश गंझु, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, मुखिया रानो देवी, पंसस उमेश उरांव, बीपीओ रवि यादव, पंचायत सेवक अर्विन्द पाण्डेय, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। वहीं राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, जिला परिषद रमेश राम ने लोगो को संबोधित किया। मौके पर प्रखंड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, मो शमीम ,शशि पूनम कुजूर,सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावा कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## जर्जर बिजली पोल और तार बदलने की मांग

**चंदवा।** अलौदिया पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शुक्रबाजार निवासियों ने सहायक अभियंता विद्युत विभाग के नाम आवेदन सौपकर बिजली पोल व जर्जर तार को बदलने की मांग रखी है। आवेदन करने वालो ने बताया कि अलौदिया ग्राम पंचायत अंतर्गत तैलिक समाज विवाह मंडप से लेकर शुक्र बाजारटांड़ फील्ड स्थित ट्रांसफार्मर तक 11 हजार का हाईटेंशन तार, एलटी तार व बिजली के खंभों की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है। शुक्र बाजार टांड काफी भीड़ भाड़ वाला इलाका है। आये दिन हाईटेंशन तार टूट कर गिरता रहता है। जिस कारण हमेशा लोगो के जान पर खतरा मंडराते रहता है। ग्रामीणों के द्वारा विभाग को मौखिक रूपसे इस समस्या से कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन विभाग द्वारा कोई समाधान नही निकाला गया है।

### कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद 300 करोड़ के संदर्भ में प्रेस वार्ता

# एक छापामारी में इतनी राशि मिलना रिकार्ड

**भाजपा की प्रेस वार्ता**

- **भाजपा कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आज**

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद 300 करोड़ रुपये के संदर्भ में जिलावार प्रेस वार्ता के तहत भारतीय जनता पार्टी के द्वारा शनिवार को होटल बजरंग में डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह समेत कई भाजपा नेता के द्वारा प्रेस वार्ता किया गया। इस दौरान श्री चौरसिया व श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में भ्रष्टाचार का रोज नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। पिछले दो दिनों से कांग्रेस के नेता एवं झारखंड से राज्यसभा सांसद के विभिन्न ठिकानों से हुए आईटी छापेमारी में लगभग 300 करोड़ रूपये बरामद हुए है। यह बरामदगी भारत के इतिहास में किसी एक छापेमारी में मिले नकद राशि का रिकार्ड है। वहीं नेशनल हेराल्ड मामले में 750 करोड़ रूपये की संपत्ति ईडी ने जब्त की है जिस मामले में सोनिया और राहुल गांधी बेल पर है। अब एक सांसद के ठिकानों से लगभग 300 करोड़ रूपये कैश बरामद हुए है। एक तरफ झारखंड के मुख्यमंत्री ईडी की जांच के घेरे में है, दूसरी ओर कांग्रेस भी राज्य में भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में शामिल है। कांग्रेस उल्टा जांच एजेंसियों पर ही उंगली उठाती है।



यह भ्रष्टाचार कोई साधारण नहीं है, इसकी गहन जांच होनी चाहिए। भाजपा मांग करती है कि भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी हो, कड़ाई से पूछताछ हो, पार्लियामेंट से सांसद को बर्खास्त करें और इडी इस केस को टेकओवर करें। प्रधानमंत्री ने भी कह दिया है कि जनता से जो लूटा है उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। 10 दिसंबर को पूरे राज्य में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। वहीं धन्यवाद ज्ञापन पंकज सिंह ने किया।

**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

मौके पर राजधानी प्रसाद यादव, नरेश पाठक, रामदेव सिंह, विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, बंशी यादव, आशा देवी, प्रमीला देवी, शिला देवी, ललन पांडेय, अश्विनी सिंह, विकास साहु समेत कई लोग मौजूद थे।

## चंदवा मुख्य बाजार से बाइक की डिक्की तोड़ कर 20 हजार की चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा मुख्य बाजार स्थित रामकिशुन साहू के दुकान के बाहर खड़ी बाइक की डिक्की तोड़कर 20 हजार रुपये की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गयी। चोरों की करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी है। मामले को लेकर शनिवार को भुक्तभोगी लखन यादव पिता स्व. भन्दू यादव (रक्सी जमीरा) ने चंदवा थाना के नाम लिखित आवेदन देकर चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार को चंदवा के एसबीआई बैंक से 20 हजार रुपये की निकासी कर बाइक की डिक्की में रखा था, बाइक को रामकिशुन साहू के दुकान के बाहर खड़ी कर बुध बाजार में कुछ सामान की खरीददारी करने गया था। कुछ मिनटों के बाद जब वापस लौटा तो बाइक की डिक्की टूटी हुई थी व डिक्की में रखे पैसा व पासबुक गायब था।

**दो चोरों ने दिया घटना को अंजाम**

घटना के बाद भुक्तभोगी ने दुकान में लगे सीसीटीवी की खंगाली तो अपाची बाइक पर सवार दो चोर घटना को अंजाम देते साफ दिख रहे हैं। अंदाज लगाया जा रहा है कि चोरों के द्वारा बैंक से ही भुक्तभोगी की रेकी कर घटना को अंजाम दिया गया है। बता दें कि पूर्व में भी कई बार इस प्रकार की घटना घटित हो चुकी है जब बैंक से ही रेकी कर लोगो को निशाना बनाया गया है। भुक्तभोगी ने मामले को लेकर चंदवा थाना में आवेदन दिये जाने की बात कही है।

# आरओबी के निर्माण तक बाइक के लिए खोली जाए सड़क

- **कांग्रेस, माकपा व उप प्रमुख ने टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर रास्ता बंद करने के मामले को लेकर सौंपा ज्ञापन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर मोटरसाइकिल की इमरजेंसी रास्ता रेलवे विभाग द्वारा बंद किए जाने को लेकर वरीय अनुभाग अभियंता रेलवे टोरी को उनके कार्यालय में उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, माकपा के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता अयुब खान, द्वारीका ठाकुर, हाफीज शेर मोहम्मद, अनिल प्रजापति, प्रयाग पाठक ने ज्ञापन सौंपकर इमरजेंसी रास्ता खोलने की गुहार लगाई है ।सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि टोरी चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर टोरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप लोहा का खंभा गाड़ कर इमरजेंसी के लिए खुले मोटरसाइकिल की रास्ता बंद कर दी गई है रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने पर आमजन इमरजेंसी में इसी पतले रास्ते से मोटरसाइकिल पर बिठाकर मरीज और बच्चों को लेकर रेलवे क्रॉसिंग पास करते हैं।लोहे का खंभा गाड़कर रेलवे विभाग द्वारा इमरजेंसी रास्ते बंद कर दिए जाने से अब लोगों को परेशानी और बढ़ गई है। इमरजेंसी रास्ता बंद कर रेलवे विभाग मोटरसाइकिल से और पैदल चलनेवालों को रोक दिया है। अब लोगों को आना जाना और भी कठिन हो गया है।



**रेलवे को नहीं है लोगों की परेशान की फिक्र**

रेलवे प्रशासन को कभी भी प्रखंड वासियों की सुविधाओं से कोई चिंता नहीं रही है, उन्होने सिर्फ अपनी राजस्व की चिंता की है, ये मानवता और इंसानियत को भी भुल गए हैं। रेलवे क्रॉसिंग पर आधे घंटे से अधिक समय तक जाम रहने से रेलवे विभाग और आरपीएफ के पदाधिकारियों ने आमजन को राहत देने के लिए इस रास्ते को इमरजेंसी के लिए छोड़ दिया था। इमरजेंसी रास्ता बंद होने से ग्रामीणों में रेलवे विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। इस संबंध में लोगों को हो रही परेशानी से प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक कुमार को भी अवगत कराया गया है ।जबतक फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण न हो जाय तबतक इमरजेंसी मोटरसाइकिल का रास्ता खोलने की मांग की गई है।

## रेल प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ होगा आंदोलन: रवि डे

**चंदवा।** झारखंड विकास समिति के रवि डे व सत्येंद्र प्रसाद यादव ने प्रेस बयान जारी कर रेल प्रशासन के द्वारा टोरी रेलवे फाटक पर बने आपातकालीन रास्ते को बंद कर दिए जाने के मामले को लेकर कड़ा रोष प्रकट किया है। बंद किए गए आपातकालीन रास्ते का निरीक्षण के उपरांत बयान जारी कर इन्होंने कहा कि रेल प्रशासन की मनमानी नहीं चलेगी, आंदोलन के माध्यम से इसका जवाब दिया जाएगा। धनबाद रेल मंडल अंतर्गत राजस्व देने के मामलों में अहम स्टेशनों में सुमार टोरी जंक्शन को रेलवे के द्वारा उगाही का अड्डा बना कर रख दिया गया है। टोरी रेलवे फाटक पर लोगों को जाम से निजात दिलाने के दिशा में पहल करने के बजाय रेल प्रशासन आम लोगों की परेशानी को बढ़ाने का काम कर रही है।

**एक नजर में**

## साल्वे मुखिया ने 90 गरीब असहाय के बीच कंबल का किया वितरण



**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत मुखिया राजीव भगत ने बारिखाप ग्राम मे 90 गरीब असहाय लोगों के बीच शनिवार को कंबल का वितरण किया। मुखिया भगत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कंबल प्राप्त हुआ था। जिसमे 90 कंबल बारिखाप ग्राम मे रहने वाले अत्यंत गरीब असहायों के बीच वितरण किया गया। लगातार बढ़ते ठंड को देखते हुए आवश्यकता अनुसार कम्बल दी गई। मौके पर कई पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने किया परिसंपत्ति का वितरण

**लातेहार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को इचाक पंचायत सचिवालय के प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, वीडियो मनोज तिवारी, जिप सदस्य विनोद उरांव ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने लोगों को लाभ लेने की अपील की।

## विकास योजनाओं का लाभ लेने शिविर में पहुंचे लोग

**लातेहार।** विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने को लेकर शिविर में ग्रामीण पहुंच रहे हैं। बीपीओ केतन गुप्ता ने बताया कि आमजनों के लिए संचालित विकास योजनाओं एवं अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड व जिला मुख्यालय का चक्कर न काटना पड़े इस उद्देश्य से सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से विभागीय अधिकारी आपके गांव आए हैं। आप सभी ग्रामीण शिविर का लाभ उठाकर संचालित योजनाओं का लाभ उठाएं। लाभुकों द्वारा अबुवा आवास के लिए 700 आवेदन पड़े।

## चंदवा पश्चिमी के ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया ग्राम स्थित सामुदायिक भवन प्रांगण में शनिवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी, प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, सीओ जयशंकर पाठक बीडीओ विजय कुमार, मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य असगर खान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के उपरांत अतिथियों व अधिकारियों के द्वारा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गयी। इसके अलावे शिविर में कई लाभुकों के बीच धोती साड़ी व लुंगी तथा कई जरूरतमन्दों के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिविर में सीआई ऋषिदेव कमल आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक कुश ध्वज कुमार, बिजली विभाग के सुनील कुमार, सांख्यकी पदाधिकारी शिशिर बारला, एमओ रामनाथ यादव समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



**कार्यक्रम में दिख कुव्यवस्था का आलम**

इधर हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लग रहे विकास शिविरों में कुव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहा है। शिविर में सुव्यवस्थित तरीके से व्यवस्था नही होने के कारण लोगों में आपाधापी देखी जा रही है। इधर प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने भी कुव्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त की है साथ ही शिविरों में विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग भी की है।

## विधायक ने ग्रामीणों से की शिविर में पहुंच कर लाभ लेने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत सचिवालय में झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा का आयोजन शनिवार को आयोजित किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय समेत सभी प्रखंड व अंचल विभाग के स्टॉल लगाया गया था एवं उसे स्लॉट में पंचायत वासियों को समस्याओं का निदान किया जा रहा था, इस दौरान सबसे ज्यादा अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, मनरेगा योजना, सिंचाई कूप, बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग, स्वास्थ समेत सभी विभागों का पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने झारखंड सरकार के द्वारा महत्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर यह कार्यक्रम पूरे झारखंड में आयोजित की जा रही है उनका सपना है कि जिन लोगों को अभी तक पक्का आवास नहीं मिल पाया है, यह सरकार उन लोगों को आवास मुहैया कराया जाये। इसके साथ ही बिजली, मनरेगा,सोचाई योजना, शिक्षा विभाग,बाल विकास परियोजना, के अंतर्गत उन छात्र-छात्राओं को जो उन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाती है उन्हें शत प्रतिशत दिया जाए। इसके लिए लोगों को जागरूक और अपने हक अधिकार के बारे में समुचित जानकारी लेकर फॉर्म भरने की बात कही है। मौके पर पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह समेत सभी जनप्रतिनिधि एवं पंचायत प्रखंड व अंचल के सभी कर्मचारी मौजूद थे।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरना प्राथमिकता : नसीम अंसारी

खबर मन्त्र संवाददता



**बरवाडीह।** आगामी 2024 चुनाव के मद्देनजर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय संयोजक और झारखण्ड प्रदेश प्रभारी ओमेर खान के द्वारा अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्षों में बदलाव करते हुए नई सूची जारी की हैं। जिसमें बरवाडीह प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस के वरिष्ट नेता नसीम अंसारी की संगठन में सक्रियता को देखते हुए लातेहार अल्पसंख्यक विभाग का जिला अध्यक्ष बनाते हुए उन्हें नई जवाबदेही से नवाजा गया है। छात्र राजनीति से अपने राजनीतिक सफर शुरू करने वाले नसीम अंसारी मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के काफी करीबी माने जाते हैं। नसीम अंसारी 2010 से लेकर 2018 तक राष्ट्रीय जनता दल के प्रखण्ड अध्यक्ष भी रह चुके है। वहीं 2818 में रामचंद्र सिंह के कांग्रेस में जाने के बाद इन्होंने भी कांग्रेस की सदस्यता ली। तब से लेकर आज तक पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय रूप से अहम भूमिका में है। इन्होंने अपने 25 साल के राजनीतिक करियर के बाद अब जिला अध्यक्ष तक का सफर तय किया है।

**नेताओं ने आलाकमान के फैसले का किया स्वागत**

नसीम अंसारी को जिला अध्यक्ष बनाये जाने के बाद जिला कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं ने आलाकमान के फैसले का स्वागत किया है। विधायक रामचंद्र सिंह समेत कई नेताओं ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। जहां वरिष्ट नेता अनिल सिंह ने कहा कि लगातार क्षेत्र में सक्रिय होने की वजह से और संगठन में अच्छी पकड़ का उन्हें फायदा मिला हैं। उनके इसी कद को देखते हुए कांग्रेस ने उनपर भरोसा दिखाते हुए अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी है। वहीं जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद खबर मंत्र से बातचीत में नसीम अंसारी ने कहा कि आगामी चुनाव में न सिर्फ पार्टी संगठन को मजबूत करना बल्कि कार्यकताओं को चुनाव के लिए रिचार्ज करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि यहां दुबारा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए वे अभी से तैयारी में जुट गए हैं।

**इन्होंने दी बधाई**

वहीं नसीम अंसारी को बधाई देने वालो में हाजी मुमताज अली, युथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, तेतर यादव, अजय चंद्रवंशी, रविंद्र राम, रिक्की गुप्ता, मनोज कुमार, मुसाफिर यादव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, प्रेम सिंह, दीपू तिवारी, राजदीप रिकी, अब्दुल हलीम, राहुल गुप्ता, अजीत गुप्ता, संजय यादव ओमप्रकाश गुप्ता, जयप्रकाश रजक, कमलेश प्रजापति और अवधेश मेहरा समेत सैकड़ो कार्यकताओं का नाम शामिल है।

## आश्वासन के बाद तेतरियाखाड़ कोलियरी में भूख हड़ताल खत्म

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलयरी में दो दिनों से चल रहे मजदूरों एवं मजदूर नेता गिरधारी यादव का भूख हड़ताल एवं लगभग 15 दिनों से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया। विस्थापित नेता गिरधारी यादव एवं प्रणव नमन कंपनी में कार्य कर रहे मजदूर के साथ किए गए वार्ता में तय किया गया कि जो 21 मजदूर कंपनी द्वारा हटा दिया गया था उसे पुनः कार्य में रखा जाएगा एवं इन लोगों का वेतन भुगतान सीसीएल द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार की जाएगी। वहीं कोलियरी से मुरपा मोड़ तक प्रतिदिन नियमित जल का छिड़काव कंपनी द्वारा किया जाएगा। सीसीएल प्रबंधन एक एंबुलेंस अगले वित्तीय वर्ष में उपलब्ध कराएगी समेत कई मांगों पर सहमति के बाद भूख हड़ताल को समाप्त किया गया। इस मौके पर बसिया पंचायत के मुखिया विमला देवी, पंचायत समिति सदस्य रीना देवी, राजहरा एरिया के जीएम कमल मांझी, परियोजना पदाधिकारी केएल यादव, सीसीएल के पदाधिकारी आशीष साहू, अमिद इस्लाम, राकेश बहेरा, ट्रक ओनर के अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, काली यादव, राजेंद्र यादव, संतोष यादव ,रोशन यादव, राजेश राम, रामपति साव, देवनारायण यादव, प्रियंका कुमारी, लक्ष्मण कुशवाहा मौजूद थे।

# मनिका के ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**मनिका पंचायत सचिवालय परिसर में लगा सरकार आपके द्वार शिविर**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सदर पंचायत में दिन शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी,जिला परिषद सदस्य पश्चिमी बलवंत सिंह,विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, ~~मुख्यमंत्री सारथी योजना, अबुआ~~ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना,पशुपालन विभाग, समेत विभिन्न विभाग का स्टॉल लगाकर ग्रामीणों के बीच जानकारी दी गई। वहीं ग्रामीणों से वृद्धा पेंशन,राशन कार्ड,पशुधन योजना,अबुआ आवास योजना समेत कइ योजना का आवेदन विभागवार लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि आपकी सरकार,आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत गरीब असहयों को लाभ देने के उद्देश्य से सरकार गांव गांव तक पहुंचने का कार्य कर रही है यह सरकार गरीब गुरओं की सरकार है इस शिविर में जो भी आवेदन प्राप्त हो रहा है उसे पदाधिकारी गंभीरता पूर्वक लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने का कार्य करेंगे।

**कार्यक्रम में थे मौजूद**

कार्यक्रम में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,सुरेंद्र भारती ने भी सभा को संबोधित किया। वहीं शिविर में वृद्ध असहाय एवं दिव्यांगों के बीच कंबल एवं धोती,साड़ी का वितरण भी किया गया। मौके पर 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव,मुखिया सत्येंद्र कुमार सिंह , बिपिओ संतोष कुमार, मिथिलेश पासवान, विशाल पासवान,अख्तर अंसारी,पंचयात सेवक आत्मा सिंह उपस्थित थे।

**Affidavit**

I, Vikash kumar s/o (PRAMOD CHAUDHARY) born on (05-11-2005 ) residing at (Japla Dharhara Nahar Mod, Hussainabad, Japla, Palamu, Jharkhand, 822116) ,have changed my father's name from PRAMOD CHOUDHARY To PRAMOD CHAUDHARY for all future legal documents and purposes vide affidavit dated (17/11/2023) sworn before notary Ram Chandra Singh.

# टी-20 में दक्षिण अफ्रीका से आज होगी पहली भिड़ंत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** युवा भारतीय टीम जब रविवार को यहां शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में मजबूत दक्षिण अफ्रीका के सामने होगी तो उसकी कोशिश उन मुश्किल सवालों के जवाब ढूंढने की होगी जिससे उसे रूबरू होना होगा। चोटिल कप्तान हार्दिक पंड्या इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने तक बाहर हैं और मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ब्रेक पर हैं। इसके अलावा जून में होने वाले विश्व कप से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा के टी20 भविष्य को लेकर स्पष्टता नहीं है तो कोई भी दक्षिण अफ्रीका में टीम की सफलता या विफलता के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह पायेगा।

टी20 विश्व कप के लिए भारत की कोर टीम को लेकर स्थिति आईपीएल के एक महीने बाद ही स्पष्ट हो पायेगी क्योंकि उस समय खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस चयन का मानंदड रहेगा। अगर रोहित और विराट को अंतिम एकादश में चुना जाता है तो दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर रही टीम अचानक से बहुत अलग हो जायेगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम ने घरेलू मैदानों पर आस्ट्रेलिया को 4-1 से मात दी और एक सामान्य भारतीय खेल प्रेमी भी इस बात से सहमत होगा कि विश्व कप के 72 घंटों के भीतर हुई श्रृंखला में ज्यादा कुछ दाव पर नहीं लगा था। आस्ट्रेलिया ने कोर गेंदबाजी आक्रमण को आराम दिया था। कुछ सीनियर भी इतने थके थे कि वे तीसरे मैच के बाद स्वदेश रवाना हो गये।



**कागिसो रबाडा को दिया गया आराम :** जनवरी के मध्य में अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से पहले दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला भारत के लिए अंतिम बड़ी अंतरराष्ट्रीय टी20 श्रृंखला होगी। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा को आराम दिया गया है जबकि एनरिक नोर्किया और लुंगी एनगिडी चोटिल हैं लेकिन टीम अपने मैदान पर काफी मजबूत होगी। भारत टी20 श्रृंखला के लिए 17 खिलाड़ियों को ले जा रहा है और इनमें से केवल तीन श्रेयस अय्यर, मुकेश कुमार और ईशान 50 ओवर प्रारूप का भी हिस्सा हैं। लेकिन टीम के सामने कई मुश्किल मुद्दे होंगे जिसमें सलामी बल्लेबाज और तीसरे नंबर के बल्लेबाज को पिछले टी20 विश्व कप में भारत के लिए अभिशाप रही रक्षात्मक होने की प्रवृति को बदलना होगा।

**भारतीय टीम**
सूर्यकुमार यादव (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रूतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा (उप कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, दीपक चाहर।

**दक्षिण अफ्रीकी टीम**
एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जस्के, नांद्रे बर्गर, जेराल्ड कोएत्जी (पहला और दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय), डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जेनसेन (पहला और दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय), हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एंडिले फेलुकवायो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिजाड विलियम्स।

**यशस्वी और गिल का शानदार प्रदर्शन :** यशस्वी जायसवाल पहले ही दिखा चुके हैं कि वह किस आक्रामक स्तर की बल्लेबाजी करते हैं और शुभमन गिल अब सभी प्रारूपों में पहली पसंद बन गये हैं जबकि रूतुराज गायकवाड़ को भी 52 गेंद में खेली गयी 100 रन की पारी के बाद नजरअंदाज करना मुश्किल होगा. समस्या यही है कि अगर जायसवाल, गिल और गायकवाड़ की तिकड़ी बल्लेबाजी करती है तो ईशान किशन चौथे नंबर के बाद ज्यादा अच्छे विकल्प नहीं हैं और चौथे नंबर पर भारत के नंबर एक टी20 बल्लेबाज और कप्तान सूर्यकुमार मौजूद हैं। फिर विकेटकीपर की जगह पर किशन को जितेश शर्मा से कड़ी चुनौती मिलेगी क्योंकि वह छठे नंबर पर फिनिशर के तौर पर बेहतर होते दिख रहे हैं। फिर पांचवें नंबर का स्थान है जहां श्रेयस अय्यर को मार्को जेनसेन, जेराल्ड कोएत्जी और एंडिले फेलुकवायो की शॉर्ट पिच गेंदों से चुनौती मिलने की उम्मीद है. अगर अय्यर को खिलाया जाता है तो रिंकू सिंह के लिए कोई जगह नहीं होगी जो भी अच्छे फिनिशर साबित हो रहे हैं और उन्होंने खुद ही बीसीसीआई डॉट टीवी पर कहा था कि वह पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। अगर किशन को शीर्ष चार में जगह नहीं मिलती है तो जितेश छठे नंबर के लिए विकल्प हैं। रूतुराज, जायसवाल, रिंकू और जितेश जैसे खिलाड़ियों के लिए किंग्समीड पर अतिरिक्त उछाल अलग तरह की चुनौती पेश करेगा।

आस्ट्रेलिया ने ज्यादातर मैचों में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को चुनौती दी लेकिन दक्षिण अफ्रीका में लेंथ का महत्व दोगुना हो जायेगा। दक्षिण अफ्रीकी टीम में क्विंटन डिकॉक नहीं होंगे, लेकिन हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, कप्तान एडेन मार्कराम, ट्रिस्टन स्टब्स और मैथ्यू ब्रीट्जस्के भारतीय गेंदबाजों को मुश्किल में डाल सकते हैं। रविंद्र जडेजा इस श्रृंखला में उपकप्तान हैं और उनके सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की उम्मीद है। दूसरे स्पिनर निश्चित रूप से गुगली विशेषज्ञ रवि बिश्नोई होंगे, जो अब दुनिया के नंबर एक टी20 स्पिनर हो गये हैं। दीपक चाहर, अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार तीन तेज गेंदबाजी विकल्प होने की उम्मीद है।

## एक नजर में

### अमित शाह का बिहार दौरा आज

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। वे पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हिस्सा लेंगे। गृह मंत्री के अलावा चार राज्यों के प्रतिनिधि भी बैठक में हिस्सा लेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बैठक में मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। बैठक में पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, झारखंड और बिहार के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### हमारा संकल्प है विकसित भारत, सभी मिल कर भारत को श्रेष्ठ बनायेंगे : प्रो राकेश सिन्हा

**बेगूसराय।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'हमारा संकल्प विकसित भारत' के तहत शनिवार को खोदावंदपुर प्रखंड के मनोरंजन केन्द्र मटिहानी परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए तथा लाभुकों ने अपना अनुभव भी साझा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद प्रो. राकेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों, दलित, पिछड़े वर्ग के लिए बहुआयामी योजनाएं चला रही रही है। आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज करवाया जा रहा है। केंद्र सरकार इसके लिए पांच लाख रुपये की सहायता उपलब्ध करवा रही है। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार ने कोरोना काल में सभी गरीब परिवारों को मुफ्त में अनाज देना शुरू किया। यह योजना आगामी पांच साल तक चलाई जाएगी। उज्ज्वला योजना के तहत सभी गरीब परिवारों को मुफ्त में रसोई गैस का कनेक्शन दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत किसी देश से कम नहीं होगा, सभी मिलकर भारत को श्रेष्ठ बनाएंगे। पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटियों को सेना में प्रवेश करवाया। उन्होंने कहा कि गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को एकजुटता के साथ बाहर भगाएंगे, तभी हमारा देश विकसित बनेगा। आज महिलाओं को देखकर पता चल रहा है कि देश आगे बढ़ रहा है। इसी के लिए मोदी गारंटी योजना चलाई जा रही है। उन्होंने केन्द्र सरकार की योजनाओं को गांव के टोले-मुहल्ले में जाकर लोगों को जागरूक करें तथा जिसका शत-प्रतिशत लाभ उठाएं।

### खनन विभाग की टीम पर हमले का एक आरोपी गिरफ्तार

**किशनगंज।** जिले में बीते पांच सितंबर को अवैध बालू खनन और भंडारण के विरुद्ध छापेमारी करने गई खनन विभाग की टीम पर बालू माफियाओं ने जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी इनामुल हक को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इस मामले में पोठिया थाना में 21 नामजद लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसका थाना कांड संख्या 262/23 है। पोठिया थानाध्यक्ष निशाकांत कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस ने एक आरोपित इनामुल हक को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ वादों का निपटारा

**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को आपसी सुलह-समझौता कर वादों का निपटारा करते हुए 9694 वादों का निष्पादन करते हुए 32,45,05,729 रुपये का वसूली हुई। लोक अदालत का आयोजन नालसा, दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज अनिल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित हुई। इसकी जानकारी प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में कुल आठ बेंचों का गठन किया गया था।

### एसकेएमयू की बैडमिंटन टीम डिब्रूगढ़ रवाना

**दुमका।** डिब्रूगढ यूनिवर्सिटी, असम में आयोजित होने वाली ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बेडमिन्टन टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय की 6 सदस्यीय छात्रों की टीम शुक्रवार को रवाना हुई। कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह, कुलसचिव डॉ बिनय कुमार सिन्हा, क्रीडा पदाधिकारी डॉ शम्श तबरेज खान, सीसीडीसी डॉ बिजय कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ डी एन गोराय आदि ने शुभकामनाएं देकर टीम को विदा किया। प्रतियोगिता 12 से 15 दिसंबर तक डिब्रूगढ़ यूनिवर्सिटी के कैंपस में आयोजित होगी। एसकेएमयू की टीम के साथ मेनेजर के रूप में शिवनंदन राय और बतौर कोच यश राज गए। टीम में साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज के आदित्य कुमार, गोड्डा कॉलेज के मो अरशद आजाद, मधुपुर कॉलेज के हिमांशु शेख, स्नातकोतर विभाग के संजीव टुडू और एएन कॉलेज के पॉल हेम्बम और नीरज कुमार हेम्ब्रम शामिल हैं। कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए खेल भावना और निष्पक्षता के साथ खेलने का सन्देश दिया।

### पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन पर दुबे पहुंचे उनके घर

**गोड्डा।** आज शाम गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ निशिकांत दुबे गोड्डा पूर्व भाजपा अध्यक्ष कुंवर गोपाल सिंह निधन पर उनके परिजनों से मिलकर उन्हें इस दुख की घड़ी में सांत्वना देते हुए कहा कि पार्टी की ओर से और व्यक्तिगत रूप से मुझसे जो भी सहायता संभव होगी मैं करूंगा स्व. कुंवर गोपाल सिंह की आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें। भाजपा पार्टी के साथ हमने अपना एक भरोसेमंद समर्पित कार्यकर्ता को खो दिया पार्टी के लिए ये एक बहुत बड़ी क्षति है। स्व. गोपाल की तीन पुत्रियां हैं। सांसद गोड्डा ने कहा, मैं उनके परिवार को हर संभव सहायता देने की कोशिश करूंगा।

# वैशाली में बच्चा राय के ठिकानों पर छापेमारी में इडी ने मंगवायी रुपये गिनने की मशीन

## बिहार टॉपर घोटाला : भारी मात्रा में नकदी मिलने का है अनुमान

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बिहार के वैशाली जिले में टॉपर घोटाले के मुख्य आरोपी अमित कुमार उर्फ बच्चा राय के ठिकानों पर शनिवार को की गयी छापेमारी में भारी मात्रा में नकदी मिलने का अनुमान है। इडी ने छापेमारी के दौरान शाम पैसे गिनने की दो मशीन मंगवायी है। बच्चा राय के वैशाली स्थित आवास और कॉलेज पर शनिवार को सुबह पटना से आयी इडी की 15 सदस्यीय टीम ने दबिश बनायी। भारी सुरक्षा के बीच भगवानपुर के किरतपुर राजाराम स्थित आवास और कॉलेज पर जांच चल रही है। इस दौरान कुछ कागजात भी बरामद किये जाने की सूचना है। हालांकि, इसकी अधिकारिक तौर पर जानकारी अब तक नहीं दी गयी है।




टॉपर घोटाले में इडी ने बच्चा राय की 42 डिसमिल जमीन को अटैच किया था और इडी ने उक्त जमीन पर अपना बोर्ड भी लगाया था, लेकिन नियम कानून का उल्लंघन कर उक्त जमीन पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसको लेकर इडी ने भगवानपुर थाना में बच्चा राय पर 18 नवंबर को केस भी दर्ज कराया था और उसी मामले को लेकर यह रेड चल रही है।

**बिहार का सबसे बड़ा शिक्षा माफिया रहा है बच्चा राय :** वैशाली जिले में स्थित विशुन राय कॉलेज और उस कॉलेज का प्रिंसिपल बच्चा राय बिहार के शिक्षा महकमे में काबिज सबसे बड़े माफिया के तौर पर सामने आया था। बात 2016 की है जब पहली बार बिहार के शिक्षा महकमे में माफिया का खुलासा हुआ था। इसमें यह स्पष्ट हुआ था कि किस तरह शिक्षा माफिया पैसे के दम पर बिहार बोर्ड को टॉपर बनाने की फैक्टरी की तरह चला रहे हैं।

बच्चा राय कॉलेज में बच्चों को अच्छे नंबर दिलाने और टॉपर बनाने का सिंडिकेट चलाता था। एफआइआर होने के बाद बच्चा राय की गिरफ्तारी हुई और इडी ने बच्चा राय के कॉलेज सहित उसके कई संपत्तियों को जब्त कर लिया था। अब इडी ने बच्चा राय के खिलाफ एक बार फिर मामला दर्ज कराया है। इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर राजीव रंजन ने भगवानपुर थाने में जो आवेदन दिया है, उसके अनुसार, इडी की ओर से जब्त जमीन पर माफिया बच्चा राय ने दोबारा कब्जा कर लिया है।

## कांग्रेसी सांसद के यहां 300 करोड़ मिलने पर रविशंकर ने राहुल से पूछा ये मोहब्बत की कौन सी दुकान है?

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान अवैध संपत्ति मिलने पर भाजपा हमलावर है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा राहुल गांधी से पूछना चाहिए कि ये मोहब्बत की कौन सी दुकान है। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के घर और ऑफिस से ईडी ने 300 करोड़ से भी ज्यादा की संपत्ति बरामद की है। इसको लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर हमला करते हुए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर तंज कसा है, ये मोहब्बत की कौन सी दुकान है? रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी से पूछना चाहिए कि ये मोहब्बत की कौन सी दुकान है? वे देश में मोहब्बत की दुकान खोज रहे थे, लेकिन अब कांग्रेस के एमपी के अपने और परिवार के कई स्थानों से 250-300 करोड़ रुपया कैश मिला है। मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि ये मोहब्बत की कौन सी दुकान है। इंडिया गठबंधन में आपने देखा होगा बंगाल में कितने से करोड़ रुपये मिले। पैसे मिल रहे हैं, मंत्री जेल जा रहे हैं, लेकिन सोच वही है। इडी और सीबीआइ का इतना हल्ला करते थे, उसका जवाब तीन प्रदेश की जनता ने दे दिया है।



## रैयतों के पुनर्वास और पुनर्स्थापन के लिए बकाया राशि के भुगतान पर सीएम ने दिया आश्वासन

### अदाणी कंपनी को जमीन देने का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा जिला अंतर्गत पथरगामा प्रखंड के माल निस्तारा पंचायत के मुरं कोठी मैदान में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गोड्डा आगमन के बाद संध्या 6:00 बजे देवघर जिले के नंदन पहाड़ स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में देवघर जिला एवं गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के जिला केंद्रीय समिति सदस्य,प्रखंड समिति एवं पंचायत समिति की बैठक हुई।

इसमें गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा की तरफ से मुख्यमंत्री से जिले की प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए आग्रह किया गया। जिसमें मुख्य समस्या अदाणी पावर के अंतर्गत जमीन दाता रैयतों के पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन के बकाया राशि, जिसमे मौजा मोतिया के 377 एवं गंगटा गोविंदपुर मौजा के 213 रैयतों के भुगतान करने के विषय में मुख्यमंत्री को रैयतों और ग्रामीणों का आवेदन दिया गया। इस पर मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया कि अदाणी पावर के अंतर्गत दिए गए जमीन दाताओं का पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की राशि जल्द ही प्रशासन से दिलाया जायेगा। इस समस्या के साथ साथ और भी नगर परिषद एवं नरेगा कार्य से संबंधित कुल 10 सूत्री समस्या की सूची मुख्यमंत्री जी को सोपा गया। जिसके समाधान का आश्वासन दिया गया।जानकारी देते हुए पूर्व झामुमो अध्यक्ष और केंद्रीय समिति सदस्य झामुमो राजेश मंडल ने संबंधित मामले को लेकर रैयतों की सूची और अन्य कई समस्याओं की सूची सौंपी है ।



## दुमका जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटी में बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड स्टेट बार कौंसिल के सदस्य पर्यवेक्षक बालेश्वर सिंह की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव शनिवार को सम्पन्न हुआ। निर्वाची पदाधिकारी अमर जीवन के नेतृत्व में सहायक निवार्ची पदाधिकारी मो राजा और शिव शंकर चौधरी की मौजूदगी में दिन के 11 बजे मतदान शुरू हुआ। अध्यक्ष, सचिव समेत 16 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति के विभिन्न पदों के विरुद्ध 38 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में बंद हो गया।



झारखंड स्टेट बार कौंसिल द्वारा अनुमोदित 399 में से 369 मतदाताओं ने मतदान किया। सभी प्रत्याशियों की उपस्थिति में मतपेटी को सील किया गया। इस बार के चुनाव में अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष पद पर कांटे की टक्कर होने के आसार हैं। रविवार को दिन के 11 बजे से पर्यवेक्षक की मौजूदगी में मतगणना शुरू होगी।

## किशोरी समृद्धि योजना में छात्राओं के खाते में भेजी गयी राशि

**गोड्डा।** गोड्डा जिले में वित्तीय वर्ष 2023 -24 में कुल प्राप्त 25,227 आवेदनों में कुल 24514 आवेदन योग्य पाए गए। योग्य पाए गए 24514 आवेदनों के आलोक में सभी छात्राओं के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से भुगतान की कारवाई जिला समाज कल्याण कार्यालय, गोड्डा द्वारा की जा चुकी है। इनमें से कतिपय छात्राओं के बैंक खाता,आईएफएससी कोड, नाम में भिन्नता आदि कारणों से भुगतान नहीं हो पाया है। जिन योग्य छात्राओं के खाते में राशि का भुगतान नहीं हुआ है, वे भी अपने वांछित दस्तावेज अपने विद्यालय में जमा करा दें।

## पेज 1 का शेष

### डबल इंजन वाली...

**गरीबी का कलंक मिटाने का संकल्प :** सीएम ने कहा कि झारखंड पर गरीबी का जो कलंक है, सरकार ने उसे मिटाने का संकल्प लिया है। 2025 तक झारखंड को ताकतवर राज्य बनायेंगे। दो दशकों से पिछड़ेपन का जो टैग लगा था, उसे खत्म करेंगे। राज्य के लोगों को आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से इतना सशक्त बनायेंगे कि वे अपने दम पर अपना रास्ता तय कर सकें। जब यहां के लोग मजबूत होंगे तो निश्चिता तौर पर राज्य भी मजबूत बनेगा। इसी सोच के साथ हम नीतियों और योजनएं बना रहे हैं और उसे धरातल पर पूरी शक्ति के साथ उतार रहे हैं। पहले की सरकार ने राज्य के 11 लाख लोगों का नाम राशन कार्ड लिस्ट से हटा दिया था। हमारी सरकार ने करीब 20 लाख लोगों का नाम जोड़ने का काम किया है। विधवाओं को विधवा पेंशन, बूजुर्गों को पेंशन मिलता है। अबुआ आवास के तहत हर गरीबों को घर मिल रहा है। ग्राम गाड़ी योजनाओं के तहत मुफ्त यात्रा का लाभ लोगों को मिल रहा है।

### झारखंड की जेलों पर...

नवंबर में 288 गिरफ्तार : सीआइडी के साइबर क्राइम ब्रांच के आंकड़े यह बता रहे हैं कि पिछले एक महीने में नवंबर 2023 में 288 पुलिस साइबर अपराधियों पर कहर बन कर टूटी है। आलम यह है कि देवघर जैसे जिलों में तो जेल में कैंप बना कर साइबर अपराधियों को रखना होगा। पिछले तीन सप्ताह के भीतर देवघर से 103 साइबर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है। इसी तीन सप्ताह में धनबाद से 08, गिरिडीह से 41, हजारीबाग से 19, जमशेदपुर से 04, जामताड़ा से 39, पाकुर से 05, गोड्डा से 02, गढ़वा से 01 और कोडरमा से 06 साइबर अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है।

### छग-राजस्थान में आज...

संभव है राजस्थान की नयी सरकार का गठन 15 तक कर लिया जाये। सीएम रह चुकीं वसुंधरा राजे प्रबल दावेदार हैं। उनके अलावा दीया कुमार के साथ ही बाबा बालकनाथ भी सीएम की दौड़ में शामिल हैं। हालांकि बालकनाथ ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट कर इससे इनकार किया है। वहीं केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, अर्जुन मेघवाल, अश्विनी वैष्णव भी सीएम बनने की रेस में हैं।

### आइएसआइएस के 15...

**कहां-कहां पड़े छापे :** एजेंसी ने यहां एक बयान में कहा कि उसकी टीमों ने शनिवार सुबह महाराष्ट्र के पडघा-बोरीवली, ठाणे, मीरा रोड और पुणे और कर्नाटक के बेंगलुरु में 44 स्थानों पर छापे मारे। आतंक और आतंक से संबंधित कृत्यों और प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। एजेंसी ने इस दौरान भारी मात्रा में बेहिसाब नकदी, आग्नेयास्त्र, तेज धार वाले हथियार, आपत्तिजनक दस्तावेज, स्मार्ट फोन और अन्य डिजिटल उपकरण जब्त किये गये। कुल 44 स्थानों पर एजेंसी के अधिकारियों ने चापामारी की। इनमें कर्नाटक में एक, पुणे में दो, ठाणे ग्रामीण में 31, ठाणे शहर में नौ और भयंदर में एक जगह की तलाशी ली। छापेमारी में मिले सबूत के बारे में खुलासा नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि जांच अधिकारियों ने दस्तावेजों की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

### झूठी घोषणा से कभी...

**महिलाएं विभाजनकारी राजनीति से सतर्क रहें :** मोदी ने महिलाओं को विभाजनकारी राजनीति से आगाह किया और कहा कि वे एक बड़ी जाति हैं, जो किसी भी चुनौती का मिलकर सामना कर सकती हैं। उन्होंने कहा, सभी महिलाओं को एक साथ रहना चाहिए। आजकल, कुछ लोग महिलाओं के बीच दरार पैदा कर रहे हैं। उनसे सतर्क रहना होगा, ताकि उनके बीच दरार ना पैदा की जा सके। भाजपा ने कई कल्याणकारी योजनाओं के साथ महिला मतदाताओं को लुभाया है। महिलाओं ने कई विधानसभा चुनावों में पार्टी के लिए अधिक उत्साह से मतदान किया है। उन्होंने फिर कहा कि गरीब, महिलाएं, युवा और किसान उनके लिए चार सबसे बड़ी जातियां हैं। इनकी प्रगति से भारत विकसित बनेगा। मोदी ने जोर देकर कहा कि किसी भी कल्याणकारी योजना को सफल बनाने के लिए हर लाभार्थी तक पहुंचना चाहिए। **एक लाख लाभार्थियों ने किया आवेदन :** विकसित भारत संकल्प यात्रा को जरूरतमंदों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बताते हुए उन्होंने कहा कि बहुत ही कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं। जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा, पहले जो भीख मांगने की मनःस्थिति रहती थी अब वह चली गयी। सरकार ने जरूरतमंदों की पहचान की और फिर उन तक लाभ पहुंचाने के लिए कदम उठाये। तब ही आज लोग कहते हैं- मोदी की गारंटी यानी, गारंटी पूरी होने की गारंटी। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचने के बाद लगभग एक लाख नये लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है।

# इजराइल ने गाजा में हमास के 450 ठिकाने पर किया हमला

## 350 लोगों की मौत, अब तक 17 हजार से अधिक की गयी जान

एजेंसी

**गाजा।** इजराइल ने शुक्रवार को गाजा पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। इजराइली रक्षा बल (आइडीएफ) ने दावा किया है कि उसने पिछले 24 घंटे में हमास आतंकियों के 450 ठिकानों को तबाह कर दिया है। गाजा पर एक साथ इतने हमले भारी संख्या में फिलस्तीनी नागरिकों की मौत के बाद अमेरिका भी चिंतित हो उठा है। हमास ने कहा कि इजराइली सेना के साथ उत्तर में गाजा शहर के शेजाइया जिले में और दक्षिण में खान यूनिस में सबसे तीव्र झड़पें हो रही थीं। इस दौरान इजराइली सैनिक दूसरे सबसे बड़े शहर



एन्क्लेव के केंद्र में पहुंच गए। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में गाजा में जमीन, समुद्र और हवा से 450 से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है, जो पिछले सप्ताह संघर्ष विराम के बाद से सबसे बड़ा हमला है। इजराइल-हमास में चल रहे भीषण युद्ध के चलते गाजा के अधिकांश लोग अब विस्थापित हो गए हैं और किसी भी तरह की सहायता वहां नहीं पहुंच रही है। अस्पतालों में भीड़ बढ़ गई है और भोजन खत्म हो गया है। विस्थापितों की मदद कर रही संयुक्त राष्ट्र की मुख्य एजेंसी ने कहा कि समाज पूरी तरह से पतन के कगार पर है। इजराइल ने पहले कहा था कि उसके सैनिकों ने पिछले महीने कार्यों को काफी हद तक पूरा कर लिया है, उन्होंने इस सप्ताह नया हमला शुरू किया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस हमले में 350 लोगों के मारे जाने की सूचना दी है। इसके साथ ही गाजा में गत दो महीने के इजराइली अभियान में मरने वालों की संख्या 17,170 से अधिक हो गई, जबकि हजारों लोग लापता हैं और माना जाता है कि वे मलबे में दबे हुए हैं। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को इजरायल के हमले से वेस्ट बैंक के तुबास में छह फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई है। हमला दक्षिणी तुबास के अल-फरा शरणार्थी शिविर पर किया गया। पत्रकारों के अंतरराष्ट्रीय संघ ने दावा किया कि इजराइल युद्ध में अब तक 68 पत्रकार मारे गए है। इजराइली सेना के भीषण हमले से खान यूनिस और उत्तरी गाजा तबाह हो रहा है। शुक्रवार की सुबह दक्षिण में खान यूनिस, केंद्र में नुसीरात शिविर और उत्तर में गाजा शहर में एक साथ कई हमले की सूचना मिली।

### लेबनान में हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर भी हमला

इजराइली युद्धक विमानों ने रातभर में लेबनान में हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर हमला किया है। एक वरिष्ठ इजराइली रक्षा अधिकारी ने कहा है कि सेना को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर को हमास से मुक्त कराने में तीन से चार सप्ताह का समय लगेगा। इसके बाद ही हमास के खिलाफ युद्ध का पहला चरण खत्म होगा।

## एक नजर में

### पाकिस्तान में पांच आतंकवादी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर पूर्वी क्षेत्र में एक अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम पांच वांछित आतंकवादी ढेर हो गए। पाकिस्तान की सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना शुक्रवार को दक्षिणी वजीरिस्तान के सीमावर्ती जिले टांक में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खबर मिलने के बाद अभियान चलाया था। सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में पांच आतंकवादी ढेर हो गए। सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोलाबारूद बरामद किया है।

### तेलंगाना में कुख्यात माओवादी गिरफ्तार

**करीमनगर।** तेलंगाना के रामागुंडम जिले में एक कस्बे के पास से एक माओवादी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। रामागुंडम की पुलिस आयुक्त रीमा राजेश्वरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले के पमिडिमल्ला अविनाश उर्फ मल्लेश (29) को शुक्रवार तड़के गोदावरीखानी शहर में संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार किया गया। रामागुंडम शहर करीमनगर से करीब 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मल्लेश प्रतिबंधित संगठन माओवादी का सदस्य है।

### नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**नारायणपुर(छत्तीसगढ़)।** जिले के नक्सल प्रभावित छोटेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह शीतला माता मंदिर से पूजा कर वापस लौटने के दौरान दलित नेता कोमल मांझी पर धारदार हथियार से नक्सलियों ने हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पिछले एक माह के भीतर नक्सलियों ने इसी तरह दिनदहाड़े तीन लोगों की हत्या की है। इसके पहले भाजपा जिला उपाध्यक्ष सागर साहू और रतन दुबे की भी नक्सलियों की हत्या की थी। भाजपा से जुड़े दलित नेता कोमल मांझी की हत्या के बाद नक्सलियों ने मौके पर पर्चा छोड़ा है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि ग्राम छोटेडोंगर के मुण्डाटिकरा का रहने वाला कोमल आमदाई खदान का दलाली कर करोड़ों रुपया खाया है, उसे हमने मौत की सजा दी। खदान दलाली, सरकार और साम्राज्यवादियों के एजेंट मत बनो अन्यथा मौत पक्की है। जानकारी के अनुसार जनपद सदस्य के पति कोमल मांझी आज शनिवार सुबह लगभग 10 .30 छोटेडोंगर में स्थित शीतला मंदिर से दर्शन कर वापस लौटने के दौरान नक्सलियों की स्माल एक्शन टीम ने उसका रास्ता रोका और टंगिया मार कर उसकी हत्या कर दी।

### पांच महिला समेत 20 नक्सलियों ने किया समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पांच महिला नक्सली समेत 20 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पांच महिला नक्सली समेत 20 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले ज्यादातर नक्सली मिलिशिया सदस्य हैं तथा जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सक्रिय थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने पूना नर्कोम अभियान (नई सुबह, नई शुरूआत) से प्रभावित होकर तथा माओवादी नेताओं के भेदभावपूर्ण व्यवहार से तंग आकर हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ जिले में कई घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सहायता प्रदान की जाएगी।

# दूसरों की बात सुनने का भी करें साहस : सीजेआइ

एजेंसी

**मुंबई।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को नागरिकों से दूसरों की बात सुनने का धैर्य रखने का आग्रह करते हुए कहा कि जो हम सुनना चाहते हैं वहीं सुनने की आदत को विराम देना हमे अपने आसपास की दुनिया के बारे में नई समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) चंद्रचूड़ पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड) विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दूसरों को सुनने की शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक है। दूसरों को वह स्थान प्रदान करना अत्यधिक सुखद होता है।

हमारे समाज के साथ समस्या यह है कि हम दूसरों की बात नहीं सुन रहे हैं, हम केवल अपनी ही सुन रहे हैं। सीजेआई ने कहा कि सुनने का धैर्य होने से व्यक्ति यह स्वीकार करता है कि उसके पास सभी सही उत्तर नहीं हो सकते, लेकिन वह उन्हें तलाशने और खोजने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि ह्यजो हम सुनना चाहते हैं वहीं सुनने की आदत को विराम देना हमे अपने आसपास की दुनिया के बारे में नई समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जीवन

**समाज के साथ समस्या यह है कि केवल अपनी ही सुन रहे हैं हम: चीफ जस्टिस चंद्रचूड़**




का हमें सिखाने का एक अनोखा तरीका होता है। विनम्रता, साहस और ईमानदारी को इस यात्रा में अपना साथी बनाएं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि आम गलत धारणा के विपरीत, ताकत क्रोध या हिंसा या किसी के व्यक्तिगत स्थान और पेशेवर जीवन में व्यक्ति के प्रति असम्मानजनक होने से नहीं प्रदर्शित की जाती। उन्होंने कहा कि लोगों की असली बुद्धिमत्ता और ताकत जीवन की कई प्रतिकूलताओं का सामना करने और विनम्रता एवं अनुग्रह के साथ अपने आसपास के लोगों को मानवीय बनाने की क्षमता को बरकरार रखने में है। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग समृद्ध जीवन के लिए प्रयासरत हैं और इसमें कुछ भी गलत नहीं है, प्रक्रिया मूल्य आधारित होनी चाहिए और सिद्धांतों और मूल्यों पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

# विस चुनाव परिणामों ने साफ किया, मोदी की गारंटी में दम

## गारंटी वाली गाड़ी में एक लाख लोगों ने मुफ्त गैस के लिए आवेदन दिये : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्होंने स्वार्थ के बजाय सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव, मुसीबतों व तकलीफों में नहीं रहती। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया है कि मोदी की गारंटी में दम है। प्रधानमंत्री ने यह बातें वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ संवाद करने के बाद अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि देश में हाल में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों की आज भी बहुत चर्चा हो रही है। इन चुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया है कि मोदी की गारंटी में ही दम है। मैं सभी मतदाताओं का आभारी हूं, जिन्होंने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी दलों ने राजनीतिक स्वार्थ के बजाये

**कहा-विपक्ष स्वार्थ के बजाय सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव, तकलीफों में नहीं रहती**

सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता, सेवाभाव को ही अपना काम समझा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव में, मुसीबतों में, तकलीफों न रहती। विकसित भारत संकल्प यात्रा को जरूरतमंदों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत ही कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं और उसका स्वागत किया है, उससे जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहले जो भीख मांगने की मन:स्थिति रहती थी अब वह चली गई। सरकार ने जरूरतमंदों की पहचान की और फिर उन तक लाभ पहुंचाने के लिए कदम उठाए। तब ही आज लोग कहते हैं- मोदी की गारंटी यानी, गारंटी पूरी होने की गारंटी। उन्होंने कहा कि मोदी की



भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बात करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

गारंटी वाली गाड़ी पहुंचने के बाद लगभग एक लाख नए लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है।

**35 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड भी दिए गए :** उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान मौके पर ही 35 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की लगातार कोशिश है कि जब मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचे तो गांव का हर एक व्यक्ति उस गाड़ी तक जरूर पहुंचना चाहिए, तभी हर लाभार्थी तक पहुंचा जा सकेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर जो उत्साह गांव-गांव में दिख रहा है वह अपने आप में अद्भुत है। उन्होंने कहा कि देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को केंद्र सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ जरूर मिला है। उन्होंने कहा कि जब यह लाभ मिलता है तो एक विश्वास बढ़ता है। जिंदगी जीने की एक नई ताकत आ जाती है। इस कार्यक्रम में देश भर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी वर्चुअल रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पूरे देश से 2,000 से अधिक वैन, हजारों कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) और सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) भी जुड़े।

### सांसद दानिश अली बसपा से निलंबित

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने अमरोहा से सांसद दानिश अली को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण शनिवार को पार्टी से निलंबित कर दिया। बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने इसकी जानकारी दी। मिश्र द्वारा सांसद दानिश अली को लिखे पत्र की एक प्रति मीडिया को भी जारी की गयी।

**पीएच.डी. की उपाधि**



**पायल कुमारी बड़ाईक,** पिता- स्व. रूप चन्द बड़ाईक, माता- श्रीमती शीला बड़ाईक, पति- डॉ. बी अनिल कुमार, स्थायी पता- ग्राम- लरता, पोस्ट- कर्रा, थाना- कर्रा, जिला- खूंटी, पिन नं.-835209, शोध निदेशक- डॉ. सुदामा सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, कार्तिक उरांव महाविद्यालय, गुमला (रांची विश्वविद्यालय, रांची) शोध का विषय- **"झारखण्ड में चीक बड़ाईक जनजाति एवं उनकी राजनीतिक सहभागिता (गुमला-सिमडेगा जिले के विशेष संदर्भ में)"** P.G.- लोक प्रशासन, Ph.D.- राजनीति शास्त्र, वर्तमान पता- बिरसा चौक (गैमोन गली), पोस्ट- हिनू, थाना-जगन्नाथपुर, पिन नं.- 834002.

# आइएमए से पास आउट हुए 372 कैडेट

एजेंसी

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी से 372 कैडेट शनिवार को यहां से पास आउट हुए। इन 372 कैडेट में 12 मित्र देशों के 29 कैडेट शामिल हैं और ये अपने-अपने देशों की सेनाओं में अधिकारी के रूप में नियुक्त होने के लिए तैयार हैं।

श्रीलंका के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल शैवेंद्र सिल्वा ने पासिंग आउट परेड को समीक्षा अधिकारी के रूप में संबोधित किया और इन कैडेट को उनका कठोर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर बधाई देने के साथ ही उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। जनरल सिल्वा ने कहा कि उनकी परेड उनके उच्च

**झारखंड के पांच और बिहार के 27 कैडेटों ने प्रशिक्षण पूरा किया**



स्तर के प्रशिक्षण को दर्शाती है और उन्हें विश्वास है कि पास आउट होने वाले कैडेट प्रतिबद्धता, निष्ठा और वीरता के साथ अपनी मातृभूमि की सेवा करेंगे। प्रतिष्ठित स्वॉर्ड ऑफ ऑनर और स्वर्ण पदक बटालियन अंडर ऑफिसर गौरव रावत को, रजत पदक बटालियन अंडर ऑफिसर सौरभ बधानी को और कांस्य पदक बटालियन अंडर ऑफिसर आलोक सिंह को मिला। शनिवार की पासिंग आउट परेड के साथ ही भारतीय सेना को 343 नये अधिकारी मिल गए। प्रशिक्षण पूरा करने वाले कैडेट में सबसे अधिक 68 कैडेट उत्तर प्रदेश के हैं, इसके बाद उत्तराखंड (42), राजस्थान (34), महाराष्ट्र (28), बिहार (27), हरियाणा (22), पंजाब (20), हिमाचल प्रदेश (14), जम्मू कश्मीर (10), केरल (9), पश्चिम बंगाल (9), मध्य प्रदेश (7), झारखंड (5), ओडिशा (5), आंध्र प्रदेश (4), तमिलनाडु (4), दिल्ली (2), गुजरात (2), चंडीगढ़ (2), अरुणाचल प्रदेश (1), असम (1), मणिपुर (1), मेघालय (1) और तेलंगाना (1) का स्थान है।

### साहू के यहां किसका एटीएम है : स्मृति ईरानी

**अमेठी ।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा अमेठी से भाजपा की सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के परिसर से बेहिसाब नकदी की बरामदगी पर तंज करते हुए शनिवार को कहा भ्रष्टाचार का यह एटीएम गांधी परिवार में किसका है, इस सवाल के जवाब का इंतजार रहेगा। ईरानी ने गौरीगंज में संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य साहू के यहां पड़े आयकर विभाग की छापे का जिक्र करते हुए कहा कि नोट गिनते-गिनते इंसान के साथ-साथ मशीन भी थक गई है लेकिन कांग्रेस के भ्रष्ट नेता के घर से पैसा अब भी बरामद हो रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के 200 करोड़ रुपए कांग्रेस के एक भ्रष्ट सांसद के घर से निकले।

### उत्तराखंड निवेशक सम्मेलन में अमित शाह बोले

## 2025 के अंत तक 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

**देहरादून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत 2025 के अंत तक 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने यहां उत्तराखंड वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारत पिछले एक दशक में हर मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ा है। शाह ने कहा कि दुनिया आज भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। 2014 से 2023 के बीच भारत दुनिया की 11वीं अर्थव्यवस्था से उठकर पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि आजादी



के 75 साल के दौरान देश ने पहले कभी इतनी बड़ी छलांग नहीं लगाई। शाह ने कहा कि मोदी जलवायु परिवर्तन के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं, वह आतंकवाद मुक्त दुनिया के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान की अगुवाई करने के अलावा अपने मेक इन इंडिया कार्यक्रम के जरिये दुनिया की धीमी होती जीडीपी को गति देने की कोशिश कर रहे हैं।

**REQUIREMENT**

**1. TEACHER (Two Positions)**
**Qualification:** Minimum 10+2 pass / Graduation
**Additional Qualification:** Nursery Teacher Training (NTT) certification
**Experience:** Minimum two years of teaching in a Pre-primary School
**Language Requirement:** Fluent in English

**2. NTT TEACHER (One Part-Time Position)**
**Qualification:** Graduate with B.Ed
**Experience:** Minimum 2 years of teaching in a Nursery Teachers Training College
**Language Requirement:** Proficiency in English

**3. ABACUS TEACHER**
**Qualification:** Graduate with a passion for Mathematics
**Training:** Company-sponsored training available at a cost
**Experience:** Freshers are encouraged to apply
**Salary:** Based on Teaching and other relevant experience
If you are an enthusiastic and qualified individual, ready to contribute to the field of education, we invite you to apply. Please submit your resume and a cover letter to maryhellokidz@gmail.com.

Kumar Bagh road. Kanke Block Chowk. Kanke. Ranchi
E-mail : maryhellokidz@gmail.com, Contact : 8789093066

# ‘एनिमल’ ने 600 करोड़ से अधिक कमाए

**मुंबई।** रणबीर कपूर अभिनीत एक्शन-ड्रामा फिल्म एनिमल ने दुनियाभर में 600 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा छू लिया है। फिल्म निमार्ताओं ने यह जानकारी दी। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक दिसंबर को हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई थी। फिल्म निर्माण कंपनी टी-सीरीज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर आठवें दिन तक की कमाई का आंकड़ा साझा करते हुए बताया कि एनिमल ने दुनियाभर में 600.67 करोड़ रुपये कमाए। कंपनी ने एक्स पर लिखा कि ब्लॉकबस्टर फिल्म की सफलता जारी है।= सिनेमाघरों में जहां एनिमल शानदार प्रदर्शन कर रही है, वहीं आलोचकों एवं दर्शकों के एक वर्ग ने फिल्म को स्त्रीद्वेषपूर्ण और हिंसक बताते हुए इसकी आलोचना की है। केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से ए प्रमाणपत्र



हासिल करने वाली फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स एनिमल के निर्माता हैं।

## फिल्म हिंदुस्तानी का ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी सुपरस्टार प्रदीप पांडेय चिंटू की बहुचर्चित फिल्म हिंदुस्तानी का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया। प्रदीप पांडेय फिल्म के ट्रेलर में अलग ही अंदाज में नजर आए हैं। चिंटू इस फिल्म में राम का किरदार निभा रहे हैं, जो अधर्म और अन्याय के खिलाफ धर्म और न्याय को स्थापित करता है। इस फिल्म के निर्माता विजय कुमार यादव हैं, जिन्होंने चिंटू को जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि इस शानदार फिल्म का ट्रेलर चिंटू और उनके फैंस के लिए बर्थडे गिफ्ट है।

फिल्म की पूरी टीम की ओर से प्रदीप पांडेय को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। फिल्म की कहानी अलग-अलग हिस्सों में रोमांच पैदा करती है। फिल्म मानव



तस्करी से लेकर दहेज हत्या जैसे संवेदनशील मुद्दों को एक अलग अंदाज में छूती नजर आई है। इन सबके बीच चिंटू का किरदार बेहद अहम और देखने लायक है। यह फिल्म का ट्रेलर है, पूरी फिल्म किस लेवल की होगी। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ट्रेलर रिलीज के साथ वायरल हो गया है और यह दर्शकों में फिल्म के प्रति गजब का आकर्षण पैदा कर रही है। इस फिल्म में चिंटू की स्टाइल भी धांसू है। फिल्म में उनके अपोजिट यामिनी सिंह हैं, तो निगेटिव शेड में देव सिंह की भी मजबूत उपस्थिति नजर आई है। अपनी स्पेशल फिल्म हिंदुस्तानी को लेकर प्रदीप पांडेय ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए खास है और आज ही के दिन मेरी मच अवेटेड फिल्म का ट्रेलर आया है। साथ ही फैंस और चाहने वालों के खूब सारी शुभकामनाएं भी आ रही हैं। तो मैं सबसे पहले सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहूंगा कि आप मेरी इस फिल्म का ट्रेलर जरूर देखें और अपना आशीर्वाद दें। यह फिल्म मेरे लिए जितना महत्वपूर्ण है, मुझे लगता है कि उतना ही मनोरंजन दर्शकों को भी फिल्म देख कर मिलने वाला है। मैंने अपनी इस फिल्म को पूरी शिद्दत से बनाया है।

### बीआरएस विधायक दल के नेता बने केसीआर

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) को नयी विधानसभा में शनिवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का विधायक दल का नेता चुना गया नवनिर्वाचित बीआरएस विधायकों की यहां हुई बैठक में इस संबंध में घोषणा की गई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पी श्रीनिवास रेड्डी ने राव के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका पूर्व मंत्रियों टी श्रीनिवास यादव और के. श्रीहरि ने समर्थन किया। बैठक की अध्यक्षता बीआरएस संसदीय दल के नेता के. केशव राव ने की। बीआरएस ने हालिया विधानसभा चुनाव में कुल 119 सीट में से 39 सीट जीतीं। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने कहा कि वह पिता की चिकित्सकीय स्थिति के कारण शनिवार को बीआरएस विधायक दल की बैठक में शामिल नहीं हो पाए और विधानसभा में शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हो सके।

**वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची**

VERMA PRESS

**Verma's® Today®**

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# कांग्रेस सहित सभी दलों पर भारी पड़ी प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी

**सियाराम पांडेय'शांत'**

**जीत** भले ही किसी राजनीतिक दल की हो लेकिन उस जीत का आधार जनता का उस पर अटूट विश्वास ही होता है। जब किसी नेता की गारंटी राजनीतिक मुद्दों और प्रलोभनों पर भारी पड़ जाए तो समझना चाहिए कि भारत में लोकतंत्र बिल्कुल सही दिशा में जा रहा है। चार राज्यों के चुनाव परिणाम बेहद विस्मयकारी रहे हैं। भाजपा ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ जहां कांग्रेस के हाथ से छीन कर अपनी मुट्ठी में कर लिया है, वहीं मध्य प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने की कांग्रेस की हर संभव कोशिशों को पलीता लगा दिया है। तेलंगाना की जीत पर खुश होने का कांग्रेस के पास एक अवसर है और वह यह कह सकती है कि उसने तेलंगाना में भाजपा को पटखनी दी है लेकिन सच तो यह है कि भाजपा तो अभी दक्षिण के इस राज्य में अपना जनाधार ही बढ़ा रही है। उसकी सीटों में कई आठ गुना वृद्धि यह बताने के लिए काफी है कि भाजपा ने तेलंगाना में कुछ खोया नहीं, वरन पाया ही है। तेलंगाना में बीआरएस की हार के पीछे केसीआर और उसके परिवार पर भाजपा के शीर्ष नेताओं के तल्ख हमले भी बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। तेलंगाना की सत्ता उसके स्वतंत्र राज्य के गठन के वर्ष 2014 से ही के.चंद्रशेखर राव के हाथ में रही है।

तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव के परिवारवाद और भ्रष्टाचार से तो जनता में नाराजगी थी ही, सत्ता विरोधी लहर भी उसके खिलाफ थी। कांग्रेस को तो बस अवसर मिल गया। भाजपा के शीर्ष नेताओं के चुनावी भाषणों ने भी राज्य में केसीआर की हालत पतली कर दी। 19 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले इस राज्य में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन की कुछ खास नहीं कर पाई जबकि यहां की 44 सीटों पर मुस्लिम मतदाता अच्छा-खासा असर डालते रहे हैं। अक्टूबर में तेलंगाना में लक्ष्मी बैराज क्या ढहा, केसीआर की मुसीबतें बढ़ती चली गईं। उनकी बेटी का नाम दिल्ली के शराब घोटाले से भी जुड़ा। यह और बात है कि कांग्रेस ने तेलंगाना में जातिगत जनगणना कराने और दलितों, पिछड़ों की आरक्षण सीमा बढ़ाने जैसी छह गारंटियां भी दीं, जिसमें मुफ्त महिला बस पास, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों और बटाईदारों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ देने जैसे वादे भी शामिल थे।

जनादेश इस बात का प्रमाण है कि मतदाताओं ने कांग्रेस पर भरोसा जताया और उसकी सरकार बनने में सहायक बने लेकिन राजस्थान,मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उसकी मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली रणनीति काम नहीं आई। इन तीनों ही राज्यों में मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया और यह समझने में जरा सी भी गलती नहीं कि जब केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार होती है,तभी विकास का पहिया सरपट दौड़ पाता है। केंद्र और राज्य की सत्ता पर आरूढ़ दो राजनीतिक दलों की खींचतान में विकास का जनाजा अकसर उठता ही रहता है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव कांग्रेस से अपनी पार्टी के लिए कुछ सीटें चाहते थे लेकिन कमलनाथ ने अखिलेश-वखिलेश जैसी टिप्पणी कर न केवल अखिलेश यादव के क्रोध का पारा बढ़ा दिया बल्कि अखिलेश यादव को मध्य प्रदेश की 74 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने को भी विवश किया।




यह स्थिति भी कांग्रेस की उम्मीदों की राह का बड़ा रोड़ा बनी। 'इंडिया' गठबंधन में अपनी विशेषता बताने-जताने के राहुल गांधी के सपनों पर भी पानी फिर गया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का अपना कोई आधार नहीं है और यहां लोकसभा की चुनावी वैतरणी पार करने के लिए उसे समाजवादी पार्टी की नौका पर ही सवार होना पड़ेगा और दूध का जला मट्ठा भी फूंक कर पीता है। अखिलेश यादव भले ही मध्य प्रदेश की सियासी जंग हार गए हों लेकिन वैचारिक रूप से वे कांग्रेस को शिकस्त देने में सफल हो गए हैं। अखिलेश मजबूरी में भी कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में उतनी सीटें तो देने से रहे जो राहुल के प्रधानमंत्री बनने की जरूरत पूरी कर सके। ममता बनर्जी का भी कांग्रेस के साथ पश्चिम बंगाल में कुछ ऐसा ही रवैया रहने वाला है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस को कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की अंदरूनी कलह से भी बड़ा नुकसान हुआ है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति दोनों नेताओं के स्तर पर बोले गए अपशब्दों ने भी मध्य प्रदेश में खासकर चंबल परिक्षेत्र में कांग्रेस का बेड़ा गर्क करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपशब्दों का प्रयोग भी कदाचित मतदाताओं को रास नहीं आया। राजस्थान में भी सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच की राजनीतिक जंग कांग्रेस का पत्ता साफ करने में मील का पत्थर साबित हुई। सचिन पायलट की नाराजगी और बगावत को तो कुछ वर्ष पहले कांग्रेस ने थाम जरूर लिया लेकिन दोनों नेताओं और उनके समर्थकों के मनोमालिन्य को दूर करने की दिशा में कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व कुछ खास नहीं कर सका। इसका नुकसान यह हुआ कि कांग्रेस का राज बदल गया लेकिन राजस्थान की हर पांच साल में सरकार बदलने का रिवाज यथावत कायम रही। भाजपा को पता था कि राजस्थान में मुख्यमंत्री को चेहरा घोषित करना उसके लिए भारी पड़ सकता है। इसलिए उसने कमल को ही सीएम चेहरा माना और यह उसके लिए बेहद फायदेमंद रहा। राजस्थान लाल डायरी के झमेले में जो एक बार कांग्रेस उलझी तो उससे उबर नहीं पाई। कई मौके आए जब भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सचिन पायलट और उनके समर्थक समय-समय पर गहलोत सरकार को घेरते रहे। यह भी उनकी पराजय का एक बड़ा कारण रहा। पेपर लीक मामले में वैसे पहले से ही गहलोत सरकार आलोचना के घेरे में थी। इन नतीजों से कांग्रेस के लोग ही विचलित होंगे, ऐसा नहीं है। लालू प्रसाद यादव के कुनबे और नीतीश कुमार की त्योरियों पर भी बल पड़ना स्वाभाविक है। जातिगत जनगणना कराकर राजनीतिक लीड लेने वाले नीतीश और लालू को लगा होगा कि वे पिछड़ों के बेताज बादशाह हो जाएंगे। कांग्रेस और सपा का शीर्ष नेतृत्व भी उनकी बिछाई पिच पर खेलने लगा था। जिसकी जितनी आबादी, उतनी उसकी भागीदारी का राग देश के हर उस राज्य में आलापा जाने लगा था जहां गैर भाजपा सरकारें हैं लेकिन इसकी काट में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब-किसान-महिला और युवा को ही सबसे बड़ी जाति माना और उनके समग्र उत्थान की दिशा में बढ़ते रहे, तीन राज्यों में भाजपा के पक्ष में आए चुनाव नतीजे उसी सोच की परिणिति है।

इन चुनावों में जातीय जनगणना का मुद्दा भी कुछ खास असर डालने में विफल साबित हुआ है, ऐसे में नीतीश-लालू और उन जैसी सोच के दूसरे नेताओं को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कुछ और तरकीब निकालनी होगी। वैसे भी हिंदी बहुल राज्यों में राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान नहीं चल पाई। लोगों ने विकास को तरजीह दी। यह भी उतना ही सच है कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी वर्ग भाजपा से छिटक गया था। मध्य प्रदेश में भाजपा अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित 35 सीटों में से 18 पर तो जीत गई थी, लेकिन अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित 47 सीटों में से महज 16 पर जीत हासिल कर सकी थी। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित 10 सीटों में केवल 2 और अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित 29 सीटों में से महज 3 पर ही जीत हासिल कर पाई थी। वर्ष 2018 का चुनाव गवाह है कि राजस्थान में भी भाजपा एससी के लिए सुरक्षित 34 सीटों में से 22 सीटें हार गई थी जबकि एसटी के लिए सुरक्षित 25 सीटों में 14 पर उसे पराजय का सामना करना पड़ा था। इन तीनों ही राज्यों में भाजपा के सत्ता से बाहर होने की यह भी प्रमुख वजह रही, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की तमाम कोशिशों को न केवल पलीता लगाया बल्कि दलित, आदिवासी मतों के भरोसे मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जीत भी हासिल की। आदिवासी समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया। यह उसकी सोची-समझी रणनीति थी।

# बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की क्रांति

**सड़क**, रेलवे, विमानन और जलमार्ग सहित भारत के परिवहन नेटवर्क में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और इसका देश के आर्थिक विकास पर व्यापक प्रभाव हो रहा है। मल्टी-मॉडल बुनियादी ढांचे के विकास हेतु महत्वाकांक्षी पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टरप्लान से प्रेरित, नई सड़कें व रेलवे भारत को वर्तमान में 3.74 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था (आईएमएफ, 2023) से आगे बढ़कर 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की अपनी महत्वाकांक्षा को साकार करने में मदद करेंगे।

**सड़कों के नेटवर्क में सुधार**

कुल 6.37 मिलियन किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली सड़कों के साथ भारत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। हाल के वर्षों में, राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की गति में काफी तेजी आई है और यह 2014-15 में औसतन 12 किलोमीटर प्रति दिन से बढ़कर



2021-22 में लगभग 29 किलोमीटर प्रति दिन हो गई है। राजमार्गों की कुल लंबाई 2014 में 97,830 किलोमीटर से बढ़कर आज 145,155 किलोमीटर हो गई है। यही नहीं, पिछले नौ वर्षों के दौरान, भारत के विभिन्न गांवों को हर मौसम में आवागमन लायक सड़कों से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। सड़कों से संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए सरकार का बजटीय समर्थन तेजी से बढ़ा है, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। अटल सुरंग, ढोला-सदिया पुल और चिनाब नदी पुल जैसी रणनीतिक परियोजनाओं, जिनमें से कुछ कई वर्षों से लंबित थीं, को युद्धस्तर पर पूरा करना सरकार के समावेशी शासन और देश के सबसे दूर-दराज व दुर्गम इलाकों में कनेक्टिविटी प्रदान करने के प्रति उसकी वचनबद्धता का प्रमाण है।

**रेलवे में क्रांतिकारी बदलाव**

भारतीय रेलवे का पर्याप्त आधुनिकीकरण और विस्तार हुआ है। पिछले चार वर्षों के दौरान रेलवे के बुनियादी ढांचे पर होने वाले पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2.5 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 29 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। रेलवे की पटरियों के विद्युतीकरण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो पिछले नौ वर्षों में 37,011 रूट किलोमीटर तक पहुंच गई है। इसके अलावा, 4 मार्च 2022 को, भारतीय रेलवे को शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के उद्देश्य से डिजाइन की गई एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली कवच का सफल परीक्षण किया गया। स्वदेशी तरीके से डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत, जो अभी 25 मार्गों पर चल रही हैं, और इसके क्रमिक विस्तार से उच्च गति वाली रेल यात्रा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का पता चलता है। जापान के सहयोग से मुंबई और अहमदाबाद के बीच चल रहे हाई-स्पीड लाइन के निर्माण और माल ढुलाई हेतु नए गलियारों के विकास से कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, यात्रा में लगने वाला समय कम होगा और कुशलता के साथ माल व यात्रियों की आवाजाही की सुविधा हासिल होगी।

# भारत का यूपीआइ : एक विश्वस्तरीय अग्रणी डिजिटल भुगतान प्रणाली

**हाल** के वर्षों में यदि किसी भारतीय नवाचार ने वैश्विक स्तर पर सुर्खियां बटोरी हैं, तो वह निस्संदेह यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) भुगतान प्रणाली है। आज, भारत में किए जाने वाले कुल भुगतानों में से 40 प्रतिशत से अधिक भुगतान डिजिटल माध्यम से किए जाते हैं। इन डिजिटल भुगतानों में यूपीआई की हिस्सेदारी सबसे अधिक है, जिसका उपयोग 30 करोड़ से अधिक व्यक्ति और पांच करोड़ से अधिक व्यापारी करते हैं।




यूपीआई का उपयोग रेहड़ी-पटरी वालों से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक सभी स्तरों पर किया जाता है। वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार, आज भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेनदेन करने वाला देश है। वैश्विक स्तर पर होने वाले डिजिटल लेन-देन में भारत की हिस्सेदारी लगभग 46 प्रतिशत है। भारत के बाद ब्राजील, चीन, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया जैसे देश आते हैं। वर्ष 2016 में मात्र दस लाख लेनदेन से आगे बढ़ते हुए यूपीआई ने अब तक 10 बिलियन (1,000 करोड़) लेनदेन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है।

यूपीआई से जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह भारतीयों के लेन-देन के तरीकों से संबंधित है। ग्लोबल डेटा रिसर्च के अनुसार, 2017 में लेनदेन की कुल मात्रा में नकद की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत थी जो अब घटकर 60 प्रतिशत से भी कम रह गई है। वर्ष 2016 में 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद होने के छह महीने के भीतर, यूपीआई पर कुल लेन-देन की मात्रा 2.9 मिलियन से बढ़कर 72 मिलियन हो गई। वर्ष 2017 के अंत तक, यूपीआई लेनदेन पिछले वर्ष की तुलना में 900 प्रतिशत बढ़ गया और तब से इसने अपने विकास की गति जारी रखी हुई है।

यूपीआई अविश्वसनीय रूप से उपयोगकर्ता के अनुकूल है। यह उपयोगकताओं को वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) का उपयोग कर-के सरल तरीके से भुगतान की सुविधा देता है, जिससे संवेदनशील बैंक विवरण साझा करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह प्रक्रिया उतनी ही सरल है जितना स्मार्टफोन पर टेक्स्ट मैसेज भेजना। इसका असर सुविधा मिलने के अलावा, वित्तीय समावेशन में योगदान, पारदर्शिता और अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में कमी तक हुआ है।

यूपीआई की वृद्धि ने न केवल भुगतान के लिए नकदी का बड़े पैमाने पर उपयोग कम कर दिया है, बल्कि डिजिटल भुगतान की अन्य विधियों का भी स्थान ले लिया है। उदाहरण के लिए, मर्चेंट भुगतान के लिए डेबिट कार्ड का उपयोग साल-दर-साल कम हो रहा है, और यूपीआई ने आज प्रीपेड वॉलेट तक पहुंच स्थापित करने का तरीका भी बदल दिया है। जैसे-जैसे यूपीआई का विस्तार और परिवर्तन जारी रहेगा, यह भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

हालांकि, डिजिटल भुगतान प्रणाली की सफलता न केवल डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे की मजबूती में निहित है, बल्कि व्यवहारिकता में भी है जिसने लोगों को नकदी से डिजिटल की ओर जाने के लिए प्रोत्साहित किया। किसी भी व्यवहारिक परिवर्तन की तरह, इसे ज्ञान आधारित नवाचारों के माध?यम से व्यवस्था की विश्वसनीयता और पहुंच पर आधारित होना चाहिए जो इसके मुख्य समूह की प्रासंगिकता सुनिश्चित करता है। इनमें भुगतान ऐप्स द्वारा प्रदान किए गए छोटे वॉयस बॉक्स और दिलचस्प नए नवाचार शामिल हैं, जहां सिरी जैसी आवाज बताती है कि क्यूआर कोड द्वारा प्रत्येक भुगतान के साथ तत?काल कितनी राशि प्राप्त हुई है। इससे छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वालों के बीच अविश्वास को पाटने में मदद मिली है, जो लंबे समय से नकद लेन-देन के आदी थे।

डिजाइन का एक अन्य प्रमुख कार्य ग्राहक को यूपीआई के लिए सेवा प्रदाता का विकल्प प्रदान करना है, भले ही ग्राहक का खाता किसी भी बैंक में हो। पसंद के अधिकार का अर्थ है कि ग्राहक भुगतान के लिए यूपीआई तक पहुंचने के लिए अपना पसंदीदा भुगतान ऐप चुन सकते हैं।

यूपीआई के साथ रुपे क्रेडिट कार्ड को जोड़ना डिजिटल भुगतान परिदृश्य में एक क्रांतिकारी कदम है, जो उपभोक्ताओं को क्रेडिट कार्ड और यूपीआई दोनों के लाभ देता है। यूपीआई लेनदेन के लिए क्रेडिट कार्ड द्वारा दी जाने वाली अल्पकालिक क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाकर, कार्डधारक अब अपने बचत खातों से धनराशि निकालने के बजाय अपनी क्रेडिट लाइनों का उपयोग करके भुगतान शुरू कर सकते हैं।

भारत का सुदृढ़ डिजिटल भुगतान इकोसिस?टम दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। स्थानीय स?तर पर यूपीआई की सफलता के बाद, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान प्रणाली को देश के बाहर ले जाने के लिए 2020 में एनआईपीएल (एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड) नामक शाखा की स्थापना की। उसके बाद से एनआईपीएल और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारत की सीमाओं के पार यूपीआई-आधारित लेनदेन का विस्तार करने के लिए 30 से अधिक देशों में वित्तीय संस्थाओं के साथ समझौते किए हैं। हाल ही में, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका भी यूपीआई गतिविधि में सम्मिलित हो गए। फ्रांस में यूपीआई का प्रवेश महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ है, जिसकी बदौलत उसको यूरोप में पहली बार पैर जमाने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ब्रिक्स समूह में यूपीआई के विस्तार की वकालत की है, जिसमें अब छह नए सदस्य देश हैं।

2016 में साधारण आरंभ के बाद, आज यूपीआई का अभूतपूर्व रूप से उपयोग करने और उसकी स्वीकार्यता अपने आप में एक अनूठी दास?तान बन चुकी है, जो अपने दायरे और प्रभाव के संदर्भ में बेजोड़ है।

# हिन्दी पट्टी में भाजपा की जीत के मायने

**ऋतुपर्ण दवे**



**निश्चित** रूप से विधानसभा चुनाव के नतीजों से अगर सबसे ज्यादा किसी में उत्साह होगा तो वह है भाजपा। उसमें भी मध्य प्रदेश के नतीजों ने तो जैसे भाजपा के उत्साह में सुनामी ला दी। बहरहाल यह मोदी मैजिक ही है जिसने हिन्दी पट्टी वाले राज्यों में विपक्ष या कहें कि नवगठित इंडिया गठबंधन के सपने धराशायी कर दिये। माना कि मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना ने कमल के लिए कमाल का काम किया, लेकिन छत्तीसगढ़ में आखिर ऐसा क्या हुआ जो गाय, गोबर, गोठान, महतारी योजना, आत्मानन्द स्कूलों के बाद भी नतीजे एकदम उम्मीद से इतर आए? जबकि राजस्थान में जादूगर अशोक गहलोत का चलते दिख रहे जादू पर भाजपा का जादू भारी पड़ गया। तेलंगाना में जरूर कांग्रेस को झोली में उम्मीद से ज्यादा हासिल मिला। शायद भारत की यही विविधता है।

विश्लेषण के लिहाज से इन नतीजों के मायने काफी गहरे हैं। इन्हें 2024 के आम चुनाव से जोड़ा जाएगा। चारों नतीजों में सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश की ही चर्चा होगी जिसे संघ की प्रयोगशाला भी कहा जाता है। जहां बढ़े मतदान के बाद तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। चुनावी घोषणा और चुनावों के दौरान जिस तरह से एन्टी इनकम्बेंसी की बात फैली उसको लेकर उत्साही कांग्रेसियों के बाग-बाग चेहरे देखकर ऐसे नतीजों की उम्मीद तो हरगिज नहीं थी। लेकिन एक सच्चाई है जिसे स्वीकारना होगा कि मध्य प्रदेश में जिस शिवराज सिंह को लेकर शुरूआत में एक तरह से ऊहापोह की स्थिति बनी और कई तरह के संदेश फैलाये गये, उसे शिवराज ने अपने जादू से ऐसा धोया कि आज वो एक बार फिर अजेय बनकर भाजपा के सबसे अहम चेहरा बन गये। समूचे मध्य प्रदेश में अपराधियों खासकर महिलाओं, आदिवासियों और दलितों के उत्पीड़न करने वालों को तुरंत सजा देने का बुलडोजर वाला तरीका भी लोगों को खूब भाया। प्रदेश में मामा बनकर उन्होंने आम और खास सभी से जो कनेक्ट किया उसका नतीजा आज सामने है।

बेशक लाड़ली बहना योजना ने मध्य प्रदेश में एक अंडर करंट पैदा किया जिसे समूचा विपक्ष भी नहीं समझ पाया। अस्तित्व में आने के बाद से प्रदेश के अब तक के सारे के सारे मुख्यमंत्रियों से अलग उनकी मेहनतकश छवि और हर दौरे ने उन्हें मजबूत किया जिसे कोई भांप नहीं पाया। यह भी सही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता मध्य प्रदेश में भाजपा के लिए बड़ा टॉनिक साबित हुई। लेकिन इस बात को स्वीकारना ही पड़ेगा यदि मोदी मध्य प्रदेश के इस चुनाव में भाजपा के लिए खरा सोना रहे तो शिवराज सुहागा से कम नहीं रहे।

निश्चित रूप से भाजपा छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की आपसी कलह और संगठन में बिखराव व दुराव का भरपूर फायदा ले गई और नतीजे अप्रत्याशित आये। इसके साथ ही सांसदों और केन्द्रीय मंत्रियों को उतारने से भाजपा ने एक तीर से कई निशाने भी साधे। मध्य प्रदेश के नतीजों के बाद शिवराज सिंह का वह बयान बार-बार याद आता है जिसमें उन्होंने कहा था कि टाइगर अभी जिंदा है। लेकिन सच तो ये है कि टाइगर बहुत फुतीर्ला है। कहने की जरूरत नहीं कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह फिर मुख्यमंत्री के प्रबल दावेदार हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ में सम्मानजनक स्थिति के बाद फैसला केन्द्रीय नेतृत्व के हाथों होगा। कमोबेश यही स्थिति राजस्थान में होगी। वहां वसुन्धरा या कोई और का सवाल अभी कई दिनों तक रहेगा। एक अकेले तेलंगाना में कांग्रेस को मुख्यमंत्री तय करने में कैसी चुनौती आएगी नहीं पता लेकिन इतना तो है कि गिरे मनोबल से वहां इस बार पुरानी चूक नहीं दोहराई जायेगी।

ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने भी सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने के लिए कोशिश नहीं कीं। परन्तु सच्चाई यही है कि कांग्रेस संगठनात्मक तौर पर भाजपा के मुकाबले 19 नहीं बल्कि 8-10 ही रह गई है। बरसों पुराने कार्यकर्ता, नई टीम का अभाव, लोगों से जुड़ाव पर ध्यान नहीं देना, हर गांव, शहर के छोटे से छोटे कार्यकर्ता का भोपाल कनेक्ट दिखाना और प्रदेश के कई नेताओं के अनजान कस्बों में लगे होर्डिंग से कांग्रेस वैसा कनेक्ट नहीं कर पाई जो स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता नगर, वार्ड, बूथ और पन्ना प्रमुख कर सके। बस यही वह तमाम कारण थे जिस कारण कांग्रेस जनता से कनेक्ट नहीं कर पाई। उल्टा सरकार विरोधी लहर के जुमले के सहारे मनगढ़ंत और झूठे सपने देख बड़े-बड़े ख्वाब देखना तथा प्रदेश चुनाव संचालन को दिल्ली की टीम के हवाले करना भी कांग्रेस को इतना महंगा पड़ गया कि 2018 के आंकड़ों से भी पिछड़ गई और भाजपा 2003 जैसे सम्मानजनक स्थिति में पहुंच गई। लेकिन एक बात तो है कि हिन्दी पट्टी वाले राज्य जहां भाजपा पर भरोसा जताते हैं तो दक्षिण कांग्रेस व अन्य पर। ऐसे में देश में उत्तर-दक्षिण की नई बात जरूर होगी। फिलहाल इंडिया गठबंधन की 6 दिसंबर की बैठक पर निगाहें हैं। बहरहाल अभी इस गठबंधन का बिखराव का नतीजा सामने है। आगे बहुत कुछ और दिखेगा। किन-किन राज्यों में सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी ने किस-किस को कितना नुकसान पहुंचाया और किसकी जीत-हार का अंतर कम किया। किसको जीतने से रोका तथा किसने अनजाने या जानबूझकर भाजपा-कांग्रेस को जीत या हार दिलाई जैसी चचार्एं और डिबेट आगे बहुत दिखेंगे। बहरहाल अभी तो भाजपा ही सिवाय तेलंगाना के अजेय दिखती है और हिन्दी पट्टी में ऐसी जीत के बहुत बड़े मायने हैं। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**